हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 01.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 218 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### मुख्यमंत्री ने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर लाखों कर्मियों को दी बड़ी सौगात

## स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में उठाए जा रहे ठोस कदम : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर लाखों कर्मियों को एक बड़ी सौगात दी। झारखंड विधानसभा सभागार में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर राज्य कर्मियों को सेवा निवृत्ति के बाद भी आर्थिक संबल देने का काम किया है, उसी तरह राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से कर्मियों के समुचित इलाज का पूरा खर्च वहन की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के किसी भी श्रेणी के सरकारी कर्मियों को अपनी बीमारी के इलाज खर्च के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे इलाज का खर्च सरकार उठाएगी।



#### जीवन शैली में बदलाव की वजह से बढ़ रही है स्वास्थ्य समस्याएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जीवन शैली और कार्य प्रणाली में बदलाव की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही है। । रहन-सहन और खान -पान में जिस तरह से बदलाव हो रहा है, उसने कमोबेश हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी से ग्रसित कर दिया है। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां आम हो चुकी है तो कई गंभीर बीमारियां भी लोगों को अपनी चपेट में तेजी से लेती जा रही है। अस्पतालों का इलाज काफी महंगा हो चुका है । जैसे अस्पताल और डॉक्टर होंगे, वैसा ही इलाज का खर्च भी होगा। ऐसे में लोगों को अपनी बीमारी के इलाज के क्रम में आर्थिक मोर्चे पर काफी परेशानियां होती है। इस वजह से हमारी सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की मुहिम में जुटी है, ताकि लोगों को कम से कम खर्चे में बेहतर से बेहतर उपचार की सुविधा मिल सके।

#### सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था कर रहे हैं मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक पिछड़ा और गरीब राज्य है । यहां कई चुनौतियां हमारे सामने खड़ी है। संसाधनों की कमी है। लेकिन, इन सब के बाद भी सरकार का प्रयास है कि यहां की विभिन्न समस्याओं को जड़ से समाप्त कर सके। इसी कड़ी में सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने का काम तेज गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंधन के जरिए इस बीमारी पर जीत हासिल की, उसे पूरी दुनिया ने सराहा।

#### सभी को एक नजरिए से देखती है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी को एक नजरिए से देखती है। चाहे किसान हो या मजदूर या कोई और वर्ग तथा तबका, सभी के साथ सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है । उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए संकल्पित होकर काम करने की आज आवश्यकता है और हमारी सरकार इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है।

#### 1 मार्च 2025 से लागू हो रही है योजना

विदित हो कि राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना 1 मार्च 2025 से लागू हो रही है । पहले चरण में इस योजना का लाभ कार्यरत सभी राज्य कर्मियों को मिलने जा रहा है। जबकी अन्य श्रेणी के कर्मियों के लिए यह योजना 1 मई 2025 से लागू होगी। इस योजना का लाभ राज्य के सभी सेवाओं के कर्मी, विधानसभा सदस्य, सेवानिवृत कर्मी, पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ता एवं उनके आश्रित, राज्य विधानसभा के पूर्व सदस्य, अखिल भारतीय सेवाओं के इच्छुक सेवारत/ सेवानिवृत्त पदाधिकारी, राज्य सरकार के विभिन्न बोर्ड ,निगम, संस्थान, संस्था में कार्यरत /सेवानिवृत्त नियमित कर्मी, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के कार्यरत/ सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी तथा निबंधित अधिवक्ताओं को मिलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पैनल में शामिल देश के किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपये तक का कैशलेश इलाज लाभुक करा सकेंगे। गंभीर बीमारियों की स्थिति में 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन भी किया जाएगा। अगर इलाज में और भी खर्च हो तो कॉरपस फंड से वह उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, विशेष परिस्थितियों में लाभुकों को एयर एंबुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री संजय प्रसाद यादव समेत कई अन्य मंत्री एवं विधायक गण, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह तथा कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने 28945 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सौंपा टैबलेट

## गरीब व होनहार बच्चों को प्रोत्साहित कर रही है सरकार : हेमन्त सोरेन

- प्राथमिक विद्यालयों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने की दिशा में आज लिखा गया एक नया अध्याय।
- बच्चों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे, तभी आगे बढ़ सकेंगे।



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आज जमाना डिजिटल हो चुका है। कोई भी ऐसा सेक्टर नहीं बचा है जो डिजिटलाजेशन से अछूता हो। डिजिटल सेवाओं में भी तेजी से बदलाव हो रहा है। हर दिन-डिजिटल सेवाएं अपग्रेड हो रही है। ऐसे में आप चाहे या ना चाहे, डिजिटल प्लेटफार्म से अपने को अलग नहीं रह सकते हैं। ऐसे में बेहतर है कि वक्त के अनुरूप आप अपने और आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं। जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे, तभी आगे बढ़ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को झारखंड मुख्यालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा आयोजित समारोह में 28945 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के बीच टैबलेट वितरण कार्यक्रम को संबोधित ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने गुणवत्तायुक्त शिक्षा संवर्धन हेतु विद्यालय रिपोर्ट कार्ड एवं शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य समेकित- सतत क्षमता विकास कार्यक्रम का भी ऑनलाइन शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध करने के साथ एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। इससे स्कूलों में उपस्थिति से लेकर सभी रिपोर्टिंग कार्य डिजिटल माध्यम से होंगे. वहीं, टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग आसान हो जाएगी और उसके आधार पर शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था का व्यापक पैमाने पर डिजिटाइजेशन हो चुका है। स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज चल रहे हैं। डिजिटल शैक्षिक सामग्रियों का इस्तेमाल हो रहा है। ऑनलाइन कोचिंग क्लासेज चल रहे हैं । ऐसे में अगर हमारे बच्चे अगर डिजिटल फ्रेंडली नहीं होंगे तो उनके आगे की राह आसान नहीं होगी। उन्हें हर कदम पर कई चुनौतियां एवं परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने तथा डिजिटल रूप से उन्हें मजबूत करने करने के अभियान में जुट गई है। बच्चों का समग्र विकास हमारी सरकार प्रतिबद्धता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक में आज तेजी से बदलाव हो रहा है। आपकी मुट्ठी में मोबाइल है और उस मोबाइल में सारी दुनिया सिमट गई है। अब आपको ना को पर्स लेकर चलने की जरूरत है और ना ही कैश। आप अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ तमाम जानकारियां हासिल कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हर चीज की सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होते हैं। मोबाइल फोन भी इससे अच्छा नहीं है, लेकिन यह आप पर निर्भर करता है कि इसका इस्तेमाल किस रूप में करते हैं। अगर आप इसका सदुपयोग करेंगे तो निश्चित रूप से उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। बच्चों से कहा कि वे इस डिजिटल जमाने में कहां खड़े हैं और दुनिया कहां पहुंच चुकी है उसका आकलन करते हुए आगे बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के होनहार बच्चों को विभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आगे बढ़ सकें। आज जैक के साथ सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉपर्स को प्रोत्साहन राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दिया जा रहा है वहीं, राज्य सरकार अपने खर्चे पर यहां के गरीब और होनहार विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ने का मौका दे रही है।

### एक नजर

#### झांसी में भीषण सड़क हादसा, गुजरात के 4 लोगों की मौत

**झांसी** : उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के चिरगांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल है। टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कार के दरवाजे तोड़कर मृतकों व घायलों को निकाला जा सका। ये लोग गुजरात के रहने वाले थे। ये सभी श्रद्धालु महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद अयोध्या से रामलला के दर्शन कर गुजरात लौट रहे थे। झांसी-कानपुर हाइवे पर सुल्तानपुरा मोड़ फ्लाईओवर के ऊपर शुक्रवार को एक ट्रक में तेज गति कार पीछे से जा घुसी। इस भीषण टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। किसी तरह घायलों को कार से निकालकर मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर हीरा कंपनी के कर्मचारी जगदीश भाई (50), उनकी पत्नी कैलाश बेन (48), उनके साले विपिन भाई (54) और सरजह भावना बेन (51) मौत हो गई जबकि बेटी मिली (20) की हालत नाजुक बनी है। मृतक जगदीश के मित्र भरत ने बताया कि हीरा कंपनी के कर्मचारी जगदीश भाई गुजरात के सूरत के रहने वाले थे। बीती 22 फरवरी को जगदीश अपनी पत्नी कैलाश बेन, बेटी मिली, साले विपिन और विपिन की पत्नी भावना बेन के साथ महाकुंभ गए थे। वहां से अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन किए। गुरुवार को सभी लोग कार से सूरत के लिए रवाना हुए थे। आज सुबह सभी लोग झांसी में चिरगांव थाना खेत्र के सेमरी टोल प्लाजा के पास एक ढाबा पर रुके और चाय पी। इसके बाद वे रवाना हो गए।

## 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के 455 करोड़ गायब, जवाब दे सरकार : खरगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार की महत्वपूर्ण 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के 455 करोड रुपए गायब हो गए हैं और सरकार को इस बारे में देश की बेटियों को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सूचना के अधिकार आरटीआई के तहत हुए इस खुलासे पता चलता है कि मोदी सरकार 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना को लेकर कितना गंभीर है। इससे साबित होता है कि सरकार सिर्फ लुभावने नारे देती है और हकीकत उसके विपरीत होती है। श्री खरगे ने कहा, आरटीआई से खुलासा हुआ है कि मोदी सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना में 455 करोड़ रुपए 'गायब' हो गए हैं।



उन्होंने कहा, 'बहुत हुआ नारी पर वार' वाले भाजपाई विज्ञापन की गूंज पिछले 10 वर्षों से उन सभी महिलाओं की चीखों का उपहास उड़ा रही हैं जो भाजपा राज में और कभी- कभी भाजपा के गुंडों द्वारा प्रताड़ित हुईं हैं।

## विस ने पारित किया 5,508 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद 5,508 करोड़ रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया।



वित्तमंत्री राधाकृष्णी किशोर ने कटौती प्रस्ताव को लेकर कहा कि उन्हें आशा थी की अनुपूरक बजट पर विपक्षी सदस्यों की ओर से सरकार को सुझाव दिया जाएगा, लेकिन विपक्ष ने वित्तीय मामलों पर कम बल्कि राजनीतिक मुद्दे ज्यादा उठाए। विपक्ष की यह बात सही नहीं है कि सदन में मूल बजट आना है तो बीच में अनुपूरक बजट की क्या जरूरत है।


हाल ही में केंद्र सरकार ने झारखंड को बकाया 1112 करोड़ रुपये दिए हैं तो क्या इस राशि का उपयोग अनुपूरक के जरिए विकास कार्यों में न हो। वित्त मंत्री ने कहा कि हर पांचवां वर्ष चुनाव का होता है, जिसका असर राज्यों के खर्च और इसके राजस्व पर पड़ता है। हमारी सरकार की सोच है कि ऐसे विभागों के पैसे को उन विभागों को दे दिया जाए जिन विभागों में अधिक खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने जदयू सदस्य सरयू राय की ओर से उठाए गए मुद्दों पर कहा कि यदि सदन के बगैर अनुमति के राशि का आवंटन नहीं किया जाता है। यदि ऐसी बात होगी तो इसकी जांच कराई जाएगी। मालूम हो कि सरयू राय ने सदन की बगैर अनुमति के राशि आवंटित करने की बात कही थी और कहा था कि वित्तम मंत्री को सरकार के बही-खातों को दुरुस्त करना चाहिए।

## उत्तराखंड के माणा क्षेत्र में हुए हिमस्खलन में फंसे 32 श्रमिकों का हुआ रेस्क्यू , 25 की तलाश जारी

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी लगातार ले रहे अपडेट

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड के चमोली जिले के बदरीनाथ से करीब 6 किमी दूर माणा क्षेत्र में हुए भारी हिमस्खलन में फंसे 32 श्रमिकों का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है जबकि 25 श्रमिकों की तलाश अभी भी जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी लगातार घटना पर नजर रखे हुए हैं। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रेस्क्यू अभियान की सीधी निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि एमआई-17 से रेस्क्यू के लिए वायु सेना को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सभी श्रमिकों को सुरक्षित निकालना सरकार की प्राथमिकता है।



मुख्यमंत्री धामी ने जानकारी दी कि मौसम खराब होने और विजीबिलिटी कम होने के कारण हेलीकॉप्टर के जरिए राहत और बचाव कार्यों में बाधा आ रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना आर आईटीबीपी के 65 जवान घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्यों में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि स्नो एक्सपर्ट्स की भी मदद ली जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुल 57 श्रमिकों में से अब तक 32 का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है और शेष 25 की तलाश के लिए युद्धस्तर राहत और बचाव कार्य किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि चमोली जिले के सीमावर्ती माणा गांव के समीप सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कराये जा रहे निर्माण कार्य के दौरान भारी हिमस्खलन के कारण ठेकेदार के 57 श्रमिक दब गए थे।

इस संबंध में मुख्यमंत्री ने आपदा कंट्रोल रूम में अधिकारियों की बैठक भी ली। इस दौरान जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से राहत और बचाव कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव मुख्यमंत्री शैलश बगौली, आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल व अन्य अधिकारियों के साथ श्रमिकों के सुरक्षित रेस्क्यू की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में यूएसडीएमए के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी-क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, वित्त नियंत्रक अभिषेक आनन्द, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद ओबैदुल्लाह अंसारी, यूएलएमएमसी के निदेशक शांतनु सरकार आदि मौजूद थे। एनडीआरएफ की चार टीमें भी राहत और बचाव कार्यों के लिए रवाना कर दी गई हैं। ये चार टीमें रुद्रप्रयाग, हरिद्वार और देहरादून से रवाना की गई हैं। आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि एसडीआरएफ के जवान रवाना कर दिए गए हैं। इसके साथ ही ड्रोन की एक टीम तैयार की है, जिससे वहां के हालात की जानकारी मिल सके और उनकी लोकेशन की जानकारी मिल सके। जिला प्रशासन के स्तर से आपदा प्रबन्धन विभाग के ड्रोन के साथ ही निजी ड्रोन की सेवाएं ली जा रही हैं।

## छत्तीसगढ़ में 32 लाख के सात हार्डकोर इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



एजेंसी

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पीएलजीए बटालियन नंबर 01 में सक्रिय एक नक्सली दम्पति सहित सात हार्डकोर 32 लाख के इनामी नक्सलियों ने शुक्रवार को सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। इनमें 2 पुरुष एवं 01 महिला नक्सली पर 08-08 लाख, 01 महिला एवं 03 पुरुष पर 02 लाख, कुल 32 लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल सुकमा टीम, थाना दोरापाल एवं सीआरपीएफ 131, 241 वाहिनी की अहम भूमिका रही। आत्मसमर्पित नक्सलियों में से एक नक्सल दंपति महिला रव्वा मूके उर्फ भीमे और पुरुष हेमला हिड़मा ने नक्सल संगठन में सक्रिय रहकर एक-दूसरे से प्रेम-प्रसंग होने पर विवाह किया था। छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति' और सुकमा पुलिस के चलाये जा रहे 'नियद नेल्ला नार' योजना से प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सली हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय दो महिला सहित सात नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## एक नजर

### दनुवा में ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**चौपारण** : दनुवा घाटी में गुरुवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटने से चालक 28 वर्षीय राजकुमार यादव, पिता योगेश्वर यादव ग्राम पिपराही गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रैक्टर बालू खाली कर वापस लौट रहा था और पुनः लोडिंग के लिए तेजी से घाटी में प्रवेश कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर की गति अधिक थी, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर घाटी में पलट गया। दुर्घटना में चालक बुरी तरह जख्मी हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल चालक को चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे हजारीबाग सदर रेफर कर दिया गया। बताते चले दनुआ घाटी क्षेत्र में तीव्र मोड़ और ढलान होने के कारण वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक माना जाता है। आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण इस तरह की घटनाएं बार-बार घटित हो रही हैं।

### बड़कागांव में नौ दिवसीय यज्ञ का हुआ समापन

**बड़कागांव** : बड़कागांव पूर्वी पंचायत अंतर्गत बधरिया में हो रहे वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव शक्ति हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा श्री रुद्रा महायज्ञ का समापन शुक्रवार को वैदिक हवन के साथ किया गया। इस हवन में बड़कागांव के कई प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। यज्ञ विसर्जन के उपरांत यज्ञ समिति की ओर से नौ कन्याओं और भैरव बाबा का पूजन किया गया। नौ कन्याओं को उपहार स्वरूप वस्त्र एवं कॉपी- कलम भेंट किए गए। साथ ही भोजन कराया गया। उसके बाद संध्या में महाभंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद स्वरूप भंडारे का आनंद लिया। यज्ञ एवं महाभंडारा को सफल बनाने में मुख्य रूप से संरक्षक विवेक कुमार सोनी, अध्यक्ष सुरेंद्र कु साव, सचिव चोहन साव, कोषाध्यक्ष मुकेश कु साव, उमेश कुमार, बसंत साव, जगरनाथ साव, दीपक कु साव, महेंद्र साव, रामा साव, कृष्णा साव, रामदास कुमार, आदित्य कुमार, दुलारचंद राम, तिलेश्वर साव, मनोज साव, रंजीत साव, सुनील राम, रोहित कुमार, देवा कुमार, अजय कुमार, अमित सोनी, दीपू सोनी, आनन्द राणा, अजय राही इत्यादि शामिल थें।

### ब्लू बर्ड्स क्लब ने मटवारी फुटबॉल क्लब को 2-1 से हराया

**हजारीबाग** : जिला फुटबॉल रेफरी एवं पुराने फुटबॉल खिलाड़ियों की देखरेख में प्रथम स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन गांधी मैदान मटवारी में किया जा रहा है दूसरे सेमीफाइनल में खेले गए मैच में ब्लू बर्ड्स क्लब खुटरा कटकमसांडी ने मटवारी फुटबॉल क्लब को संघर्षपूर्ण मुकाबले में दो एक से हराकर फाइनल में प्रवेश किया इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच दिनांक 1 मार्च को 3:00 बजे से गांधी मैदान में होगा फाइनल मैच ब्लू बर्ड्स क्लब एवं यूनियन स्पोर्टिंग क्लब जिनगा के बीच होगा दूसरे सेमीफाइनल मैच के दौरान में हजारीबाग के पुराने फुटबॉल खिलाड़ी अशोक भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर नजरुल हसन भैया मुरारी सरफराज अहमद लाल किशोर प्रसाद बहादुर राम एवं रेफरी में अशोक कुमार राजेंद्र कुमार एवं दिलीप राम थे उपयुक्त जानकारी देते हुए भैया मुरारी ने बताया कि प्रथम बद्रीनाथ गोस्वामी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद होंगे।

# 20 साल में रिंग रोड पूरा नहीं हुआ, जनता परेशान और सरकार मौन : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग रिंग रोड निर्माण कार्य में हो रही अनावश्यक देरी और भ्रष्टाचार पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इस गंभीर समस्या को झारखंड विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाते हुए सरकार से मांग की इस परियोजना को शीघ्र पूरा कराया जाए और इसके विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। विधायक ने कहा कि हजारीबाग शहर में यातायात को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वर्ष 2004 में नगवां टोल प्लाजा से मासीपीढ़ी तक रिंग रोड निर्माण की योजना बनाई गई थी। इस परियोजना की शुरूआती लागत 52 करोड़ रुपये थी, लेकिन धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर 700 करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया गया। इसके बावजूद 20 वर्षों में भी यह सड़क पूरी नहीं हो सकी। विधायक ने कहा कि रिंग रोड का कार्य अधूरा रहने के कारण हजारीबाग शहर में यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर में वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन रिंग रोड अधूरा रहने के कारण भारी वाहनों को शहर के अंदर से ही गुजरना पड़ रहा है। इससे रोजाना जाम की समस्या विकराल होती जा रही है, और सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि इस देरी से न केवल जनता को असुविधा हो रही है, बल्कि सरकारी धन का दुरुपयोग भी हो रहा है। लागत बढ़ाने के बावजूद अब तक सड़क का पूरा निर्माण न होना यह दशार्ता है कि सरकार की ओर से इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और रिंग रोड निर्माण कार्य को प्राथमिकता देकर पूरा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस देरी के पीछे जो भी अधिकारी, ठेकेदार या एजेंसियां जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार जल्द से जल्द इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती है, तो वे जनता के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। विधायक ने कहा कि आम जनता की सुविधाओं से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने कहा कि जनता की आवाज को सदन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। वह आगे भी हजारीबाग के विकास कार्यों को लेकर सरकार से जवाब मांगते रहेंगे और जनता को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्षरत रहेंगे।न्होंने हजारीबाग की जनता से अपील की कि वे इस मुद्दे पर एकजुट रहें और सरकार पर दबाव बनाए रखें, ताकि वर्षों से अधूरा पड़ा यह महत्वपूर्ण परियोजना जल्द से जल्द पूरी हो सके।

## 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मीडिया वर्कशॉप का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : जिला स्वास्थ्य समिति हजारीबाग के तत्वाधान में शुक्रवार को सिविल सर्जन सभागार में 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मीडिया वर्कशॉप के माध्यम से जिले के पत्रकारों को टीबी मुक्त भारत अभियान में उनके दायित्व एवं कर्तव्यों से उन्हें अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम चलाकर भारत को टीबी मुक्त करना चाहती है। इसी उद्देश्य के तहत झारखंड के चार जिले में 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम चलाई जा रही है। जिले में यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नए मरीजों को चिन्हित करते हुए उनका ईलाज किया जा रहा है। टीबी मुक्त भारत अभियान को पूर्ण करने में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए मीडिया का सहयोग जरुरी है। मीडिया को अपने अखबारों व चैनलों में टीबी की बीमारी से संबंधित सामाग्रियों, जागरूकता कार्यक्रमों, टीबी का लक्षण, उपचार आदि का प्रचार प्रसार करके अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने टीबी के लक्षणों के बारे में बताया कि अधिक पसीना आना, भूख न लगना, बुखार, वजन घटना, खांशी होना, खांशी में बलगम के साथ खून आना, छाती में दर्द ,सांस आने में दिक्कत, जल्दी थक जाना आदि टीबी के लक्षण हैं। लंबे समय तक यदि यह सभी लक्षण दिखाई देते हैं तो जांच करानी चाहिए। यदि सही समय रहते इसकी जांच कर ली जाए तो इससे पूर्णतया बचा जा सकता है। जिनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता ठीक रहती है उनमें टीबी होने की गुंजाईश कम रहती है। इसलिए दवाइयों के साथ-साथ अच्छे खान-पान का होना बेहद जरूरी है। टीबी एक संक्रामक रोग है।

## विस में विधायक ने उठाय सड़क दुर्घटना का मामला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव बानादाग केरेडारी टंडवा पथ में सड़क दुर्घटना में हो रहे ग्रामीणों की मौत को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को विधानसभा में सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सवाल करते हुए कहा कि बड़कागांव केरेडारी टंडवा पथ में ओवरलोडेड भारी वाहन से बीते 23 फरवरी को बीगन महतो और 24 फरवरी को अश्वनी मिश्रा का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया था। सूचना देने के बावजूद भी प्रशासन की अमानवीय और संवेदनहीनता के कारण बीगन महतो का शव 36 घंटे तक और अश्वनी मिश्रा का शव 20 घंटे तक तथा गत माह सरैयाटांड़ में मृतक का शव तीन दिन तक सड़क में पड़ा रहा जो काफी दुखद बात है। इस पथ में हर 10 दिन में दुर्घटना से लोगों का मौत हो रहा है। इसके अलावा झारखंड में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मिलने वाला मुआवजा राशि भी बहुत कम है जबकि राजस्थान जैसे राज्य में सरकार सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को 10 लाख मुआवजा देती है। और हमारे यहां बहुत ही काम दिया जाता है हम सदन के माध्यम से मांग करते हैं की झारखंड में भी सरकार सड़क दुर्घटना के मृतक के आश्रितों को 10 लाख रुपए की मुआवजा देने का काम करें। इसके साथ-साथ बड़कागांव पकरी बरवाडीह, केरेडारी से बनादाग के बीच में अलग से फोरलेन बाईपास या ट्रांसपोर्टिंग सड़क अलग से निर्माण कराया जाए ताकि लगातार इस सड़क दुर्घटना में लोगों के हो रहे मौत को रोका जा सके। और लोगों को आने-जाने में भी सुविधा हो।

## रामलखन पासवान की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय सभागार में आयुक्त कार्यालय के अनुसेवक रामलखन पासवान के सेवानिवृत्त होने पर एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुक्त पवन कुमार ने पासवान के 36 वर्षों की सेवा को सराहा और उनके समर्पण व कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता। इनका धैर्य एवं अनुशासन सबके लिए प्रेरणादायक रहा है। विदाई समारोह में पासवान के योगदान पर प्रकाश डालते हुए पवन कुमार ने कहा कि पासवान ने अपनी कार्यावधि के दौरान अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया। इनकी सौम्यता सबों को सीखनी चाहिए। इस समारोह में पासवान के सेवानिवृत्ति पर उन्हें पुष्पगुक्ष एवं सॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। आयुक्त ने उनके आगे की जीवन काल के लिए मंगलमयता की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर पेंशन, बीमा, सामान्य भविष्य निधि एवं उपार्जित अवकाश की निकासी की स्वीकृति प्रदान की गई।

## एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, ढेंगा, बड़कागांव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस - 2025 का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ।इस वर्ष का थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एनटीपीसी पीबीसीएमपी के प्रमुख फैज तैयब द्वारा किया गया, जबकि सीएसआर के वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजाक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट तिथि को स्वागत किया।कार्यक्रम की शुरूआत में महान वैज्ञानिक सर सी. वी. रमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया, जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम में तकनीकी प्रदर्शनी और पहेली समाधान प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहे।इस दौरान 60 से अधिक तकनीकी मॉडल और परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। जिसमें आईटीआई प्रशिक्षुओं द्वारा सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रस्तुतियाँ भी शामिल थी। इसके अलावा, 20 विभिन्न स्टॉलों पर स्कूली छात्रों के बीच पहेली समाधान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस विज्ञान उत्सव में विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज के कौटिल्य वोमेंस कॉलेज बड़कागांव, संगम पब्लिक स्कूल, गर्ल्स मेमोरियल स्कूल बड़कागांव, जीडीएम गर्ल्स हाई स्कूल बड़कागांव, सरगम इंटर मेमोरियल स्कूल बड़कागांव, बीएम मेमोरियल स्कूल बड़कागांव, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बड़कागांव के छात्रों, विज्ञान संकाय के शिक्षकों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# सेवा हमारी परंपरा रही है और जनहित में सेवा और विकास ही रहेगी प्राथमिकता : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल अपने बढ़ते कदम और दायरे के साथ अपने सेवा कार्यों का भी विस्तार लगातार संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कर रहें हैं। निरंतर क्षेत्र दौरा कर जहां विभिन्न क्षेत्रों की जनसमस्याओं से रूबरू हो रहें हैं वहीं जनहित में समस्याओं के निदान को लेकर भी सजग हैं। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अपने सेवा विस्तार और आगामी जनहित के कार्यों को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सांसद सेवा कार्यालय, हजारीबाग के सभागार में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों की एक बैठक आहूत की। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने संयुक्त रूप से किया । इस अति कामकाजी और महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सेवा और विकास के कार्यों के विस्तार में भाजपा के कार्यकताओं का अहम भूमिका बताते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और उनसे सहयोग कर जनहित के कल्याणकारी योजनाओं को समाज के जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करने का आग्रह किया। सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित सभी बीजेपी कार्यकताओं को बीते दिनों हजारीबाग की धरती पर उनके द्वारा आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के माध्यम से 101 जरूरतमंद जोड़ों के सामूहिक विवाह को संपन्न कराने में अपार सहयोग के धन्यवाद दिया और इस आयोजन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्ण बनाने के लिए बधाई दिया।

तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने अपने आगामी गतिविधियों और जनहित के सेवा कार्यों के बाबत विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इन कार्यों में अपनी महत्ती भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सहयोग करने का अपील किया। आने वाले दिव्यांग और वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क उपकरण/ पंजीकरण शिविर के लिए प्रचारित करने, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के जरूरतमंद बहन- बेटियों तक लहंगा पहुंचाने और आने वाले रामनवमी में लोकसभा क्षेत्र के सभी अखाड़ों तक पारंपरिक अस्त्र- शस्त्र प्रदर्शन कला-कौशल को जीवंतता प्रदान करने हेतु लाठी और तलवार भेंट करने के लिए क्लबों का नाम उपलब्ध कराएं। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सेवा हमारी परंपरा रही है और जनहित में सेवा और विकास ही प्राथमिकता रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार में स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का किया गया वितरण




**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार में वर्ग पहली एवं दूसरी कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच शुक्रवार को उप मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र साव उर्फ बोल बम साव एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साव, प्रधानाध्यापक अर्जुन राम ने संयुक्त रूप से स्कूली छात्रों के बीच स्कूल ड्रेस ,जूता मौजा एवं अन्य सामग्री का वितरण किया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, शिक्षको एवं सदस्यों ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को समय पर रोज स्कूल भेजें। मौके पर शिक्षक तुलेश्वर कुमार, बिरेंद्र कुमार, विमल प्रसाद, भोलानाथ कुशवाहा, आलोमनी एक्का, प्रभात कुमार, संयोजिका रिंकी देवी, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### शिक्षक के घर चोरी करने वाला दो चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा



**सिमडेगा** : सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर निवासी शिक्षक अली इमाम के घर पर चोरी करने वाला दो चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा। मामले में संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता करते हुए एसडीपीओ बैजू उरांव और डीएसपी हेड क्वार्टर रणवीर सिंह ने बताया कि शिक्षक अली इमाम विगत 22 फरवरी को किसी काम से सपरिवार रांची गए थे इसी क्रम 24 फरवरी की अगले सुबह चोरों ने इसके घर में ताला तोड़कर हाथ साफ कर दिया। 24 फरवरी की दोपहर जब रांची से अली इमाम अपने घर पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। मामला प्रकाश में आने के बाद एसडीपीओ और डीएसपी हेड क्वार्टर के नेतृत्व में एक टीम गठित करते हुए अनुसंधान शुरू किए। तब इस घटना में शामिल चोर मोहम्मद एहसान और एक निरुद्ध बालक को हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस को इनके पास से चोरी के सामान सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और ताला तोड़ने का हथियार मिला है। इस चोरी के बाकी समान और इन चोरों के साथी को पुलिस जल्द गिरफ्तार करेगी।

### विज्ञान मेला का हुआ आयोजन



**सिमडेगा**: राजकीय मध्य विद्यालय ठाकुर टोली सिमडेगा में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से पूजा कुमारी के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के बारे में बताया गया। चंद्रशेखर वेंकट रमन के बारे में बताया गया। विज्ञान मेला में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट बना कर प्रदर्शित किया गया। जिसमें जिद्दी गुड़िया, मनचाही बरसात, किल का संतुलन, जल चक्र, ज्वालामुखी, सीडी जर्मिनेशन बीजों का अंकुरण एवं पोषण, पानी का फिल्टर दूषित जल का रोकथाम, पानी का घनत्व, पंछी पिंजरे में आदि प्रोजेक्ट शामिल थे। शिक्षकों के द्वारा उनका मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य वीणा कुमारीख, शिक्षिका राखी प्रधान, नीरा कुमारी, प्रफुला बा आदि उपस्थित थे।

### मारपीट के आरोपी अंकित पटेल को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हजारीबाग** : शहर में गुरुवार को हुई मारपीट की घटना के मुख्य आरोपी अंकित पटेल को सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना लेपो रोड क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां सुबह मोहम्मद खालिद पर हमला किया गया था। इस घटना के बाद पीड़ित ने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस ने सदर थाना कांड संख्या 61/25 दिनांक 27/02/25 के तहत धारा 303 (6) बी एन एस के तहत मामला दर्ज किया और तुरंत आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने अंकित को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### विश्वविद्यालय आपको कभी नहीं भूलेगा : कुलपति

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शुक्रवार शाम को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार मंडल, परीक्षा विभाग में सहायक मनोज धान एवं भौतिकी विभाग में सहायक प्रभात कुमार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने शॉल उढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह और पौधा भेंट कर उनका अभिवादन किया। अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने कहा कि यह तीनों साथी अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान थे। इन्होंने कर्तव्य का पालन मुस्तैदी से किया। यह लोग सौभाग्यशाली है कि बिना दाग के सेवा को पूर्ण किया। अब यह चिंता और चाहत से परे शहंशाह की श्रेणी में आ चुके हैं। उन्होंने आगे कहा मैं आप सबकी स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं। आप सदैव विश्वविद्यालय को मन में रखें, भूले नहीं। यह विश्वविद्यालय आपको कभी नहीं भूलेगा। कुलपति ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि विश्वविद्यालय मे इनका कोई लंबित काम रुके नहीं। अपना विचार व्यक्त करते हुए डॉ अशोक कुमार मंडल ने कहा कि उन्होंने 105 रुपया वेतन पर सेवा प्रारंभ की थी। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इतिहास विभाग के अध्यक्ष के अपने कार्यकाल को याद किया। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा नहीं होता है। ज्ञात हो की डॉ अशोक कुमार मंडल चाहते तो विभागाध्यक्ष के रूप में अवकाश प्राप्त करते। लेकिन उन्होंने पद प्राप्त करने से इनकार करते हुए विद्यार्थियों के साथ अपने अंतिम के महीना को बिताना श्रेयस्कर समझा। मनोज कुमार धन ने बताया कि वह स्थापना कल से ही इस विश्वविद्यालय की सेवा में है। सब दिन परीक्षा विभाग में ही रहे। उन्होंने अपने कार्य पर संतोष व्यक्त किया की परीक्षा विभाग जैसे कठिन विभाग में कार्य करने के बावजूद आज वह बेदाग अवकाश प्राप्त कर रहे हैं। अपने संबोधन में प्रभात कुमार ने बताया की उनका सिर्फ अपने कार्यों से मतलब रहा। समय पर विभाग पहुंचना और अपने विभागीय कार्यों का निष्पादन करना उनकी पहचान सी बन गई थी।

## एक नजर

### दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने एसीएम पद की परीक्षा तिथि की घोषित

रांची : दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने असिस्टेंट कमर्शियल मैनेजर (एसीएम) पद के लिए परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा चार और 18 मई को सीबीटी मोड में आयोजित होगी। इसमें कार्यरत रेल कर्मचारियों को अवसर दिया जाएगा। परीक्षा में सीसीआई सहित अन्य रेल कर्मचारियों को 70 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल के असिस्टेंट पर्सनल अफसर मो. इबरार ने शुक्रवार को आधिकारिक पत्र जारी किया है।

### संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

रांची : रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड-1 में शुक्रवार को सुमित वर्मा उर्फ टकला का संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने शव बरामद किया है। उसका शव रस्सी के सहारे कमरे में लटक रहा था। शुक्रवार की सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो मामले की जानकारी सुखदेवनगर पुलिस को दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुमित वर्मा की हत्या हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### कोतवाली थाना के एसआई को एसीबी ने 5 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

रांची : एसीबी ने रांची के कोतवाली थाना के एक दारोगा को पांच हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है। दारोगा एक व्यक्ति को मोबाइल थाना से छुड़ाने के नाम पर घूस मांग रहा था। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार आर्म्स एक्ट के एक आरोपी को कोतवाली थाना के द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान आरोपी का एक महंगा मोबाइल फोन भी थाना के द्वारा जब्त किया गया था। इस केस का आईओ ऋषिकांत ही था। मोबाइल को थाना से छोड़ने के लिए दारोगा ऋषिकांत पीड़ित से पांच हजार रुपये मांग रहे थे। जिसके बाद आरोपी के भाई ने एसीबी से संपर्क किया। पीड़ित के द्वारा पैसा मांगे जाने की लिखित शिकायत एसीबी में की गयी। जिसके बाद एसीबी ने मामले की जांच की, जिसमें दारोगा के ऊपर लगे आरोपों को सही पाया गया। जिसके बाद एसीबी ने शिकायतकर्ता को अपने द्वारा दिए गए पैसे लेकर दारोगा ऋषिकांत के पास भेजा। इस बीच जैसे ही शिकायतकर्ता के द्वारा दारोगा को पांच हजार रुपये दिए गए। वहां पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने दारोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, महाप्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : क्रम सं., निविदा सं. एवं कार्य का विवरण निम्नानुसार है (1) बीआर-एचक्यू-केजीपी-24-25-31, (i) "खड़गपुर मंडल के एसएसई/बीआरएल/केजीपी के अधीन ड्रा. नं. आरडीएसओ/बी-11040 के अनुसार संपूर्ण बेयरिंग और बेड प्लेट सहित आरडीएसओ स्टैंडर्ड 20.4 मी. प्रतिबंधित ऊंचाई के गर्डरों का निर्माण और आपूर्ति।" (ii) "खड़गपुर मंडल के एसएसई/बीआरएल/केजीपी के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्टील गर्डर पुलों का मेटलाइजिंग कार्य अर्थात एसएसई/बीआर/केआईजी शाखा में 6 ब्रिज, एसएसई/बीआर/केजीपी-I शाखा में 15 ब्रिज और एसएसई/बीआर/केजीपी-II शाखा में 01 ब्रिज।" निविदा मूल्य: रु. 10,01,65,389.81, बयाना राशि: रु.6,50,800/-, (2) बीआर-एचक्यू-केजीपी-24-25-32, "निम्न पर साइड पाथवे (i) खड़गपुर मंडल के एसएसई/बीआरएल/केजीपी के अधीन एसएसई/ब्रिज/केजीपी-I के अधिकार क्षेत्र में ब्रिज नं. 26 एसएल (11X45.6 एमजी) और 154 एसएल (3X30.5 एमजी) तथा खड़गपुर-भद्रक शाखा में 336 अप (6X12.2 एमजी) एवं एसएसई/बीआर/केजीपी-II के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर-टाटानगर शाखा के ब्रिज नं. 69 अप (4X18.3 एमजी)। (ii) खड़गपुर मंडल के एसएसई/बीआरएल/केजीपी के तहत एसएसई/ब्रिज/केजीपी-II के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर-टाटानगर शाखा का ब्रिज नं. 53 अप (10X30.5 एमजी), तीसरी लाइन 53 (10X30.5 एमजी), 56 (1X30.5 एमजी), 66 (1X 30.5 एमजी), 69 (4X18.3 एमजी) और 94 (2X18.3 एमजी)} और एसएसई/ब्रिज/केजीपी-I के क्षेत्राधिकार में तमलुक-हल्दिया शाखा में 69 डाउन (2X18.3 एमजी+1X24.4 एमजी) और 69 अप (2X18.3 एमजी+1X24.4 एमजी) तथा एसएसई/बीआर/ केजीपी-II के क्षेत्राधिकार में खड़गपुर-टाटानगर शाखा में ब्रिज न. 53 अप (10X30.5 एमजी) के टॉप कॉर्ड कार्य का सुदृढ़ीकरण।" निविदा मूल्य: रु. 11,76,60,399.64, बयाना राशि: रु. 7,38,300/-, निविदा कागजात का मूल्य: शून्य प्रत्येक हेतु। निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 27.03.2025, 11.30 बजे प्रत्येक हेतु। समापन अवधि: 18 माह प्रत्येक हेतु। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। द्रष्टव्य: प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1183)

# विधानसभा में जमीन अधिग्रहण और मुआवजा को लेकर हुआ हंगामा, सत्ता-विपक्ष दोनों ने उठाए सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन जमीन अधिग्रहण से जुड़ा मुआवजा, एनओसी और म्यूटेशन में धांधली का मुद्दा गरमाया रहा। इस पर विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी सवाल उठाए।

विधायक नागेंद्र महतो ने सरकार से पूछा कि क्या वह गैर-मजरूआ जमीन पर किसानों से राजस्व लेकर उन्हें स्वामित्व का अधिकार देने पर विचार कर रही है? इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने जवाब दिया कि पूर्व की भाजपा सरकार ने अवैध जांच का आदेश दिया था, लेकिन अब 2018 से पूर्व की बंदोबस्ती वाली जमीन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्रक्रिया लागू होने के बाद खाता और प्लॉट नंबरों में बदलाव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मिलीभगत से पांच एकड़ की जमीन को पांच डिसमिल दिखाया जा रहा है और सीओ (अंचल अधिकारी) 25 से 50 हजार रुपये तक की घूस मांग रहे हैं। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी अंचल से ऐसी शिकायत मिलती है, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने भी भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दे को उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि विकास कार्यों के लिए भूमि देने वाले रैयतों के गैर-अधिग्रहित प्लॉट पर प्रतिबंध हटाया जाए, क्योंकि इस कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विधायक सुरेश पासवान ने देवघर का मामला उठाते हुए कहा कि वहां रसीद कटवाने पर अधिकारियों द्वारा सीबीआई जांच का हवाला दिया जा रहा है।विधायक राजेश कच्छप ने ज्यूडिशियल अकादमी से नगड़ी तक अधिग्रहित भूमि के मुआवजे का भुगतान अब तक न होने का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने स्पष्ट किया कि रैयती जमीन को प्रतिबंधित करने का कोई प्रावधान नहीं है। अगर कोई अधिकारी एनओसी देने में देरी करता है, तो 15 दिनों के भीतर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यदि सीओ (अंचल अधिकारी) सीबीआई जांच का बहाना बना रहे हैं, तो उन्हें भी शोकॉज किया जाएगा। स्पीकर ने निर्देश दिया कि यह आदेश राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को भेजा जाए।

### विस में स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा

रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधायक प्रदीप प्रसाद ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के निर्माण को लेकर सवाल उठाया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में जात-पात नहीं होना चाहिए और अस्पताल में किसी राजनीतिक दल का झंडा नहीं लगाया जाना चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि भाजपा का झंडा अस्पताल में लगा होगा, तो वह इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए वह सहयोग के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल बालू और मिट्टी का नहीं, बल्कि लोगों की जान का मामला है। स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि हजारीबाग सदर अस्पताल की ओपीडी सेवाएं सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित की जाएंगी। साथ ही, उन्होंने बताया कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग 2025 में पूरी हो जाएगी।

## ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर परिसर का होगा कायाकल्प, 2.9 करोड़ स्वीकृत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची के धुर्वा स्थित प्रभु जगन्नाथ मंदिर का अब कायाकल्प होगा। मंदिर परिसर का समग्र विकास सीएसआर से होना है। इस कार्य के लिए 2 करोड़ 9 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। रांची जिला प्रशासन के किए सीसीएल ने एमओयू भी कर किया है। बहुत जल्द यह कार्य शुरू हो जाएगा।

#### मंदिर परिसर में क्या-क्या होगा काम

मंदिर के समग्र विकास की दिशा में बाउंड्री वाल, पार्क निर्माण, वॉटर फाउंटेन, बच्चों के लिए खेलने की सुविधा, शौचालय, बागवानी, कियोस्क, गजीबो, पर्याप्त लाइटिंग, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सहित कई कार्य किए जाएंगे।

#### संजय सेठ ने की पहल

बताते चलें कि अगस्त 2024 में संजय सेठ ने सीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखकर जगन्नाथ मंदिर की आध्यात्मिकता और ऐतिहासिकता से अवगत कराया था। रक्षा राज्य मंत्री ने अपने पत्र में कहा था कि नागवंशी राजाओं के द्वारा स्थापित यह मंदिर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है।

## झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में निवेश जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), बाजार अवसंरचना संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज के प्रबंधक और बिहार-झारखंड के बिजनेस डेवलपमेंट प्रमुख सैमराज नायर ने छात्रों को शेयर बाजार, पूंजी बाजार और ऋण बाजार की बुनियादी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना जानकारी के निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है और निवेश से पहले कंपनी की वित्तीय स्थिति को समझना जरूरी है। उन्होंने म्यूचुअल फंड्स की कार्यप्रणाली पर भी संक्षेप में चर्चा की।

इसके बाद, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, सेबी के महाप्रबंधक, विकाश एस.एस ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर निवेशकों के अधिकार, शेयर बाजार में सावधानियां और शिकायत निवारण प्रक्रिया पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सेबी बाजार में गड़बड़ी रोकने के लिए सख्त कदम उठाता है, जैसे कंपनियों को पूंजी जुटाने से रोकना, अनुचित लाभ को जब्त करना और कानूनी कार्यवाही करना।

छात्रों ने निवेश से जुड़े कई सवाल पूछे, जिसका विस्तार पूर्वक महाप्रबंधक ने उत्तर दिया तथा मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज का फीडबैक फॉर्म साझा किया, जिसे छात्रों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताया। अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग की वरीय सहायक प्राध्यापिका डॉ. संहिता सुचरिता ने निवेश से संबंधित जानकारी को विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ साझा किया, उन्होंने बताया कि निवेश करने से पूर्व आप बाजार से अवगत हो जाएं और म्यूचुअल फंड व्यवस्थित निवेश योजना में निवेश करें, छोटे विविध निवेश दीर्घकाल में फायदा देंगे। कार्यक्रम में संकाय अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार गुप्ता सहित अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग संकाय के डॉ. लिंकन मोंडल, डॉ. आसिस कुमार मेहर, बड़ी संख्या में शोधार्थी तथा सैकड़ो छात्रों ने सहभागिता निभाई।

कार्यकर्म के पूर्व मुख्य अतिथि को तुलसी पौधा भेंट कर स्वागत किया गया, मंच संचालन मिस शालिनी तथा धन्यवाद ज्ञापन सत्य प्रकाश मिश्रा ने किया।

## 'माटी की गूंज' अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम कल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : सामाजिक संस्था श्रुति, नई दिल्ली के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 2 मार्च को रांची के आड्रे हाउस परिसर में 'माटी की गूंज' नामक एक भव्य अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन में झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सामुदायिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत गीतों का लोकार्पण होगा। श्रुति ने इन गीतों का रिकॉर्डेड संकलन तैयार किया है, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा। इसके साथ ही लोक-नृत्य, नाटकों और आदिवासी व्यंजनों का आनंद भी लिया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा, जिसमें झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों के जन आंदोलनों का प्रदर्शन और पोस्टर्स की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। विशेष रूप से नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज और चांडिल बांध के खिलाफ चल रहे आंदोलनों की जानकारी प्रस्तुत की जायेगी। श्रुति ने संस्कृति प्रेमियों से इस समागम में भाग लेने की अपील की है। बता दें कि सामाजिक संस्था श्रुति पिछले 40 वर्षों से जमीनी स्तर पर सामुदायिक और जन संगठनों के साथ काम कर रही है। ये संगठन समाज के वंचित लोगों की आवाज को सशक्त बनाते हैं और उनके अधिकारों की रक्षा करते हैं।

### 15 करोड़ आदिवासियों को सरना धर्म कोड देना होगा : चंदन पाहन

रांची : 15 करोड़ आदिवासियों के लिए अलग से सरना धर्मकोड मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरना दिया गया। इस दौरान लोक जन विकास मोर्चा के अध्यक्ष चंदन हलधर पाहन ने कहा कि देश के 15 करोड़ आदिवासियों के लिए अलग से सरना धर्मकोड देना होगा। क्योंकि देश के आजादी के पहले आदिवासियों के लिए अलग से जनगणना परिपत्र में धर्म कॉलम था।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने राजभवन के समक्ष दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने राजभवन के समक्ष पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आंगनबाड़ी सहायिका ने कहा कि हर साल मानदेय में पांच सौ रुपये की बढ़ोतरी की योजना है, जिसके लिए उन्हें मुखियाओं से लिखित आवेदन देना पड़ता है। वे गांव-घर के बच्चों को ढूंढकर आंगनबाड़ी में नामांकित करती हैं। लेकिन सरकार मोबाइल के माध्यम से काम करवा रही है। इसके लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को मोबाइल प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। इसके अलावा सुदूर क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या भी है। महासचिव सुंदरी तिर्की ने कहा कि जो काम कर रहे हैं, उनका मानदेय 1 से 15 तारीख तक दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आज केंद्रीय और राज्य सरकार की आपसी लड़ाई में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को यह समझ नहीं आ रहा है कि वे किसकी कर्मचारी हैं।

#### झारखंड में कुल 80 हजार आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं कार्यरत हैं

बेड़ो से आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका ने बताया कि बच्चों को 20-24 अंडे खिलाए जाते हैं। लेकिन इसके लिए सरकार द्वारा कोई पैसा नहीं दिया जाता। इसके कारण उन्हें दुकान से उधारी चुकाने के लिए खेत से उपजने वाली सब्जियों को बेचकर कर्ज चुकाना पड़ता है।

आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय 20,000 रुपये और सहायिकाओं का 15,000 रुपये किया जाए।

महिला पर्यवेक्षिकाओं में पदोन्नति के लिए 50 प्रतिशत पदों पर योग्यताधारी सेविकाओं और सहायिकाओं की सीधी नियुक्ति की जाए।

आंगनबाड़ी सेविकाओं को रिटायरमेंट के समय 10 लाख रुपये और सहायिकाओं को 5 लाख रुपये दिया जाए।

पोषाहार सामग्री की दर में वृद्धि की जाए।

सेविकाओं का कौशल सुधारने के लिए नई तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया जाए।

मौके पर बहालेन कच्छप, छोटी देवी, सूर्यमुखी उरांव, ललिता देवी, बसंती देवी, वीणा जोशी, चंचला भोक्ता सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना से नीरू शांति भगत ने की मुलाकात



रांची : झारखंड आंदोलनकारी कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि नीरू शांति भगत जल्द ही झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में शामिल हो सकती हैं। नीरू शांति भगत पूर्व में आजसू पार्टी से जुड़ी रही हैं और लोहरदगा सीट से दो बार चुनाव लड़ चुकी हैं, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली। हाल ही में उन्होंने आजसू से इस्तीफा दे दिया है। उनके पति कमल किशोर भगत भी आजसू पार्टी से विधायक रह चुके हैं।

### बाबा श्याम का किया गया केशर चंदन तिलक श्रृंगार




रांची : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। ज्ञातव्य है कि अमावस्या महास्नान के पश्चात बाबा श्यामल रूप में दर्शन देते हैं। फाल्गुन सुदी एकम के शुभ अवसर पर खाटूधाम स्थित श्याम मंदिर एवं रांची स्थित श्याम मंदिर में बाबा श्याम का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। कोलकाता से आए लाल गुलाब रजनीगंधा पिला स्टार व्हाइट स्टार ऐरीला फुल तुलसीदल मुरुगन फुल लाल गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का दिव्य अनुपम श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा श्याम का अद्भुत मनोहरी तिलक श्रृंगार किया। सुबह 5:00 बजे पट खोलने के बाद भक्तों का आना-जाना मंदिर में लग रहा। 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद पर्दे लगाकर बाबा श्याम का प्रथम श्यामल रूप श्रृंगार किया गया। श्रृंगार आरती में अनेक श्याम प्रेमी जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम के गायन करके बाबा श्याम को रिझा रहे थे। दोपहर विश्राम के बाद तिलक श्रृंगार प्रारंभ हुआ। विशेष श्रृंगार दर्शन लगभग 4:30 बजे से भक्तों के लिए सुलभ हो सके। नवीन बागा पंचमेवा प्रसाद चढ़कर भक्तों के लिए दर्शन हेतू परदे खोल दिए गए।

### झारखंड के उत्तर -पश्चिमी जिलों में होगी आज से बारिश की संभावना



रांची : राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों में शनिवार को हल्की बारिश और एक दो स्थानों पर वज्रपात होने की आशंका है। जिन जिलों में बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा शामिल है। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के चलते पैदा हो रही है। उन्होंने बताया कि राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में इस बदलाव का असर कम देखने को मिलेगा। रांची में इसकी वजह से शनिवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे। वहीं शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री, जमशेदपुर में 32.5, डालटेनगंज में 33.4, बोकारो में 33.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### न कॉपियों की दोबारा जांच होगी न बहाली रुकेगी, स्नातक स्तर शिक्षक परीक्षा मामले में एचसी ने खारिज की याचिकाएं




रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने स्नातक स्तर शिक्षक परीक्षा से संबंधित 10 अपील याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यह फैसला न्यायमूर्ति एस. चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ ने सुनाया। याचिकाकर्ताओं ने परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पुनर्मूल्यांकन और भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि परीक्षा में कई त्रुटियां थीं, जिससे उम्मीदवारों को नुकसान हुआ। उन्होंने परीक्षा परिणामों की समीक्षा और नई मेरिट लिस्ट जारी करने की अपील की थी। हालांकि, न्यायालय ने उनके तर्कों को स्वीकार नहीं किया और याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा संचालन में किसी भी गंभीर अनियमितता का प्रमाण नहीं मिला, जिससे पूरी परीक्षा प्रक्रिया को रद्द करना उचित नहीं होगा। इस फैसले के बाद शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के सुचारू रूप से आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

### बंधु तिर्की ने सीएम से की अपील आउटसोर्सिंग कंपनियों पर लगे पाबंदी

रांची : पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से अपील की है कि राज्य सरकार अपने विभिन्न कार्यालयों और निगमों, बोर्ड आदि में चतुर्थ वर्गीय पदों पर कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति करे। कहा है कि आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराये गये अनुबंधित कर्मियों को नियमित किया जाए और आउटसोर्सिंग कंपनियों पर सख्त पाबंदी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि ये कंपनियां कर्मचारियों को निर्धारित पारिश्रमिक की बजाय कम पारिश्रमिक देती हैं और उनसे अवैध रूप से मोटी रकम की मांग भी करती है।

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद उग्रवादी हुआ फरार

रांची : बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद उग्रवादी फरार हो गया। फरार हुए उग्रवादी की पहचान समीर तिर्की उर्फ साकिर तिर्की के रूप में हुई है। उसे दस साल की सजा सुनाई गई थी। यह घटना गुरुवार देर शाम 6.40 बजे की है। इस मामले में जेल प्रशासन की ओर से रांची पुलिस को लिखित शिकायत दी जा चुकी है।

## एक नजर

### मंदिर से चोरी हुई मूर्ति बरामद

**धनबाद** : तेतुलमारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया के समीप कालोनी के शिव मंदिर से अहले सुबह मूर्ति की चोरी हो गई थी। सुबह के समय एक श्रद्धालु मंदिर गया तो पता चला कि राम सीता की मूर्ति गायब है। श्रद्धालु चोर को खोजबीन ने बाइक से निकल गया। उक्त समय करीब सुबह 8 बजे एक चोर को गांडुआ के ग्रामीणों ने पकड़ा। ओर देखा कि मंदिर से चोरी हुई मूर्ति चोर के पास से मिला।ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को फोन पर सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंची उस मूर्ति को उस श्रद्धालु को सौंप दिया। मूर्ति चोर अपना नाम दीपक रविदास व बंगाल के रहनेवाला बताया।उस चोर का हुलिया पैर व हाथ में लोहा का सीकर लगी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसे बांध के रखा गया हो।

### चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया

**बोकारो** : बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 6 स्थित साईं मंदिर परिसर में स्थापित भगवान चित्रगुप्त मंदिर का आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। इस पवन अवसर पर भगवान चित्रगुत की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। प्रसाद वितरण किया गया।स्थापना दिवस के मौके पर चित्रांश परिवार और साईं मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारी भी शामिल हुए। स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में चित्रगुप्त मंदिर के संस्थापक संजय सिन्हा और उनकी धर्मपत्नी गुंजीता सिन्हा एवं मुख्य अतिथि के रूप रजिस्टार सौरव वर्मा उपस्थित रहे। साथ ही अनल कुमार एवं संजय कुमार की उपस्थिती उल्लेखनीय रही। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के प्रदेश उपाध्यक्ष ए के वर्मा ने सौरव वर्मा, संजय सिन्हा, अनल कुमार एवं संजय कुमार को अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया। स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप ने उपस्थित सौरव वर्मा ने भगवान चित्रगुप्त के मंदिर का स्थापना की सराहना की। साथ ही कहा कि चित्रांश परिवार के साधनविहीन और गरीब परिवारों को सक्षम लोगों को मदद करने के लिए आगे आना होगा। तभी अपना समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। संजय सिन्हा ने कहा कि चित्रगुप्त मंदिर एक ऐसा स्थान है जहां हम सभी मिल सकते हैं। समाज को आगे बढ़ाने के लिए विचार विमर्श कर सकते हैं। ए के वर्मा ने कहा कि प्रत्येक माह एक निर्धारित दिन व तिथि को समाज के लोगों मिलना चाहिए। समाज के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को आगे बढ़ाने की योजना पर काम करने की आवश्यकता है।

### बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई विदाई

**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट से फरवरी '2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी एवं अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी उपस्थित रहे। समारोह के आरम्भ में सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया। अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी एवं अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की।

# छह मार्च तक मांगे पूरी नही हुई तो सात को करेंगे चक्का जाम : राजेंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र के धमन भट्ठी विभाग मे सेल एवं बोकारो प्रबंधन के मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ तथा मजदूरो के लंबित मांगो के समर्थन में क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ (हिन्द मजदूर सभा) की विशाल मीटिंग हुई। मीटिंग को संबोधित करते हुए संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रबंधन को कुम्भकर्णी निन्द्रा से जगाने हेतु मजदूर आर-पार के संघर्ष के लिये कमर कस कर मैदान में उतर चुके हैं। प्रबंधन के पास 06 मार्च 2025 तक का समय है ।06 मार्च तक हमारी मांगें पूरी नही हुई तो संघर्ष के प्रथम चरण में 07 मार्च प्रातः 06:00 बजे से 08 मार्च प्रातः 06:00 बजे तक (24 घंटा) कोक-ओवन एवं धमन भट्ठी का चक्काजाम रहेगा। एक तरफ 39 महीने का एरियर, वर्षो पूराने इन्सेंटिव रिवॉर्ड के द्वारा नियमित मजदूरों का शोषण किया जा रहा है।वहीं दूसरी तरफ ठेका मजदूरो का तो भगवान हीं मालिक है।तानाशाही मेडिकल चेकअप कानून समझ से परे है।सैकड़ो मजदूर मेडिकल चेकअप के कारण कार्य से बाहर हैं।हमने कई बार वार्ता के द्वारा अधिकारियों से दरख्वास्त किया कि सिस्टम को सुधारिये, मजदूरो मे आक्रोश बढ़ रहा है, मेडिकल चेकअप को गेट पास से अलग करीये मगर हर बार सिर्फ आश्वासन देकर ये कुम्भकर्णी निन्दा में लीन हो जाते हैं। बाहर हो चुके कुशल कामगार ईलाज को दर दर भटक रहें हैं। महारत्ना के मजदूर और उनके परिवार के ईलाज की सुध लेने वाला कोई नहीं है।हमारा साफ कहना है कि या तो मजदूरो का परिवार सहित बोकारो जेनरल अस्पताल अस्पताल मे ईलाज करो या परिवार सहित कम से कम 20 लाख रुपए का हेल्थ इंश्योरेंस करो। अ.ह.अ को वेज से अलग करो। ग्रेच्युटी, नाइट शिफ्ट एलाउंस अविलंब लागू करो। अन्त में सिंह ने मजदूरो को आह्वान करते कहा कि 'दलालो से सावधान,अबकी बार आर या पार'। एकताबद्ध होकर संघर्ष करेंगे तथा प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि 06 तारीख तक सभी मांगो को पूरा करीये अन्यथा चक्काजाम के लिये तैयार रहिये। मीटिंग को सिंह के अलावे विपिन कुमार सिंह, शशिभूषण, अम्बेडकर, मनोज ठाकुर, संतोष कुमार, बासुदेव कुम्भकार, उत्तम मिश्रा, प्रमोद कुमार आदि ने संबोधित किया।

## क्राफ्ट इंडिया एक्सपो : देशभर के 60 स्टॉल्स ले रहे भाग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो के सेक्टर 4 स्थित ओपन ग्राउंड मैदान में, सुजुकी शोरूम के सामने, क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो का शानदार शुभारंभ हुआ। जानकारी देते हुए प्रबंधक मिराज अंसारी नें बताया की इस मेले में देशभर के विभिन्न राज्यों के उत्पादों की व्यापक प्रदर्शनी की गई है, जिसमें खादी भंडार विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। खादी के कुर्ते, खादी शर्ट, कुर्ता-पायजामा और अन्य कपड़ों की बिक्री जोरों पर है। इसके अलावा, राजस्थानी अचार, भदोही के कारपेट, जूट बैग, ऑल-इन-वन स्टॉल, और अन्य हस्तनिर्मित वस्तुएं लोगों को खूब लुभा रही हैं। मेले में फैशन ज्वेलरी, सिल्क कॉटन साड़ियां, ड्रेस मटेरियल, घर सज्जा के सामान, लखनवी चिकन दुपट्टा, और अन्य विविध उत्पाद उपलब्ध हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से आए करीब 60 स्टॉल इस मेले में भाग ले रहे हैं, जहाँ कश्मीर से कन्याकुमारी तक के उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराए गए हैं। खाने-पीने के शौकीनों के लिए गुजरात के प्रसिद्ध नमकीन और विभिन्न प्रकार के चटपटे अचार भी मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं। यह एक्सपो स्थानीय लोगों के लिए खरीदारी और संस्कृति के संगम का एक अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है।

## सप्लाई पानी से चल रहा था आरओ प्लांट कई घरों में दिया गया था पानी कनेक्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने आज देव विहार रेसीडेंसी, झारूडीह में अवैध जल संयोजन की जांच की। सात से आठ अपार्टमेंट की जांच में कई में गड़बड़ी मिली। इसके अलावा एक आवासीय परिसर में सप्लाई पानी से आरओ प्लांट की जांच की गयी। सभी को कागजात के साथ नगर निगम में बुलाया गया है। जांच के दौरान झारूडीह में स्टैंड पोस्ट से कई घरों में पानी कनेक्शन का भी मामला पकड़ा गया है। निगम के अधिकारी के मुताबिक अवैध जल संयोजन के खिलाफ पांच टीम गठित की गयी है। पहले चरण में शहर के वार्ड नंबर 20 से वार्ड 24 तक स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है। अवैध जल संयोजन के अलावा जलकर बकायेदारों पर झारखंड म्यूनिसिपल एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। देव विहार रेसीडेंसी, झारूडीह में जो मामला सामने आये हैं, सभी को कागजात के साथ बुलाया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। शहरी क्षेत्र में 38 हजार वैध कनेक्शन हैं। इनमें मात्र 22 हजार उपभोक्ताओं के घरों से वाटर टैक्स का पैसा नगर निगम को मिलता है। 16 हजार उपभोक्ता वर्षों से वाटर टैक्स का भुगतान नहीं कर रहे हैं। जांच टीम में सिटी मैनेजर, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता व पाइप लाइन इंस्पेक्टर के अलावा एजेंसी को टीम थी। कुम्हारपट्टी में सेफ्टी टैंक का पानी सड़क पर गिराने पर रणजीत कुमार नामक व्यक्ति पर दो हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर जांच की गयी। जांच में सेफ्टी टैंक का पानी सड़क पर गिराने का मामला पकड़ा गया।

## गरीब लड़की की शादी में सहयोग करना संस्था का मुख्य उद्देश्य : अमल दास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा, स्वास्थ की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के निदेर्शानुसार आज विश्व एनजीओ दिवस के शुभ अवसर पर बोकारो जिला के विभिन्न क्षेत्रों के पांच गरीब लड़की जैसे अंतर्गत चास प्रखंड जयतारा गांव के जगदीश बाउरी के पुत्री तुलसी कुमारी,बालीडीह गांव के रणजीत रजवार के पुत्री कशिश कुमारी और जारीडीह के गांव बांधडीह के रविन्द्र करमाली के पुत्री लाडली कुमारी,गोपीनाथपुर के सुहाग चंद्र गोस्वामी के पुत्री किरण कुमारी एवं गंझुडीह गांव के देवकी प्रसाद साव के पुत्री काजल कुमारी की शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से पांच पांच हजार रूपए के चेक ग्रामीणों के उपस्थिति में संस्थापक अमल दास एवं उनके सहयोगी के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथो चेक सोपा गया। वहा उपस्थित सभी गाव वालो को बताते हुए प्रभारी ने कहा कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से सुरु करते हुए आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों में भी संस्था जो कार्य कर रही है जो बहुत ही सरणीय बात है। संस्था जो स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर को सर्वे कराकर निशुल्क दवा वितरण करने के काम करने जा रही , इसे हमारे देश में बीमारी खत्म हो सकता है,कियुकी आज के समय में गरीब लोगों की बीमारी के इलाज कराने में बहुत कठिनाई होता है, इसे देखते हुए संस्था निशुल्क दवा हर घर पहुंचना संस्था के अहम भूमिका निभा रही है। संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था की मुख्य उद्देश्य है गरीब बच्चो की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ने का काम कर रही है ।

## महेशपुर कोलियरी पानी सप्लाई को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : महेशपुर कोलियरी खदान में राजधानी क्वार्टर के लोगों ने पानी सप्लाई को लेकर प्रदर्शन किया बताया जाता है कि महेशपुर राजधानी क्वार्टर में विगत एक महीने से समरसेबल पंप पम्प खराब रहने के कारण बीसीसीएल क्वार्टर और आसपास घरों में पानी सप्लाई बंद है। पानी सप्लाई की मांग को लेकर आज महेशपुर के महिला एवं पुरुषों ने महेशपुर कोलियरी खदान में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रबंधक से वार्ता हुई वार्ता मजदूर नेता गौर चन्द बाउरी दिनेश महतो नेपाल रवानी सुनील हाडी गोपाल बाउरी शामिल हुए वार्ता में कोलियरी पीओ विजय कुमार प्रबंधक नारायण हंसदा के साथ वार्ता हुई वार्ता में कल तक समरसेबल पंप चालू करने की सहमति हुई तब जाकर प्रदर्शन समाप्त हुआ। मौके पर ओम प्रकाश चौहान, दिलीप राय, रामजी चौहान, अर्जुन सिंह, बंटी बाउरी, कलावती देवी, प्रतिमा देवी, सविता देवी, रिंकी देवी, रीता देवी, सरस्वती देवी, रानी देवी रेखा देवी, बेली देवी शांति देवी, आदि शामिल थे।

# पांच घरों में चोरों ने की चोरी, जांच जुटी पुलिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**बोकारो** : बोकारो में चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना, अलग अलग जगहों के पांच घरों को किया साफ, पुलिस जांच जारी। बोकारो के चंदनकियारी के बरमसिया ओपी का है मामला। बताते चले की बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड स्थित बरमसिया ओपी क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में तेजी आई है। पिछले कुछ महीनों से लगातार चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर दिया है। ताजा मामला बोरियाडीह पंचायत निवासी देवाशीष सेन एवं राजीव कुमार सिंह एवं गम्हरिया पंचायत निवासी अजय कुमार दास, सामल कुमार दास, जगबंधु दास के घर को निशाना बनाया है। बीते मध्यरात्रि चोरों द्वारा बंद घर को साफ कर भागने में सफल हुए, गृहस्वामी देवाशीष सेन व राजेश कुमार सिंह की लिखित शिकायत पर पुलिस की टीम स्क्वायड डॉग एवं फिंगर प्रिंट के साथ जांच शुरू की। हालांकि ये कोई नयी बात नहीं प्रक्षेत्र में आएं दिन अक्सर चोरी की घटना घटित होते रहती है जिससे ग्रामीणों में गुस्सा और भय बढ़ता जा रहा है और उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे है।

### ओएनजीसी ऑफिसर्स महिला समिति ने की महिला थाना में क्रेचे की स्थापना

**बोकारो** : चास महिला थाना प्रांगण में महिला एवं बच्चों के अनुकूल बैठने एवं विश्राम हेतु एक क्रेचे का उद्घाटन रचना जौहरी, अध्यक्ष, ओएनजीसी ऑफिसर्स महिला समिति के द्वारा किया गया। चास महिला थाना में दूर-दराज के क्षेत्रों से महिलाएँ अपनी शिकायतें दर्ज कराने आती हैं, जिनके साथ छोटे बच्चे भी होते हैं। ऐसे में महिलाओं और बच्चों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से यह क्रेचे बनाया गया है, ताकि वे आरामदायक वातावरण में बैठ सकें और बच्चों को भी उपयुक्त वातावरण मिल सके। इस अवसर पर रचना जौहरी ने कहा कि ओएनजीसी ऑफिसर्स महिला समिति द्वारा निर्मित यह क्रेचे महिलाओं एवं बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था आगे भी इसी प्रकार के कार्यों के माध्यम से अपने उद्देश्यों की पूर्ति करती रहेगी। वहीं, थाना प्रभारी सुनीता लिंडे ने इस सहयोग के लिए ओएनजीसी ऑफिसर्स महिला समिति का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में ओएनजीसी ऑफिसर्स महिला समिति की सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं, जिनमें सुताापा भट्टाचार्य, विनीता, सुषमा, प्रतिभा, स्वेता, सोनी, अपराजिता और स्वाति शामिल थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### बीसीसीएल द्वारा सेवानिवृत्ति लाभ नहीं देने की शिकायत की गई



**धनबाद** : एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के बलियापुर, गोविंदपुर, तोपचांची, झरिया सहित अन्य क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें गोविंदपुर महुबनी के सुंदर पहाड़ी से आयी एक वृद्ध महिला ने एडीएम को बताया कि उनके पिता भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड (बीसीसीएल) में कार्यरत थे। उनकी मृत्यु वर्ष 1982 में हो गई थी। कई दशक बीत जाने के बाद भी बीसीसीएल ने उनके स्वर्गवासी पिता का पीएफ, ग्रेच्युटी एवं सेवानिवृत्ति के अन्य लाभ का भुगतान नहीं किया है। गौरतलब है कि महिला काफी उम्रदराज थी और स्पष्ट हिन्दी बोलने में असमर्थ थी। इसलिए वह संथाली भाषा में एडीएम के साथ वातार्लाप कर रही थी। उनकी बातों को अच्छे से समझने के लिए एडीएम ने संथाली भाषा बोलने वाले एक कर्मी को बुलाया। उसने महिला की सारी बातें संथाली भाषा में सुनी और महिला की पीड़ा एडीएम को बताई। एडीएम ने तत्काल मामले पर संज्ञान लेते हुए बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखने और महिला की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। एक अन्य महिला ने बताया कि उसने आमाघाटा लेमन चिल्ली होटल के पास जमीन दलाल से 2 डेसिमल जमीन खरीदी। जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई है। जब वह जमीन पर घर बनाने गई तब पता चला कि जमीन सीएनटी एक्ट की है। महिला ने बताया कि उन्होंने ऋण लेकर जमीन दलाल को भुगतान किया है। उन्होंने जमीन के लिए दिए गए पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई। जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान करने, ऑनलाइन पंजी 2 में नाम दर्ज कराने, भू-माफियाओं द्वारा रैयती जमीन पर जबरन कब्जा करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

### झारखंड अधिविध परिसद के सदस्य ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**कतरास** : गांधी स्मारक उच्य विद्यालय सिजुआ में इंटर के परीक्षा के दौरान अचौक निरीक्षण के लिये झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य सह पर्यवेक्षक राधारमण साहु ने परीक्षा केन्द्र गाँधी स्मारक उच्च विद्यालय सिजुआ का निरीक्षण किया। प्रथम पाली में मैट्रिक में ( 189 ) परीक्षार्थी व द्वितीय पाली ( 118 ) में 177 परीक्षार्थी को उपस्थित पाया । निरीक्षण के दौरान पर्यवेस्तक ने संतुष्टि व्यक्त की तथा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए निर्देश दिया, इस दौरान केन्द्र अधीक्षक निरुपमा मुखोपाध्याय, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी अब्दल गफार, सैन्यबल विनोद सिंह,अरविन्द कुमार सिंह, सिवानी पूर्वी तैनात पाए गए। तत्पश्चात एसएसएनएम इंटर कॉलेज, गर्ल्स हाईस्कूल मुडीडीह का निरीक्षण किया।

### अशोक निषाद की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी



**धनबाद** : तेतुलमारी चंदौर पहाड़ी 3 न में झामुमो नेता स्व अशोक निषाद की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी,सर्वप्रथम स्व निषाद के छायाचित्र पर पत्नी लक्ष्मी देवी व पुत्र आयुष कुमार ने अगरबती व फूल मला से श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद टुंडी विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार, विधायक पुत्र दिनेश महतो, महतो, जेबीसीसीआई सदस्य रमेश सिंह, जिला परिषद सदस्य मो इसराफिल, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो, छोटु सिंह ,बिरजू बाउरी, मूखियादय अशोक ठाकुर व राजेन्द्र प्रसाद महतो,एजेंट एस के दास, मैनेजर संतोष चौधरी,शिव प्रसाद महतो, पु अ नि दुर्गेश प्रसाद सिंह, सुरेश ठाकुर, हेमंत मिंज, यमुना कुमार, मो नासिर,मनोज सरदार, शाहजादा हामिद हुसैन, दिवाकर सिंह,मो ताहिर, लखन यादव,अनिल केवट, कन्हैया निषाद,गोपी निषाद, अनिल कुमार,अशोक रजक, राजू मल्लाह,मनोज निषाद, महेन्द्र निषाद,उत्तम महतो, भरत कुमार, युगल महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### नर्मदेश्वर शिव मंदिर में सप्तचंडी महायज्ञ व कलश यात्रा आज

**धनबाद** : टाटा भेलाटांड़ नर्मदेश्वर शिव मंदिर परिसर में एक मार्च से आयोजित 11 दिवसीय सप्तचंडी महायज्ञ को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई। शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर व यज्ञमंडप परिसर सहित आसपास के इलाके को दुल्हन की सजाया गया। जगह जगह अतिथियों के स्वागत के लिए तोरण बनकर तैयार है। आयोजन समिति के सचिव हीरा श्रीवास्तव ने कहा कि कांको मठ के आचार्यो द्वारा महायज्ञ की सारी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराई जाएगी। पूरे 11 दिन विविध धार्मिक अनुष्ठान होंगे। प्रतिदिन काशी बनारस आदि जगहो के विद्वानो द्वारा प्रवचन व भजन प्रस्तुत किए जाएगें। कहा कि पूरा आयोजन अनुशासित ढंग से होगी जिससे किसी को कोई परेशानी न हो। समिति सदस्य सक्रिय रहेगें। प्रशासन के हर गाइड लाईन का अक्षरश पालन होगा। साथ में पुलिस से भी सहयोग ली जाएगी। सूरक्षा की दृष्टिकोण से पूरे परिसर सहित आसपास सीसीटीवी लगाए गए है। कहा कि यज्ञ की पूणाहूति 11 तथा 12 मार्च को दरिद्र नारायण भोज के साथ प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा।

### बीसीसीएल एरिया 6 के सेवानिवृत्त कर्मी का हुआ विदाई समारोह

**धनबाद** : बीसीसीएल एरिया 6 के अंतर्गत स्थित ईस्ट बसुरिया के एमटी हॉस्टल में श्रवण कुमार की अध्यक्षता में एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर ईस्ट बसुरिया परियोजना के पदाधिकारी वीके झा ने सेवानिवृत्त कर्मी अरविंद कुमार सिंह को बुके देकर उन्हें सम्मानित किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। समारोह में विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने कुसुंडा एरिया के जनता मजदूर संघ अध्यक्ष पद पर रहे श्री सिंह की सेवाओं को सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्री सिंह के कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया। मौके पर संजय कुमार, भोला चौहान, दिलीप बाउरी, दुलाल बाउरी, भवानी दास, आरके ठाकुर, रामलाल, ओमप्रकाश, अवधेश सहित कई लोगों मौजूद थे।

## एक नजर

### झाड़ियों से बरामद हुआ महिला का अर्धनग्न शव

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजुमन नगर के भुजवा टोला के समीप झाड़ी से एक अज्ञात महिला का अर्धनग्न शव पुलिस ने बरामद किया है। वही शव का बरामद होते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जहां महिला का आधा शरीर प्लास्टिक के बोरी और कपड़ों में बंधा हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने शाम के करीब 5:00 बजे झाड़ी में एक महिला का शव को देखकर पुलिस को इस घटना की सूचना दिया। सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी प्रभारी थाना प्रभारी बंटी यादव ने दल बल के साथ पहुंच कर छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया से हत्या कर महिला का शव को छुपाने के उद्देश्य से झाड़ी में फेंका गया है। प्रभारी थाना प्रभारी बंटी यादव ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। वही शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है, शव को शवगृह में रखा गया है।

### दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के डहुडड़गांव में शुक्रवार को दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों में कुटमा गांव निवासी 44 वर्षीय बुधराम असुर, 20 वर्षीय अवधेश बाड़ा, और 12 वर्षीय किशोरी शनियारो कुमारी शामिल हैं। एक बाइक चालक घायल अवस्था में मौके से फरार हो गया। घायलों को स्थानीय लोगों ने ऑटो की सहायता से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# उपायुक्त ने साइंस सेंटर, इनडोर स्टेडियम, सोलर लाइट और अफेरेसिस मशीन का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने शुक्रवार को जिला के सिद्धो-कान्हू स्टेडियम के पास स्थित नवनिर्मित साइंस सेंटर का उद्घाटन किया। इस सेंटर के माध्यम से जिले के विद्यार्थियों और आम नागरिकों को विज्ञान और तकनीक के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही उपायुक्त ने इनडोर स्टेडियम में सौर ऊर्जा से संचालित सोलर लाइट का भी उद्घाटन किया। सोलर लाइट के लगने से स्टेडियम में ऊर्जा की बचत होगी और पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। वहीं



साहिबगंज सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में अत्याधुनिक अफेरेसिस मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन डेंगू, मलेरिया, थैलेसीमिया, ल्यूकेमिया और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होगी। अफेरेसिस तकनीक के माध्यम से रक्त से प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और अन्य आवश्यक रक्त अवयवों को अलग किया जा सकेगा। उपायुक्त ने कहा कि अफेरेसिस मशीन के आने से जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं और अधिक उन्नत होंगी। साथ ही, सुरक्षित और कुशल रक्तदान संभव होगा, जिससे मरीजों को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल सकेगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, चिकित्सक और गणमान्य लोग उपस्थित थे। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की कि वे आगामी 1 मार्च को सदर अस्पताल साहेबगंज में लगने वाले ब्लड डोनेशन कैंप में आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान कर इस सेवा में योगदान दें।

### जहरीली पदार्थ खाने से एक व्यक्ति की मौत

**साहिबगंज/राजमहल :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत निमगाछी गांव में शुक्रवार को एक व्यक्ति की जहरीली पदार्थ खा लेने से इलाज के दौरान मौत हो गया। वहीं अस्पताल में मृतक के भाई गणेश साहा से मिली जानकारी के अनुसार अनिल कुमार साहा 47 वर्षीय पिछले आठ, नौ महीना से मानसिक रूप से अस्वस्थ था। सुबह घर में रखा जहरीली पदार्थ गलती से खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगा पता चलते ही आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैना चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से साहिबगंज ले जाने के क्रम में मंगलहाट के पास रास्ते में अनिल ने दम तोड़ दिया। जिसे पुनः वापस अनुमंडल अस्पताल लाया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **09/JMT/2024-25**, PR No. **343191**, Running, Repairing Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) for Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya (2nd Call) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR 347419 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

# जिला परिवहन विभाग व डीएसपी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आज जिला परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विशेष संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाना था। संघन जांच के दौरान पुलिस और परिवहन विभाग की टीम ने दोपहिया, तिनपहिया (टोटो), और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान कई वाहन बिना वैध दस्तावेजों, हेलमेट व सीट बेल्ट के बिना चलाते पाए गए, जिन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया गया। ट्रैफिक



नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी गई। अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) मिथिलेश कुमार चौधरी, मोटर यान निरीक्षक (एमवीआई) अभिषेक मुंडा, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज शाह, रोड सेफ्टी इंजीनियर अनुज कुमार, आईटी असिस्टेंट राजहंस और जिरवाबाड़ी पुलिस के जवान मौजूद रहे। मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा ने कहा कि इस तरह के विशेष जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही, उन्होंने वाहन चालकों से अपील की वे हमेशा हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करें और अपने वाहन के सभी दस्तावेज अपडेट रखें। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल यातायात नियमों को लागू कराना है, बल्कि सड़क पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से जिले के अन्य हिस्सों में भी चलाए जाएंगे।

**समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0-04, लातेहार**

**-: वाहन मरम्मति संबंधि अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि, आई0आर0बी0–04, लातेहार के दुर्घटनाग्रस्त सरकारी वाहन संख्या– JH19A3331 टाटा 407 ट्रक खराब है जिसे मरम्मति करना आवश्यक है।

अतः इच्छुक मेसर्स दिनांक 15/03/2025 को समय–11:00 बजे तक सील बन्द लिफाफा में अपना निविदा परिवहन शाखा आई0आर0बी0–04, डालडा फैक्ट्री, लातेहार में समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक–15/03/2025 को समय–11:00 बजे निविदादाता के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायगी। अनुमोदन के पश्चात किसी प्रकार का दावा मान्य नही होंगे।

निविदा की शर्तें:–

1. निविदा झारखण्ड मूल्य वार्धितकर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निबंधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GST होना अनिवार्य है।
3. किसीभी परिस्थिति में अग्रिम राशि भुगतान नही किया जाएगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदादाता वाहन मरम्मति हेतु क्रय की जानेवाली वस्तुओं का दर सीलबन्द लिफाफा में उपलब्ध करायेंगे। प्रतिष्ठान का नाम पता, मोबाईल नं0 के साथ अंकित होगा।

नोट :– इन सभी शर्तो को पूरा नही करने वाले निविदादाता का निविदा मान्य नही होगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–04, लातेहार

PR 347356 Police (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल संख्या-1,राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–103/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.03.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.03.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.03.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Campus Road of New Six Judges Bungalow at Doranda Ranchi (High Court Pool) | 2072600.00 | 41500.00 | 5000 | 15 Days |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 347460 Building(24-25).D

# गुमला विधायक ने विधानसभा में जिले की समस्याओं को उठाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला विधायक भूषण तिर्की ने विधानसभा सत्र के दौरान जिले की समस्याओं को उठाने का काम किया है। उन्होंने विधानसभा सत्र के शून्य काल के दौरान आईटीआई भवन में पढ़ाई, ऊपर संख जलासय से किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचने के मुद्दे को जोर से सदन में उठाया था। इसके बाद विधायक भूषण तिर्की ने शुक्रवार को सदन में जिला गुमला स्थित निबंधित कार्यालय समाहरणालय भवन में स्थानानिरत हो गया है। जो अनुमाइल कार्यालय एवं व्यवहार न्यायालय से लगभग 6 से 7 किलोमीटर की दूरी पर है। गुमला जिला के आदिवासी गरीब एवं आमजनों को न्यायिक एवं निबंधन कार्य करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विधायक भूषण तिर्की ने सदन में मांग की है कि रंची जिला के तर्ज पर जिला मुख्यालय के अलावा अनुमण्डल व व्यवहार



न्यायालय के करीब निबंधन सर्यालय को सभी वकैल्पिक सुविधाओं की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि इससे जिले के लोगों को न्यायिक एवं निबंधन कार्य करने में आसानी होगी। विधायक भूषण तिर्की की इस मांग का समर्थन करते हुए विपक्षी दलों के सदस्यों ने भी सदन में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिले के लोगों को न्यायिक एवं निबंधन कार्य करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और इसलिए निबंधन सर्यालय को अनुमण्डल व व्यवहार न्यायालय के करीब स्थापित करना आवश्यक है।

# कार्यकर्ताओं को उचित मान-सम्मान के लिए बनाना है मजबूत कमेटी : बाघराय मार्डी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** झामुमो के पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक बाघराय मार्डी ने पटमदा के ग्राम प्रधान संघ भवन में गुरुवार को प्रखंड संयोजक मंडली के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्य संयोजक अश्विनी महतो समेत अन्य कार्यकताओं को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर मजबूत कमेटी का गठन करने के लिए तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने 1 से 9 मार्च के बीच सभी 15 पंचायतों में कमेटी का पुनर्गठन करने, प्रखंड स्तर पर 100 सक्रिय सदस्य एवं 10 हजार प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया। बाघराय ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि उचित मान-सम्मान के लिए मजबूत कमेटी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगले 2 माह के अंदर जिला कमेटी का पुनर्गठन होने के



पश्चात सत्ता व संगठन में तालमेल देखने को मिलेगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुनील महतो, चंद्रावती महतो, विद्यासागर दास, सुभाष कर्मकार,अश्विनी महतो, समीर महतो, जामिनी प्रमाणिक, जितुलाल मुर्मू, सिजेन हेंब्रम, अश्विनी दास, सुधीर हांसदा, सत्यवती सिंह, तिलोकतमा कालिंदी, हरेकृष्ण महतो व मंटू महतो आदि मौजूद थे।

### श्री श्री क्षीरेश्वर नाथ महादेव मंदिर में शिवलिंग स्थापना व यज्ञ संपन्न

**पटमदा :** एन एच 33 किनारे देवघर पंचायत के डांगा गौड़ बस्ती में श्री श्री क्षीरेश्वर नाथ महादेव मंदिर में शिवलिंग स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय यज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ में पुरोहितों के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ बाबा महादेव का शिवलिंग स्थापना करवाया और ग्रामीण यजमानों से यज्ञ कुंड में हवन करवाकर पूणाहुति के साथ यज्ञ संपन्न कराया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच आयोजक कमिटी द्वारा महाप्रसाद का वितरण करते हुए अनुष्ठान संपन्न हुआ।

**E-Procurement Cell,**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**BUILDING DIVISION, KHUNTI.**

**VERY SHORT TERM QUOTATION INVITATION NOTICE**
**Quotation Reference No : KHN/BLD/28/2024-25**

Sealed Quotation are invited for the Non Schedule Items for the Proposed Construction of Bar Association Building at Khunti, Dist - Khunti from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/Retailers/ Distributors and Registered B.C.D. Contractors and others for listed items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the item or items which ever they deal with. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit, Overhead charges and Labour Cess etc., but inclusive of Royalty.

**Terms and Conditions –**

1. The Quotationer shall furnish PAN, GST Registration No.
2. The rate quoted by Quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट– 1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि :– 07.03.2025
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि :– 17.03.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– 18.03.2025 अपराह्न 3:00 बजे।
4. ई–कोटेशन खुलने का स्थान :– अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
5. ई–कोटेशन आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

E-Procurement Cell,
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,
BUILDING DIVISION, KHUNTI.

PR.NO.347443 Building(24-25):D

### साख फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया गया

**सिल्ली :** सिल्ली साख फाउंडेशन के द्वारा प्रखंड के बंता पंचायत में महिला समूह के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य कमलेश पातर मुंडा और महिला समुह के सदस्यों की उपस्थिति में सीएलएफ ट्रेनर वीरेंद्र बैठा ने बताया कि आरबीआई इस पहल के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और भारत के आर्थिक विकास में उनके योगदान को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है । भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह एफ एल डब्ल्यू 2025 की शुरूआत की है । यह अभियान 28 फरवरी तक चला। इस अभियान का विषय है, वित्तीय साक्षरता महिलाओं की समृद्धि जिसका उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन सुख–दुख में निर्णय लेने और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए जागरूक करना है। 2025 में इसका विशेष फोकस महिलाओं के समृद्धि पर है।

# समेकित कृषि संकुल पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड के बरहेट बाजार संकुल में समेकित कृषि संकुल (आईएफएससी) के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरहेट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस) साहिबगंज, जिला प्रबंधक लाइवलीहुड साहिबगंज एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यशाला में बरहेट बाजार के आईएफएससी क्लस्टर की दीदियाँ लगभग 60 की संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान डी-एलएम अनिरुद्ध के द्वारा कृषि प्रणाली में सुधार कैसे किया जाए, कृषि को व्यापार से जोड़ने की प्रक्रिया एवं इस क्लस्टर के तहत संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई इसके अलावा जिला कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस) के द्वारा बताया गया कि इस क्लस्टर के माध्यम से महिलाओं को किस



प्रकार से व्यापार से जोड़ा जाएगा, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से कैसे लाभान्वित किया जाएगा एवं किस तरह से इस क्लस्टर को वैल्यू चेन मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शाखा प्रबंधक द्वारा सीसीएल लोन, एग्रीकल्चर लोन एवं अन्य कृषि संबंधित ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे महिलाएं अपने व्यापार को और अधिक विस्तारित कर सकें। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरहेट ने बताया कि इस क्लस्टर के विकास के लिए कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के साथ कन्वर्जेंस कर महिलाओं को कृषि, पशुपालन एवं उद्यमिता से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। कार्यशाला में बरहेट के सभी सीसी, आईपीआरपी, बीएपी, एडमिन एवं डीईओ उपस्थित थे।

### उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी हेमंत सती के द्वारा जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्या सुनी। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मिलकर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।**
**(जिला नजारत शाखा)**

**अल्पकालीन निविदा**

**इच्छुक फर्मों/एजेन्सियों से निविदा का आमंत्रण**

हजारीबाग जिला अन्तर्गत सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालय/मध्य उच्च विद्यालय/उच्च विद्यालय/कस्तूरबा विद्यालय/एकलव्य विद्यालय एवं पंचायत भवनों को विकसित एवं Modelazation किया जाना है साथ ही चिन्हित विद्यालयों में Virtual Relaity Lab की Supply, Installation and Maintenance का कार्य किया जाना है। उक्त के अतिरिक्त आम ग्रामीणों, छोटे व्यापारियों, पशुपालकों/विद्यार्थियों, छोटे मजदूरों, हेल्थकेयर सेन्टरों एवं शिक्षण संस्थाओं के व्यवहार हेतु **"इको फेंडली सोलर पावर हब"** का निर्माण हजारीबाग क्षेत्रान्तर्गत किया जाना है।

उपायुक्त, हजारीबाग एवं गठित कमिटी के निर्णय के आलोक में उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक एजेन्सियों/फर्मों से विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से निम्न प्रकार 09 (नौ) अलग–अलग निविदा **दिनांक.–15.03.2025** के अपराह्न.–02:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

1. Rate Contract of "Supply, Installation and Maintenance of Virtual Reality Lab in School, Including Hardware, E-Content, Operating Software and System Maintenance for 2 Years Across Hazaribag." **(Ref. No-200/Naz. Dated.-28-02-2025)**
2. Rate Contract of "Supply of Eco Friendly Solar Power Hub across Hazaribag. **(Ref. No-201/Naz. Dated.-28-02-2025)**
3. Rate Contract of "Develop Government Primary School into Model Government Primary School across Hazaribag. **(Ref. No-202/Naz. Dated.-28-02-2025)**
4. Rate Contract to "Develop Government Eklavya Model Residential School/ Kasturba Gandhi Balika Vidhyalaya School Across Hazaribag. **(Ref. No-203/Naz. Dated.- 28-02-2025)**
5. Rate Contract for "Develop Existing Gram Panchayat into Smart Model/ Digital Gram Panchayat, Hazaribag. **(Ref. No-204/Naz. Dated.-28-02-2025)**
6. Rate Contract for Develop Government Hostel into Model Government Hostel in Hazaribag. **(Ref. No-205/Naz. Dated.-28-02-2025)**
7. Rate Contract for Develop Government Secondary School into Model Govt. Secondary School in Hazaribag. **(Ref. No-206/Naz. Dated.-28-02-2025)**
8. Rate Contract for Develop Government Upper Secondary School into Model Upper Secondary School, Hazaribag. **(Ref. No-207/Naz. Dated.-28-02-2025)**
9. Rate Contract for " Develop Governemnt Upper Primary School into Model Upper Primary School across Hazaribag. **(Ref. No-208/Naz. Dated.-28-02-2025)**

इच्छुक निविदादाता इच्छानुसार कोई एक, एक से अधिक अथवा सभी निविदा अलग–अलग करके उपायुक्त का कार्यालय, जिला नजारत शाखा, हजारीबाग में निबंधित डाक अथवा हाथोंहाथ निर्धारित तिथि तक जमा करेंगे। निविदा संबंधी सभी नियम/ शर्ते एवं विशिष्टता संबंधित सूचना हजारीबाग जिला प्रशासन के अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड किया गया है, जिससे डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

उपायुक्त के निदेश के आलोक में,
नजारत उपसमाहर्ता,
हजारीबाग।

PR 347412 (District) 24-25 (D)

# क्रूरता का रूप ले रही रैगिंग पर नियंत्रण जरूरी

भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में वर्षों से रैगिंग एक गंभीर बदमाशी और उत्पीड़न की समस्या रही है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर मनोवैज्ञानिक आघात, आत्महत्या और यहाँ तक कि हत्या जैसे हिंसक अपराध भी होते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और 2009 से यूजीसी के एंटी-रैगिंग नियमों के बावजूद घटनाएँ जारी हैं। 2012 और 2023 के बीच रैगिंग के कारण 78 छात्रों की मौत इस समस्या के भयावह चेहरे को सामने रखती है।

भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में मुख्य रूप से सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों की वजह से रैगिंग होती है। भारतीय सामाजिक संरचनाओं द्वारा सुदृढ़ कठोर पदानुक्रम में वरिष्ठ छात्र कनिष्ठों पर अपना प्रभुत्व जताते हैं। यह इंजीनियरिंग कॉलेजों में शक्ति-आधारित सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करता है जब वरिष्ठ जूनियर से अपमानजनक कार्य करवाते हैं। आक्रामकता का महिमामंडन करने वाली अति-पुरुषवादी संस्कृति छात्रों को रैगिंग की परंपराओं का पालन करने के लिए मजबूर करती है। मेडिकल संस्थानों में छात्रों को "लचीला बनाने" के नाम पर धीरज-आधारित असाइनमेंट पूरा करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उच्च शिक्षा संस्थान अत्यधिक हिंसा होने तक हस्तक्षेप को हतोत्साहित करते हैं क्योंकि वे रैगिंग को दीक्षा अनुष्ठान की तरह देखते हैं। साल 2023 में जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग को "बॉन्डिंग प्रक्रिया" के रूप में लिखा गया था, जिसके परिणामस्वरूप एक छात्र की असामयिक मृत्यु हो गई। प्रतिशोध का डर, प्रभावी गवाह सुरक्षा की कमी और सामाजिक कलंक, पीड़ितों को रैगिंग की रिपोर्ट करने से अनिच्छुक बनाते हैं।

रैगिंग को प्रभावी ढंग से खत्म करने के लिए सख्त और त्वरित दंड आवश्यक है। संभावित रैगर्स को हतोत्साहित करने के लिए सुनिश्चित करें कि तत्काल निष्कासन, कानूनी मुकदमा और उसे ब्लैकलिस्ट करने जैसी कार्रवाई की जाए। खुली निगरानी के साथ एक निजी ऑनलाइन शिकायत पोर्टल स्थापित करने की जरूरत है। पारदर्शी जवाबदेही के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हेल्पलाइन का नया संस्करण आवश्यक है क्योंकि वर्तमान हेल्पलाइन पर्याप्त तेजी से प्रतिक्रिया नहीं देती है। अनिवार्य कार्यशालाओं, संवेदनशीलता अभियानों और मेंटरशिप कार्यक्रमों को लागू करके सकारात्मक वरिष्ठ-जूनियर सम्बंधों को प्रोत्साहित करें। एम्स दिल्ली रैगिंग के मामलों को नियंत्रित रखता है और नए छात्रों को परामर्श सत्र देकर एक सहायक संस्कृति को बढ़ावा देता है। संभावित मुद्दों को अधिक गंभीर होने से पहले पहचानने के लिए व्यवहार ट्रैकिंग, सरप्राइज चेक और छात्रावासों में सीसीटीवी लगाने का उपयोग करें। आईआईटी मद्रास ने सीसीटीवी निगरानी और छात्र प्रोफाइलिंग का उपयोग करके रैगिंग की घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी की है।

रैगिंग की समस्या का कोई एकल, सार्वभौमिक रूप से लागू समाधान नहीं है। शैक्षणिक संस्थानों, छात्रों और बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक सुरक्षित और देखभाल करने वाला वातावरण स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना महत्त्वपूर्ण है। रैगिंग खत्म करने के लिए बहुआयामी रणनीति, कठोर कानूनी सुरक्षा और त्वरित दंडात्मक कार्रवाई की जरूरत है। संस्थागत जवाबदेही और प्रौद्योगिकी-संचालित निगरानी यह गारंटी देगी कि उच्च शिक्षा संस्थान भय के बजाय सुरक्षा, समावेशिता और समग्र विकास के स्थान हैं। यूजीसी को उन संस्थानों के खिलाफ खंड 9.4 का उपयोग करना चाहिए जो इससे संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन नहीं करते। अपराधियों को कड़ी सजा मिले, इसकी गारंटी के लिए फास्ट-ट्रैक ट्रायल और पुलिस सत्यापन जरूरी है। छात्रावासों में सीसीटीवी लगाए जाने चाहिए जो एआई-आधारित चेहरे की पहचान का उपयोग करते हैं। पीड़ितों की सुरक्षा के लिए एक डिजिटल आईडी-आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाना चाहिए। मनोवैज्ञानिक परामर्श और एंटी-रैगिंग कार्यशालाओं को लागू करना अनिवार्य होना चाहिए। छात्र मेंटरशिप कार्यक्रमों द्वारा एक समावेशी संस्कृति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यूजीसी हेल्पलाइन की प्रतिक्रिया समय और पहुँच में सुधार की आवश्यकता है। ऐसे डिजिटल शिकायत पोर्टल होने चाहिए जो गुमनाम हों और सीधे पुलिस अलर्ट प्रदान करें।

## सूडोकु नवताल- 7356

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7355 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

# महाकुंभ : स्मरण और विस्मरण के पार जाती सभ्यता की खनक

**गिरीश्वर मिश्र**



धरती पर अमृत कलश छलकता रहा और उसके अनुभव को मन भर संजोने की साध के साथ जन समुदाय तत्पर और समर्पित रहा। महा-शिवरात्रि के पावन दिवस पर संगम पर आयोजित महाकुंभ के संपन्न होने के साथ हम सब विश्व के अद्भुत और अविश्वसनीय आयोजन के साक्षी बने। गंगा तट पर बालुका की सतह पर एक विशाल नगर को निर्मित कर लम्बे समय तक सभी जरूरी सुविधाएँ मुहैया करते रहना आसान न था। इतने बड़े जन समुदाय की एक स्थल पर अभूतपूर्व उपस्थिति के निश्चय ही भौतिक, सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक आशय और प्रभाव थे जो सिर्फ.प्रयागराज तक कदापि सीमित न थे। उनका प्रभाव पूरे भारत पर था और देश के बाहर भी पड़ा। ये प्रभाव अल्पकाल ही नहीं दीर्घकाल तक प्रभावी बने रहेंगे। यह आयोजन भारत के गौरव को प्रतिष्ठित करने वाला सिद्ध हुआ।

भारत की सांस्कृतिक जीवन यात्रा का यह विलक्षण पड़ाव था, जिसमें केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार दोनों की भागीदारी थी। आधे भारत की जनसंख्या को समेट सकने वाले इस आयोजन की चुनौतियाँ भी कम न थीं। इस दृष्टि से बहुत से प्रबंध हाईटेक के ज़िम्मे थे। परिवहन, भोजन, आवास और यातायात को लंबे समय तक नियंत्रित और व्यवस्थित बनाए रखना बड़ी चुनौती थी। ट्रेनों की अतिरिक्त व्यवस्था भी अपर्याप्त साबित हो रही थी। हवाई जहाज का किराया बहुत बढ़ गया था पर तिस पर उसकी उपलब्धता मुश्किल थी। समर्थ लोग ज्यादातर अपने वाहन से संगम पहुँच रहे थे।

मेला-क्षेत्र में नियंत्रण बनाए रखने के लिए कई ऐसे कदम भी उठाए गए जो आमजनों के लिए कष्टदायी थे। इसके चलते दूर-दूर पार्किंग की व्यवस्था की गई थी और इसका लोगों ने नाजायज फायदा भी उठाया। पार्किंग से मेला क्षेत्र और स्नान के लिए बाइक पर श्रद्धालुओं को ले जाना और वापस लाना खचीर्ला था पर अशक्त तथा शीघ्रता से स्नान-विधि पूरा करने को व्यग्र लोगों के लिए यह खर्च करना ही होता था। इसी तरह पेयजल की बोतल खूब मंहगी बिकी। दैनिक प्रयोग की सामग्रियों को भी मंहगी दर पर बेच कर मुनाफा कमाया गया।

धर्म और आध्यात्म के कई चमकीले और भड़कीले रंग भी दिखे। नागा, अघोरी, शैव, वैष्णव और विभिन्न मत-मतांतरों का अनुसरण लेने वाले साधु-संत अंततः आत्मचिंतन और आत्मोन्नयन की ओर ही उन्मुख होने की अपील करते रहे। उसके लिए गायन-वादन के साथ आध्यात्मिक परिवेश भी बनाया जा रहा था। उपस्थित जनसमूह में भाषा-भेद भी थे पर सभी आस्था की भाषा से आलोकित हो रहे थे। अखाड़े और उनकी पेशवाई के अवसर लोगों के लिए कौतूहल के कारण बन रहे थे। हर वर्ग, जाति, क्षेत्र और आयु के लोगों के लिए एक विलक्षण अवसर था जब सभी अपनी निजी अस्मिता और अलग पहचान छोड़ एक साझा अनुभव का हिस्सा हो रहे थे।

गंगा मैया में डुबकी लगाने की साध लिए बालक, युवा और वृद्ध सबमें अदम्य उत्साह देखने को मिला जिसकी बदौलत तमाम दुश्वारियों के बीच इतना बड़ा आयोजन हो सका। सरकारी अमले के उपर बड़ी जिम्मेदारी थी और उसने निभाई भी हालाँकि व्यवस्था की चूक भी कुछ अवसरों पर हुई जिसके चलते श्रद्धालुओं को कष्ट हुआ और दुखद प्राण-हानि की घटनाएँ भी हुईं। इनसे सीख कर भविष्य के लिए तैयारी जरूरी है जो सरल नहीं है। यह आयोजन प्रयागवासियों के धैर्य की भी परीक्षा थी जब डेढ़ महीने तक सामान्य जीवन पर अंकुश लगे थे और आमजन को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा। वीआईपी सबसे ऊपर रहे और उनकी देखभाल सब पर भारी थी। उसने बार-बार आमजनों को कष्ट दिया। संगम में जहां आम जनों का संगम हो रहा था वहीं राजनीतिक पार्टियों में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तनातनी भी उभर कर सामने आती रही। लोक मन की उदारता से जाने कब ये दल सीख सकेंगे और दर्प तथा अहंकार की बर्फ. पिघल सकेगी।

इतने बड़े मेले को सफलतापूर्वक आयोजित करना सरल न था। इसके लिए लंबी तैयारी, संसाधन जुटाना और स्वास्थ्य, नागरिक सुविधा, यातायात व्यवस्था को चाक- चौबंद बनाए रखना बड़ी चुनौती थी। यह सब बड़े पैमाने पर हुआ और लोगों ने सहयोग किया। समूह मन कैसे कम करता है और किस तरह आमजन अपने-अपने सच को गढ़ते हैं, इसका अंदाजा संगम क्षेत्र से छन कर आ रही उन किस्से-कहानियों से झलकता है जिसमें गंगा स्नान से अपने को नया करने और अपनी आस्था और निष्ठा को जीवंत करने की चेष्टा थी। एक अदम्य, उत्कट जिजीविषा और संकल्प के साथ असंख्य लोग जिस रूप में उपस्थित थे वहाँ एक सभ्यता शब्दों से अधिक भाव और कर्म में स्वयं को प्रमाणित करती दिख रही थी। वहाँ उमड़ता अपार जन समुद्र एक ही आकांक्षा को लेकर आगे बढ़ रहा था कि माँ गंगा का स्पर्श हो, उसके छींटे पड़ें और मन तृप्त हो जाए।

इस क्षण के लिए लोगों ने बहुत सारी मुश्किलों का सामना किया पर वे सबकी सब डुबकी लगाते ही झट से काफूर हो गईं। लोगों को अपने अस्तित्व का मानों नया संस्करण मिल गया हो। साधु, संत, संन्यासी, गृहस्थ, भिखारी, धनाढ्य हर कोई एक ही साध के साथ गंगा के निकट और संगम क्षेत्र में जुटा था। गंगा स्नान के अवसर पर सभी एक ही भाव-धारा के अंश थे। देश का यह ऐक्य बोध एक बड़ी थाती है और लोगों के मन में अभी भी विराज रही धर्म-बुद्धि के महत्व को उजागर करती है। इसकी ऊर्जा का राष्ट्र के विकास में सार्थक निवेश होना चाहिए।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# प्रोसेस्ड, फास्ट फूड से बढ़ता स्वास्थ्य संबंधी जोखिम

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के कारण बदल रही है। यह प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का भी कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण मोटापा, टाइप 2 मधुमेह और हृदय सम्बंधी विकार जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही हैं। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण सम्बंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा।

फास्ट फूड का सेवन बच्चों के स्वास्थ्य और खाने की आदतों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। फास्ट फूड, जिसमें कैलोरी, चीनी और खराब वसा अधिक होती है, मधुमेह और हृदय रोग जैसी पुरानी बीमारियों के विकास के जोखिम और वजन बढ़ाता है। फास्ट फूड के लगातार सेवन से बच्चे स्वस्थ खाद्य पदार्थों की तुलना में प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे संतुलित आहार और पौष्टिक भोजन चुनने की उनकी संभावना कम हो जाती है। आजकल, बहुत से युवा फास्ट फूड पसंद करते हैं क्योंकि यह सुविधाजनक, स्वादिष्ट और जल्दी बनने वाला होता है। इसके नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जानते हुए भी वे इसे खाना जारी रखते हैं। व्यस्त जीवन शैली में, फास्ट फूड को जल्दी से जल्दी खाना सुविधाजनक है। वे भीड़ का अनुसरण करते हैं क्योंकि उनके दोस्त भी इसे पसंद कर सकते हैं।

स्वाद के लिए स्वास्थ्य का जोखिमः फास्ट फूड जल्दी से जल्दी खाने और स्वाद के लिए बनाया जाता है और यह ज्यादा पका हुआ, अत्यधिक प्रोसेस्ड होता है। मानव शरीर बिना प्रोसेस्ड, अत्यधिक रेशेदार और कम से कम पके हुए खाद्य पदार्थों के लिए बना है इसलिए वे पूरी तरह से अनुपयुक्त हैं। फास्ट फूड से शुगर स्पाइक्स इंसुलिन प्रतिरोध, वजन बढ़ने, वसा संश्लेषण और मधुमेह में पैदा करते हैं। भारत में फैलते फास्ट फूड उद्योग में बर्गर, पिज्जा, पानी-पूरी व चाट मसाला कियोस्क और पावभाजी-समोसा के ठेले शामिल हैं।

बढ़ता मोटापा, मधुमेह की समस्याः मोटापा और मधुमेह दोनों तेजी से बढ़ रहे हैं। हमारे शरीर को स्वस्थ कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है, जिसे मक्खन, दूध और अंडे जैसे खाद्य पदार्थों से प्राप्त किया जा सकता है। हमारे शरीर को खराब कोलेस्ट्रॉल से नुकसान होता है। सड़क पर फास्ट फूड तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले खाना पकाने के तेल में उच्च ट्राइग्लिसराइड (खराब कोलेस्ट्रॉल) सामग्री होती है, जिसे खाने से खतरनाक बीमारियाँ हो सकती हैं। सात्विक आहार जो हिंदू रीति-रिवाजों का प्रमुख हिस्सा है, उनकी जगह आधुनिक आहार ले रहे हैं। पारंपरिक खानपान की प्रथाएँ, पारिवारिक भोजन और सामाजिक बंधन सभी फास्ट-फूड संस्कृति से प्रभावित हो रहे हैं। अकेले खाने और स्विगी और जोमैटो जैसी ऑनलाइन भोजन वितरण सेवाओं के बढ़ने के परिणामस्वरूप लोगों के साथ मिलकर खाने का तरीका बदल गया है।

विज्ञापन का मायाजालः फास्ट फूड कंपनियाँ अपने उत्पादों को कूल और मनोरंजक दिखाने के लिए भ्रामक विज्ञापन का उपयोग करती हैं, जो इसके विस्तार की एक और वजह है लोगों और खासकर युवाओं को आकर्षित करने के लिए इसके प्रचार के लिए दुनिया के नामीगिरामी हस्तियों का चेहरा इस्तेमाल होता है और आकर्षक नारों व टैगलाइन का सम्मोहन अलग होता है। अपनी बुद्धिमत्ता और शिक्षा के बावजूद लोग कभी-कभी अपने स्वास्थ्य पर संभावित हानिकारक प्रभावों पर विचार करने के बजाय फास्ट फूड खाने को प्राथमिकता देते हैं। उन्हें भी पता है कि यह अच्छा विकल्प नहीं है लेकिन वे इसे चुनते हैं क्योंकि यह बहुत सरल और स्वादिष्ट है। चूँकि लोग घर के बने खाने की जगह सुविधाजनक भोजन चुन रहे हैं, इसलिए खानपान की आदतें बदल रही हैं।

प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का इस्तेमालः राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में युवा लोग ज्यादा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। बाजरा जैसे पारंपरिक अनाज की जगह रिफाइंड अनाज और पैकेज्ड खाद्य पदार्थ ले रहे हैं। बाजरा की खपत को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 2023 में अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष की शुरूआत की थी। प्रोसेस्ड, उच्च वसा, उच्च चीनी वाले पश्चिमी आहार की बढ़ती संख्या पारंपरिक संतुलित भोजन की जगह ले रही है। मैकडॉनल्ड्स, केएफसी और डोमिनोज के तेजी से बढ़ने के कारण भारत में शहरी खानपान की आदतें बदल गई हैं।

संकट में खानपान से जुड़ी हमारी विशिष्टताः वैश्वीकरण के कारण क्षेत्रीय व्यंजन अपनी विशिष्टता खो रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में किण्वन-आधारित आहार और अन्य पारंपरिक खाना पकाने की तकनीकें लोकप्रिय नहीं हो रही हैं। खानपान की बदलती आदतों के कारण त्योहारों और धर्मों से जुड़ी खास पाक परंपराएँ अपना महत्त्व खो रही हैं। पारंपरिक खानपान की प्रथाएँ, पारिवारिक भोजन और सामाजिक बंधन सभी फास्ट-फूड संस्कृति से प्रभावित हो रहे हैं। वैश्विक खाद्य श्रृंखलाओं के कारण स्ट्रीट वेंडर और स्वदेशी खाद्य सामग्री के व्यापार चुनौतियों का सामना करते हैं।

कुपोषण और स्वास्थ्य प्रभावः अधिक प्रसंस्कृत भोजन खाने के परिणामस्वरूप हृदय रोग, मधुमेह और मोटापे के शिकार लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। आहार सम्बंधी आदतों में आए इस बदलाव के कारण भारत में 101 मिलियन मधुमेह रोगी हो गए हैं। खपत के पैटर्न में बदलाव के कारण पारंपरिक फसलों की मांग में कमी आई है, जिसका असर किसानों के मुनाफे पर पड़ा है। नीति आयोग (2022) के अनुसार, ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था बनाए रखने के लिए फसल विविधीकरण महत्त्वपूर्ण है। छोटे पैमाने के खाद्य व्यवसाय, पारंपरिक भोजनालय और पड़ोस के खाद्य विक्रेता सभी वैश्विक खाद्य श्रृंखलाओं से प्रभावित हैं।

अपनी नींव को बनाए रखते हुए, भारत की विविध पाक संस्कृति को बदलना होगा। टिकाऊ खाद्य नीतियों, देशी फसलों के समर्थन और संतुलित आहार जागरूकता के कार्यान्वयन के माध्यम से आधुनिकीकरण द्वारा पारंपरिक खाद्य विविधता और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ाया जा सकता है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि कभी-कभार फास्ट फूड खाने से आपके सामान्य स्वास्थ्य पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है। नियमित रूप से फास्ट फूड खाने से अंततः कई स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं। अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए इसे सीमित करना लक्ष्य है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने जीता उद्योगपतियों का भरोसा

**संपतिया उइके**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में विगत दिनो संपन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शानदार सफलता ने सारे देश का ध्यान आकर्षित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने समापन भाषण में इस भव्य इंवेस्टर्स समिट के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव की जिस तरह भूरि भूरि प्रशंसा की उसने समिट में पधारे उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियों को मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया । इसमें दो राय नहीं हो सकती कि मुख्यमंत्री पद की बागडोर संभालते मोहन यादव ने यह संदेश दे दिया था कि वे राज्य औद्योगिक विकास के नये युग की शुरूआत करने के लिए कृतसंकल्प हैं। मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी विकसित राज्य बनाने का अपना सुनहरा स्वप्न साकार करने के लिए वे अद्भुत इच्छाशक्ति के साथ अथक परिश्रम कर रहे थे। मुख्यमंत्री की पहल पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के पूर्व मध्यप्रदेश मे जो संभाग स्तरीय क्षेत्रीय निवेशक सम्मेलन आयोजित किए गए उनकी सफलता ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की पटकथा पहले ही लिख दी थी और अब इस समिट की आशातीत सफलता इस बात का प्रमाण है कि मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के प्रभावी नेतृत्व में विकास को नई गति मिल रही है। राज्य की राजधानी भोपाल में संपन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस निवेश से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को जबरदस्त प्रोत्साहन मिलेगा और लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का उद्घाटन किया और उद्योग, स्टार्टअप और अन्य पर मध्य प्रदेश सरकार की 18 नीतियों का अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही मध्य प्रदेश को निवेश केंद्र बनाएगी। विकसित मध्य प्रदेश से विकसित भारत की यात्रा में आज का ये कार्यक्रम बहुत अहम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 2 दशक में मध्य प्रदेश के लोगों के सपोर्ट से यहां की भाजपा सरकार ने शासन पर फोकस किया। दो दशक पहले तक लोग एमपी में निवेश करने से डरते थे। आज एमपी निवेश के लिए देश के ३ङ्क्स्त्र राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि बीते दशक में भारत नेआधारभूत संरचना के विकास में उछाल का दौर देखा है। इसका बहुत बड़ा फायदा मध्य प्रदेश को मिला है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे जो देश के 2 बड़े शहरों को जोड़ रहा है, उसका बड़ा हिस्सा एमपी से ही होकर गुजर रहा है। यानी एक तरफ एमपी को मुंबई के पोर्ट के लिए तेज कनेक्टिविटी मिल रही है और दूसरी तरफ उत्तर भारत के बाजार को भी ये कनेक्ट कर रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का लक्ष्य भारत को विनिर्माण केंद्र बनाना है। भोपाल में दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2025 के समापन समारोह में बोलते हुए, शाह ने कहा कि कई व्यवसाय अब मध्य प्रदेश में निवेश कर रहे हैं और आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि शिखर सम्मेलन के दौरान 30,77,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में दो सौ से अधिक भारतीय कंपनियां, दो सौ से अधिक वैश्विक सीईओ, बीस से अधिक यूनिकॉर्न संस्थापक और पचास से अधिक देशों के प्रतिनिधि मध्य प्रदेश में निवेश के लिए यहां का माहौल देखने आए और यह मध्य प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस ऐतिहासिक निवेश को मध्यप्रदेश की प्रगति के लिए मील का पत्थर बताते हुए ट्वीट किया–मेरे लिए यह सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि एक मिशन है। मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का मेरा प्रण और अनथक परिश्रम का प्रतिफल, इस निवेश रूपी वर्षा से ऊर्जा में बदल गया है। उन्होंने आगे कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के लिए 18 नई नीतियां बनाई गई हैं, जिनके प्रति निवेशकों का जबरदस्त रुझान देखने को मिला है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, जिसे हिंदुस्तान का दिल कहा जाता है, अपनी समृद्ध प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विविधता के कारण देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो चुका है। राज्य सरकार के सतत प्रयासों से मध्यप्रदेश ने पर्यटन क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यह कह चुके हैं कि मध्यप्रदेश को एक विदेशी मैग्जीन ने दुनिया की श्रेष्ठ टूरिज्म डेस्टिनेशन में से एक माना है। सरकार की योजनाओं से प्रदेश की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को संरक्षण मिल रहा है, जिससे राज्य वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है।

मध्यप्रदेश में 24 वन्यजीव अभयारण्य, 12 राष्ट्रीय उद्यान, 9 टाइगर रिजर्व और 14 विश्व धरोहर स्थल स्थित हैं, जो इसे भारत के सबसे समृद्ध जैव विविधता वाले राज्यों में शामिल करते हैं। इसके अलावा, उज्जैन का दक्षिणमुखी महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार पर्यटन को नए आयाम देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। पर्यटन परियोजनाओं के लिए 758 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिसमें से 358 हेक्टेयर भूमि 39 निवेशकों को आवंटित की जा चुकी है।

## दैनिक पंचांग

**1 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | कुंभ में |
| चंद्र | मीन में |
| मंगल | मिथुन में |
| बुध | मीन में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | कुंभ में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मीन | 07.06 बजे से |
| मेष | 08.37 बजे से |
| वृष | 10.17 बजे से |
| मिथुन | 12.15 बजे से |
| कर्क | 14.28 बजे से |
| सिंह | 16.44 बजे से |
| कन्या | 18.56 बजे से |
| तुला | 21.07 बजे से |
| वृश्चिक | 23.22 ब.से |
| धनु | 01.38 बजे से |
| मकर | 03.43 बजे से |
| कुंभ | 05.29 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 60 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 00.10 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 11.23 बजे को समाप्त। **योग** साध्य 16.25 बजे को समाप्त। **करण** बालव 13.44 बजे तदनन्तर कौलव 00.10 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 01.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 34' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872270 **जूलियन दिन** 2460735.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** शाबान **तारीख** 30 **विशेष** चंद्र दर्शन, फुलेरा दूज, रामकृष्ण जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 | बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 | बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 | बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 | बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.37 | से | 07.10 | बजे तक |
| उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 | बजे तक |
| शुभ | 08.42 | से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.14 | से | 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| काल | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.23 | से | 05.56 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# हकीम ट्रांसफॉर्मर के तेल से मदार्ना-ताकत की दवा बना रहे एनकाउंटर में पकड़े गए बदमाशों का खुलासा


**लखनऊ।** में ट्रांसफॉर्मर का तेल चुराकर मदार्ना ताकत बढ़ाने और जोड़ों के दर्द की दवा बनाई जाती है। यह खुलासा उसी बदमाश ने किया है, जिसका पुलिस ने बुधवार रात को एनकाउंटर किया था। पूछताछ में उसने बताया कि ट्रांसफॉर्मर का तेल नीम-हकीम खरीदते हैं। जो इसे जोड़ों के दर्द और मदार्ना ताकत बढ़ाने की दवा में करते हैं। ट्रांसफॉर्मर लुटेरों के गैंग ने बताया कि तेल की ज्यादा मांग ग्रामीण इलाकों में रहती है। वहां लोग नीम-हकीम से जोड़ों, घुटनों और हड्डियों के दर्द में मालिश करने के लिए खरीदते हैं। इसके लिए नीम-हकीम को अच्छी-खासी रकम देते हैं। गैंग का सरगना रंजीत यादव काकोरी के घनश्यामपुर का रहने वाला है। वह दो महीने में अपने गैंग के साथ 12 से ज्यादा ट्रांसफार्मर चोरी कर चुका है। इनमें से ज्यादातर बारदातों को वो ग्रामीण इलाकों में अंजाम दिया है। उसने पुलिस को बताया कि तेल के साथ कॉपर क्वॉयल को हम निजी व्यापरियों को बेच देते हैं। रंजीत को एक बुजुर्ग ने चोरी की ट्रेनिंग दी है। वह भी पहले ट्रांसफॉर्मर चोरी का ही काम करता था। बाद में उसने



रंजीत को अपना चेला बना लिया और पूरा काम उसे ही सौंप दिया। अब वह रंजीत के चोरी किए सामान की खरीद-फरोख्त का काम करता है। रंजीत उसे अपना गुरु मानता है। पुलिस को उसने बताया कि गुरु ने ही हाई वोल्टेज लाइन को ट्रिप करने की ट्रेनिंग दी थी। फिर कॉपर और तेल चोरी करना भी सिखाया था। रस्सा डालकर लाइन ट्रिप करता था रंजीत ने बताया कि लाइन ट्रिप के लिए वह सबसे पहले हाईवोल्टेज लाइन पर रस्सा डालकर तीनों तार एक में जोड़ देता था। तेज धमाके के साथ लाइन ट्रिप हो जाती। इसके बाद ट्रांसफॉर्मर का तार काटकर बांस से गिरा देता। 10 मिनट में ट्रांसफॉर्मर खोलकर तेल और कॉपर चोरी कर भाग जाता था। गिरोह के तार आसपास के जिलों तक जुड़े हैं। 6 लोगों के गिरोह को लीड करने वाला रंजीत 11 हजार वोल्ट की लाइन पर रस्सा डालकर लाइन को ट्रिप करने में माहिर है। पुलिस रंजीत के गुरु की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रंजीत चोरी का कॉपर लखनऊ और उन्नाव में बेचता था। इसका इस्तेमाल वो बर्तन बनाने और वायर बनाने वाले करते हैं। रंजीत के खुलासे के बाद पुलिस अब व्यापारियों और कबाड़ी की धरपकड़ में जुटी हुई है। वहीं, ट्रेनिंग देने वाला गुरु अंडरग्राउंड हो गया है। जिनकी तलाश में 3 टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। रंजीत के खिलाफ गोमतीनगर, काकोरी, दुबग्गा, माल, मलिहाबाद में चोरी के मामले दर्ज हैं।

## अज्ञेय स्मृति सम्मान से सम्मानित होंगे कवि उदय प्रकाश





**कसया, कुशीनगर।** प्रसिद्ध कथाकार और कवि उदय प्रकाश को सन 2025 के अज्ञेय स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कलावती देवी स्मृति न्यास द्वारा दिया जाने वाला यह सम्मान अज्ञेय की 114वीं जयंती के अवसर पर पर 07 मार्च 2025 को दिया जाएगा। उक्त जानकारी बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में हिंदी विभाग के आचार्य प्रोफेसर गौरव तिवारी ने दी। प्रोफेसर गौरव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अज्ञेय के जन्मदिवस के अवसर पर सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय भारतीय साहित्य संस्थान समिति, श्रद्धाश्री न्यास, विद्याश्री न्यास, कलावती देवी स्मृति न्यास, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर और राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर में राष्ट्रीय संगोष्ठी और काव्य संध्या का आयोजन किया जाएगा। भारत चिंतन विषयक संगोष्ठी में हिंदी साहित्य के वरिष्ठ कवि और चिंतक अष्टभुजा शुक्ल द्वारा अज्ञेय का भारत चिंतन॰ विषय पर अज्ञेय स्मृति व्याख्यान दिया जाएगा। प्रो महेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में प्रो चित्तरंजन मिश्र, प्रो अवधेश प्रधान, प्रो रामसुधार सिंह, प्रो अनंत मिश्र, दयानिधि मिश्र सहित अनेक विद्वानों के व्याख्यान होंगे। संगोष्ठी के बाद वरिष्ठ कवि उदय प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित काव्य संध्या में इंद्र कुमार दीक्षित, दयाशंकर सिंह कुशवाहा, सरोज पाण्डेय, प्रकाश उदय, दिनेश तिवारी, उद्धव मिश्र, अंजलि अस्थाना और स्थानीय कवि हिस्सा लेंगे। संगोष्ठी में भाग लेने वालों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

## नयी दिशा के झिझक छोड़ो, खुलकर बोलो कार्यक्रम में सेनेटरी पैड वितरित



**कुशीनगर।** किशोरावस्था के दौरान बच्चियां अनेकों शारीरिक और मानसिक परिवर्तन से गुजरती हैं और संकोच व झिझक के कारण इस दौरान हो रही दिक्कतों को साझा नही कर पाती। इन परिवर्तनों विशेषकर मासिक धर्म के प्रति बच्चियों को जागरूक करने के उद्देश्य से नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा कुशीनगर जनपद के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चियों के साथ झिझक छोड़ो, खुलकर बोलो कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें सेनेटरी पैड भेंट किया जा रहा। इस क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा पलकधारी पर बच्चियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम कर उन्हें सेनेटरी पैड भेंट किया गया। बच्चियों को सम्बोधित करते बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में मनोविज्ञान की आचार्य एवं नयी दिशा अध्यक्ष डॉ0 सीमा त्रिपाठी ने कहा कि किशोरावस्था जीवन की बहुत महत्वपूर्ण अवस्था होती है, जब बहुत तेजी से शारीरिक, मानसिक तथा भावात्मक परिवर्तन होते हैं। इस अवस्था में ही किशोरियों का मासिक धर्म भी शुरू होता है। परन्तु हमारे समाज में न ही किशोरियों को पहले से इसके लिए तैयार किया जाता है और न ही उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया जाता है। इस कारण बच्चियां बहुत सी गलत धारणाओं का शिकार हो जाती हैं और आगे चलकर उन्हें गर्भाशय संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मासिक धर्म में यदि स्वच्छता और खान पान का ध्यान रखा जाए तो इससे बचा जा सकता है। मासिक धर्म में यह आवश्यक है कि साफ कपड़े या सैनिटरी पैड का उपयोग करें, शरीर को साफ सुथरा रखें और पौष्टिक आहार लें। संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र, अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक रामचंद्र सिंह व आभार शिक्षक विजेंद्र कुमार शाही ने किया। इस अवसर पर पत्रकार हृदयानंद शर्मा, विनीत शुक्ल, दीपिका सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अनिता सिंह, सिरजावती देवी, सुमन, धूरा देवी, सीता देवी, उमरावती, चांदनी देवी, फेकनी देवी आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व राज्यमंत्री की फोटो से छेड़छाड़



**गोंडा।** यूपी के पूर्व राज्यमंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अरविंद राजभर की फोटो से छेड़छाड़ की गई है। उनका आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। हजरतगंज पुलिस यूजर आईडी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मामले में लखनऊ के हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रदेश कार्यालय प्रभारी धर्म प्रकाश चौधरी का कहना है कि इंस्टाग्राम यूजर विवेक पासी ने पोस्ट शेयर की है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक: स्व. रामसकल तिवारी



**कुशीनगर।** व्यक्ति अपने अच्छे कर्मों के बल पर समाज में हमेशा जीवित रहता है। जो समाज की सेवा के लिए तत्पर रहता है, वह कभी मरता नहीं है। ऐसे ही थे सेवरही के पूर्व विधायक और विकास पुरुष पंडित स्वर्गीय रामसकल तिवारी, जिन्होंने अपने कार्यों से इस क्षेत्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया। उक्त बातें बिहार के सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश यूवी मिश्र ने शुक्रवार को कसया तहसील क्षेत्र के भेलया में आयोजित स्व. रामसकल तिवारी की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर परश्रद्धांजलि सभा में कहीं। कहा कि सेवरही विधानसभा, जो कभी बिहार की सीमा से सटा एक पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था, आज विकास की राह पर है। जब यह इलाका गन्ना और गंडक नदी से जुड़ी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था, तब स्वर्गीय तिवारी ने बतौर विधायक इन चुनौतियों से लड़कर विकास की नई मिसाल कायम की। श्री मिश्र ने कहा कि एक समय सेवरही विधानसभा तमकुही विधानसभा के रूप में जाना जाता था। उस दौर में इस क्षेत्र में विकास की संभावनाएं सीमित थीं, लेकिन स्व. रामसकल तिवारी ने अपने प्रयासों से इस इलाके में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। उन्होंने क्षेत्र के किसानों को राहत पहुंचाने के लिए गन्ना और सिंचाई से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू करवाया। श्रद्धांजलि सभा को स्व. तिवारी के ज्येष्ठ सुपुत्र अवकाश प्राप्त आरटीओ अजय त्रिपाठी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, डा. संजय मणि, जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, डा. केपी सिंह, सेंट जोसेफ स्कूल के संस्थापक सी ओ जोश, टीएन राय, मनोज चौबे ने संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संगीतकार प्रेम प्रकाशयति की टीम ने ॰रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम॰ भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर स्व. तिवारी के पुत्रद्वय आयोजक अवकाश प्राप्त आरटीओ अजय त्रिपाठी और अभय त्रिपाठी (अधिवक्ता) ने आभार प्रकट किया। संचालन मजीबुल्लाह राही ने किया। श्रद्धांजलि सभा में रामानुज पांडे, शिवशंकर तिवारी, पत्रकार गिरीश चंद्र पांडेय, पत्रकार गुरुदत्त उपाध्याय, विनय तिवारी, मनीष तिवारी, भास्कर राय, विकास पांडे, नंदकिशोर कुशवाहा, काशीनाथ तिवारी, गणेश मणि त्रिपाठी, राजबंसी तिवारी, आजाद अंसारी, विनीत कुमार बंटी, सत्यम त्रिपाठी, सतेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, सुधई, अजय उपाध्याय, अनिल गुप्ता, आद्या तिवारी, हरिगोविंद मिश्र, धीरज तिवारी, दिग्विजय तिवारी, भानु तिवारी, चंदन दुबे, अनुराग पांडे, अंकुर मिश्रा, शुभम, दिनेश सिंह सहित क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

## दवा के साथ पौष्टिक आहार लेकर शीघ्र स्वस्थ रहे टीबी रोगी: डॉ. मुकेश यादव

### टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग रहेगा अग्रणी-बीएसए







**गोंडा।** की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिले में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। उन्होंने कई एसडीएम और तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। अशोक कुमार गुप्ता को एसडीएम सदर गोंडा बनाया गया है। राजीव मोहन सक्सेना को एसडीएम तरबगंज की जिम्मेदारी दी गई है। यशवंत कुमार को अपर उप जिलाधिकारी प्रथम गोंडा बनाया गया है। विशाल कुमार को अपर उपजिलाधिकारी द्वितीय गोंडा के साथ उपजिला अधिकारी न्यायिक मनकापुर की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सदर तहसील में तैनात एसडीएम अवनीश त्रिपाठी को मनकापुर भेजा गया है। तहसीलदार स्तर पर भी फेरबदल किया गया है। करनैलगंज के तहसीलदार मनीष कुमार को हटाकर गोंडा का तहसीलदार और न्यायिक तहसीलदार बनाया गया है। अल्पिका वर्मा को प्रोन्नति देते हुए करनैलगंज का नया तहसीलदार नियुक्त किया गया है। डीएम ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे फरियादियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करें। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस या अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। लंबे समय से लंबित वाद निपटाए डीएम ने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि उनके कोर्ट पर जो भी लंबे समय से वाद लंबित है उन्हें जल्द से जल्द निस्तारित करें ताकि फरियादियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। गोंडा में डीएम नेहा शर्मा द्वारा अधिकारियों को लापरवाही तरीके से कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की निर्देश दिए हैं।

## शिव जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय ने धूमधाम से मनाया 89वां महोत्सव







**गोंडा।** में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग सेवा केंद्र के तत्वाधान में 89वीं शिव जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव संदेश शोभायात्रा निकाली गई। गाड़ी बाजार मोहल्ले से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में कई स्थानों पर झांकियों और श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। सेवा केंद्र की संचालिका बीके सुमित्रा दीदी के मार्गदर्शन में ब्रह्माकुमार भाई-बहनों ने एक-दूसरे को बधाई दी। शोभायात्रा में भारत माता, भगवान शंकर और झांसी की रानी की झांकियां प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालु हाथों में जागरूकता के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे.तथा लोगों को स्लोगन के जरिए जागरूक कर रहे थे। घंटाघर स्थित आदिशक्ति भवानी माता मंदिर पर झांकियों का विशेष स्वागत किया गया। यहां श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए गए और प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार मनीष वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, पिंटू मिश्रा, अशोक सिंघानिया, सरदार जोगिंदर सिंह जानी, शिवा भट्ट और कनक बिहारी दास सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। बीके सुमित्रा दीदी ने इस अवसर पर शिव बाबा का परिचय देते हुए महावाक्य सुनाए और सभी को शिव बाबा के ज्ञान से अवगत कराया। वही सुरक्षा के दृष्टिगत शोभा यात्रा में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी.

## संक्षिप्त डायरी

### उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला में डिजिटल लेन देन की दी गई जानकारी



**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर के मल्लुडीह स्थित राजकीय बीज भंडार सभागार में सक्षम परियोजना बजाज फिनसर्व की कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी पॉलिसी के अंतर्गत तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला में उद्यमिता कौशल को लेकर प्रतिभागियों को ट्रेनरों ने जानकारी दी। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (गुजरात) द्वारा बजाज होल्डिंग्स एवं इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की कंपनी बजाज फिनसर्व के सहयोग से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर, अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और मऊ सहित कुल पांच जनपद में सक्षम प्रोजेक्ट कार्यान्वित की जा रही है। आयोजित कार्यशाला का का शुभारंभ शाखा प्रबंधक बडौदा यूपी बैंक रवींद्र कुमार किया गया। उन्होंने वित्तीय साक्षरता को लेकर जानकारी दी। ईडीआईआई के परियोजना अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने उद्यमियों को वित्तीय जागरूकता डिजिटल साक्षरता इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, बैंकिंग सेवाएं, बीमा, बजट, नकदी प्रवाह, प्रबंधन, व्यवसाय विस्तार की जानकारी दी। बताया कि तीन दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण में इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल जागरूकता के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जायेगा। उद्यमिता विकास संस्थान के राहुल कुमार ने बताया कि बजाज फिनसर्व एवं ईडीआईआई के तत्वाधान में सूक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षित किया जा रहा है। चयनित सूक्ष्म उद्यमियों को प्रशिक्षण उपरांत हैंड होल्डिंग सहयोग भी किया जाएगा। इस दौरान परमानंद प्रशाद, विनोद कुशवाहा, शंभू नाथ चौहान,

### भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व मना शहीद दिवस



**कुशीनगर।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर नगर स्थित गोला बजार तिराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। गुरुवार की शाम को पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी और भाजपा नेता और समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में अमर शहीद आजाद को नमन किया गया। पूर्व विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनकी गाथा सुनकर हर भारतीय को गर्व की अनुभूति होती है। समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का नाम बहादुरी, राष्ट्रभक्ति और बलिदान का पर्याय है। बचपन से लेकर अपनी जवानी उन्होंने देश के नाम न्यौछावर कर दी। कार्यक्रम आयोजक शिक्षक असगर अली ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान बुद्ध विद्या बिहार के प्रधानाचार्य/पत्रकार वीरेंद्र कुमार सिंह, अनिल कुमार मल्ल, सभासद साबिर अली, पेशकार श्री बाबू, अनिल पांडेय, श्रीनारायण श्रीवास्तव अजय सिंह, विजय सिंह, डॉ श्याम, अनिल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### नयी दिशा के झिझक छोड़ो, खुलकर बोलो कार्यक्रम में सेनेटरी पैड वितरित



**कुशीनगर।** किशोरावस्था के दौरान बच्चियां अनेकों शारीरिक और मानसिक परिवर्तन से गुजरती हैं और संकोच व झिझक के कारण इस दौरान हो रही दिक्कतों को साझा नही कर पाती। इन परिवर्तनों विशेषकर मासिक धर्म के प्रति बच्चियों को जागरूक करने के उद्देश्य से नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा कुशीनगर जनपद के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चियों के साथ झिझक छोड़ो, खुलकर बोलो कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें सेनेटरी पैड भेंट किया जा रहा। इस क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा पलकधारी पर बच्चियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम कर उन्हें सेनेटरी पैड भेंट किया गया। बच्चियों को सम्बोधित करते बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में मनोविज्ञान की आचार्य एवं नयी दिशा अध्यक्ष डॉ0 सीमा त्रिपाठी ने कहा कि किशोरावस्था जीवन की बहुत महत्वपूर्ण अवस्था होती है, जब बहुत तेजी से शारीरिक, मानसिक तथा भावात्मक परिवर्तन होते हैं। इस अवस्था में ही किशोरियों का मासिक धर्म भी शुरू होता है। परन्तु हमारे समाज में न ही किशोरियों को पहले से इसके लिए तैयार किया जाता है और न ही उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया जाता है। इस कारण बच्चियां बहुत सी गलत धारणाओं का शिकार हो जाती हैं और आगे चलकर उन्हें गर्भाशय संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मासिक धर्म में यदि स्वच्छता और खान पान का ध्यान रखा जाए तो इससे बचा जा सकता है। मासिक धर्म में यह आवश्यक है कि साफ कपड़े या सैनिटरी पैड का उपयोग करें, शरीर को साफ सुथरा रखें और पौष्टिक आहार लें। संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र, अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक रामचंद्र सिंह व आभार शिक्षक विजेंद्र कुमार शाही ने किया। इस अवसर पर पत्रकार हृदयानंद शर्मा, विनीत शुक्ल, दीपिका सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अनिता सिंह, सिरजावती देवी, सुमन, धूरा देवी, सीता देवी, उमरावती, चांदनी देवी, फेकनी देवी आदि उपस्थित रहे।

### कंवर इंटर प्राईजेज बेरी इन्द्पुरी मोरम खण्ड 10/6 के दबंग और बेखौफ मोरम माफिया राजेश यादव और फैसल वारसी को नहीं है बाबा के बुलडोजर का खौफ



**हमीरपुर।** **सैय्यद जावेद अख्तर** सूबे के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं कि अवैध खनन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, जबकि मुख्यमंत्री की रोक के बावजूद हमीरपुर के बेरी इन्दपुरी कंवर इंटर प्राईजेज मोरम खण्ड 10/6 के दबंग और बेखौफ मोरम माफिया राजेश यादव और फैसल वारसी प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से नदी की जलधारा में धडल्ले से मोरम का अवैध खनन करने के साथ ही खण्ड में आने वाले ट्रकों में ओवर लोडिंग और अवैध परिवहन कर शासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना, जबकि बेखौफ और दबंग मोरम माफिया अपने खण्ड के अलावा बगल के बंद पडे.खण्ड 10/5 में भी अवैध खनन कर शासन प्रशासन को दे रहे हैं कार्यवाही की खुली चुनौती, हालांकि पिछले दिनों बगल के बंद पडे. खण्ड के पट्टाधारक विवेक सिंह ने हमीरपुर जिलाधिकारी से मिलकर अपने खण्ड में किये जा रहे इन माफियाओं के अवैध खनन की शिकायत भी की थी,जबकि शिकायत के बावजूद इन दबंग माफियाओं के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही न होना हमीरपुर खनिज अधिकारी की कार्यशैली पर कई बडे. सवाल खड़े कर रहा है, वहीं प्रदेश की तेज तर्रार और बेदाग छवि की मालिक खनन निदेशक माला श्रीवास्तव के हमीरपुर दौरे के बावजूद नहीं लग पा रही है मोरम के अवैध खनन सहित ओवर लोडिंग और अवैध परिवहन पर लगाम।

# 1 मार्च से उत्तर भारत के 9 शहरों में ऑनलाइन डिलीवरी की शुरुआत करेगी आइकिया

मुंबई ।

स्वीडन की होम फर्निशिंग रिटेलर आइकिया अब दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत में प्रवेश करने को तैयार है। कंपनी 1 मार्च से दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ आगरा, प्रयागराज, अमृतसर, चंडीगढ़, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, लुधियाना और वाराणसी सहित 9 शहरों में ऑनलाइन डिलीवरी की शुरुआत कर रही है। इन इलाकों के ग्राहक आइकिया एप, कंपनी की वेबसाइट तथा फोन के जरिए उपलब्ध खरीद सहायता का उपयोग करके कंपनी के 7000 से अधिक प्रोडक्ट्स को देख और खरीद सकते है। आइकिया वर्तमान में भारत के पांच बाजारों में मौजूद है। कंपनी के हैदराबाद, नवी मुंबई और बेंगलुरु में 3 बड़े-फॉर्मेट वाले स्टोर और वर्ली में एक सिटी स्टोर है।




आइकिया इंडिया की सीईओ और चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर सुजैन पल्वरर ने कहा, हैदराबाद में अपना पहला स्टोर खोलने के बाद से हमें उत्तर भारत से निरंतर अच्छा रिस्पांस मिल रहा था। हमारे बी2बी चैनलों के माध्यम से इन शहरों से सैकड़ों ऑर्डर आ रहे हैं, हमें लगातार ऑनलाइन सर्च किया जा रहा है, एप डाउनलोड किए जा रहे हैं, और सोशल मीडिया पर लगातार सवाल पूछे जा रहे हैं। हमारी भारत की कहानी में यह एक खाली जगह थी। हम आइकिया को उत्तर भारत में लांच करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली एनसीआर और अन्य मार्केट्स में यह लांच हमारे भविष्य के विकास के लिए एक मजबूत नींव साबित होगा। पुल्वरर ने कहा कि चाहे वह कई पीढ़ियों का रहन-सहन हो, कम खर्च में रहन-सहन हो, बच्चों की परवरिश हो या छोटी जगहों का बेहतर इस्तेमाल हो, भारतीय घरों की खास जरूरतों की हमारी गहरी समझ के साथ हमारा लक्ष्य उत्तर भारत में उपयोगी समाधान लाना है। इससे हम इन समाधानों और उत्पादों की हमारी विस्तृत श्रृंखला को तमाम लोगों तक पहुंचा पाएंगे। हम जल्द ही इस क्षेत्र में अपने स्टोर खोलने के करीब पहुंच रहे हैं।

# सोना 85 हजार के नीचे आया, चांदी 93 के करीब, सोना खरीदने का यही सही समय



मुंबई।

सोने और चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार का गिरावट दर्ज की गई। सोना 85 हजार के नीचे आ गया, जबकि चांदी के भाव भी 93,200 के करीब कारोबार कर रही हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का अप्रैल वायदा 297 की गिरावट के साथ 84,899 पर खुला। खबर लिखे जाने तक सोना 84,880 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। आज दिन में सोने ने 84,912 का उच्चतम और 84,846 का न्यूनतम स्तर को छुआ। इस महीने सोने ने 86,592 का अब तक का उच्चतम स्तर छू लिया था।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च वायदा चांदी 406 की गिरावट के साथ 93,229 पर खुली। ट्रेडिंग के दौरान यह 93,229 के उच्चतम और न्यूनतम स्तर तक ही सीमित रही। पिछले साल चांदी ने 1,00,081 प्रति किलोग्राम का उच्चतम स्तर छुआ था। कोमेक्स पर सोना 2,889 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जो पिछले क्लोजिंग प्राइस 2,895.90 डॉलर प्रति औंस से कम था। 2,885.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। अगर आप सोना-चांदी खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो यह सही समय हो सकता है। हालांकि, आगे कीमतों में और गिरावट या उछाल आ सकता है, इसलिए निवेश करने से पहले बाजार पर नजर बनाए रखें।

# कोलकाता के बाद चेन्नई में खुला उड़ान यात्री कैफे, 10 रुपये में चाय और 20 रुपये में समोसा

## देश के दूसरे अन्य एयरपोर्ट पर भी कैफे खोलने की तैयारी




नई दिल्ली ।

एयरपोर्ट पर चाय और समोसे का रेट देखकर ज्यादातर यात्री खाने का मन नहीं बनाते हैं। लेकिन मोदी सरकार के प्रयास से अब आम आदमी भी एयरपोर्ट पर चाय और समोसे का मजा ले सके हैं। इसी कड़ी में एयरपोर्ट पर अब 10 रुपये में चाय और 20 रुपये में समोसा मिलना शुरु हुआ हो गया है। यात्री कैफे की शुरुआत 19 दिसंबर को कोलकाता एयरपोर्ट से हुई थी और अब चेन्नई में भी इसतरह का कैफे खुल गया है। माना जा रहा है कि कोलकाता और चेन्नई के बाद अब दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट्स का भी नंबर आ सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि यह कैफे चेन्नई एयरपोर्ट के डोमेस्टिक टर्मिनल-1 पर चेक-इन से पहले एरिया में खुला है। यहां 10 रुपये में चाय, 10 रुपये में पानी की बोतल और 20 रुपये में समोसा, कॉफी और मिठाई खरीदी जा सकती है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने चेन्नई एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन किया। पहला उड़ान यात्री कैफे 19 दिसंबर को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर किया गया था।

एयरपोर्ट एथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कोलकाता एयरपोर्ट की 100वीं वर्षगांठ पर यात्रियों को देश के पहले उड़ान यात्री कैफे का गिफ्ट दिया था। कोलकाता एयरपोर्ट के डिपार्चर एरिया में यात्री उड़ान कैफे खोला गया है। इसमें चाय, कॉफी, स्नैक्स और पानी जैसी चीजें सस्ती कीमत पर बेची जा रही है। इस योजना का मकसद हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है, क्योंकि भारत में एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है।

# पेटीएम ऐप पर अब यूजर्स के लिए मिलेगा एआई इंटीग्रेटेड सर्च ऑप्शन

मुंबई ।

पेटीएम ऐप पर अब यूजर्स के लिए एआई इंटीग्रेटेड सर्च ऑप्शन मिलेगा। इसके लिए फिनटेक कंपनी पेटीएम ने एआई स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के साथ टाइअप करने की घोषणा की है।

यूजर्स अपनी लोकल भाषा में इस फीचर के जरिए रियल टाइम इन्फॉर्मेशन और फाइनेंशियल इनसाइट्स एक्सेस कर सकेंगे। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। कंपनी का कहना है कि इस फीचर से यूजर्स की फाइनेंशियल लिट्रेसी बढ़ेगी। यूजर्स बैंकिंग, निवेश, खर्च से जुड़े विषयों की जानकारी आसानी से पा सकेंगे। इससे उन्हें फाइनेंस से जुड़े डिसीजन लेने में मदद मिलेगी। वहीं पेरप्लेक्सिटी के सीईओ अरविंद श्रीनिवास ने कहा कि यह तकनीक लोगों को रियल-टाइम में भरोसेमंद जानकारी देने में मदद करेगी। आईआईटी ग्रेजुएट ने 2022 में बनाया परप्लेक्सिटी परप्लेक्सिटी यूएस बेस्ड एआई सर्च इंजन स्टार्टअप कंपनी है। आईआईटी मद्रास से ग्रेजुएट अरविंद श्रीनिवास ने 2022 में परप्लेक्सिटी को बनाया था। अरविंद श्रीनिवास ओपन एआई में एआई रिसर्चर के तौर पर भी काम कर चुके हैं।

गूगल सर्च के कॉम्पिटिटर परप्लेक्सिटी ने हाल ही में 500 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की थी। इससे पहले कंपनी ट्रिपएडवाइजर के साथ भी इसी तरह का टाइअप कर चुकी है।

पेटीएम को एफवाय25क्यू3 में रुपए 208 करोड़ का लॉस पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में नेट लॉस 208 करोड़ रुपए रहा।

एक साल पहले की समान तिमाही में पेटीएम का घाटा 220 करोड़ रुपए था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 36 प्रतिशत गिरकर 1,828 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही यानी, क्यू3एफवाय24 में यह 2,850 करोड़ रुपए था।

# शेयर बाजार के लिए काल साबित हुए ये कारण....9 माह के निचले स्तर पर आया निफ्टी

मुंबई।

भारतीय शेयर बाजार 28 फरवरी को खुलते ही धड़ाम हो गया। सेंसेक्स 1100 अंकों से अधिक क्रैश होकर 73,469.11 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी-50 भी 350 अंकों का गोता लगाकार 22,188.50 के स्तर पर आ गया। गिरावट इतनी तेज थी 30 मिनट के अंदर बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट वैल्यू करीब 6.1 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। इसके साथ निफ्टी अब अपने 9 महीने के निचले स्तर पर आ गया है। फरवरी में अब तक निफ्टी 5 प्रतिशत तक गिर चुका है। इसके साथ ही निफ्टी अब 29 सालों में पहली बार लगातार 5वें महीने गिरावट के साथ बंद होता हुआ दिख रहा है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह हैं कि आज बाजार के टूटने का कारण क्या था। हम आपको इस खबर में उन कारणों के बारे में बताने जा रहे है।

### बाजार के टूटने का प्रमुख कारण ट्रेड वार की आशंका

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 4 मार्च से ही 25 प्रतिशत टैरिफ लागू करने की घोषणा की है। जबकि इसके पहले उन्होंने टैरिफ को 2 अप्रैल से लागू करने का संकेत दिया था। ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन से आने वाले सामानों पर भी 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगेगा, जिससे ग्लोबल ट्रेड वार छिड़ने की आशंका बढ़ गई है। बाजार जानकार बताते हैं कि शेयर बाजार अनिश्चितता को पसंद नहीं करते हैं, और जब से ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए हैं, तब से अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। ट्रंप के टैरिफ ऐलानों का शेयर बाजार पर असर पड़ रहा है। साथ ही चीन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ की नई घोषणा से शेयर बाजार के इस नजरिए की पुष्टि हो रही है कि ट्रंप अपने नए कार्यकाल में टैरिफ का इस्तेमाल देशों का धमकाने और फिर अमेरिका के अनुकूल समझौते करने के लिए करने वाले है। उन्होंने कहा, मार्च में इकोनॉमी से जुड़ी अच्छी खबरों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली की रफ्तार धीमी होने के चलते शेयर बाजार में एक रिकवरी देखने को मिल सकती है। लंबी अवधि के निवेशक बाजार में कमजोरी का फायदा उठाकर धीरे-धीरे वाजिब भाव पर कारोबार कर रहे क्वालिटी लार्जकैप शेयरों को जमा कर सकते हैं।

### 2. एशियाई शेयर बाजारों में कमजोरी

एशियाई शेयरों में कमजोरी ने भी शुक्रवार को निवेशकों के सेंटीमेंट पर असर डाला। हांगकांग के शेयरों में शुक्रवार को गिरावट के साथ ही पिछले 6-हफ्तों से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया। ट्रंप का चीनी सामानों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले के बाद वहां जमकर मुनाफावसूली देखने को मिली। हांगकांग के बेंचमार्क हैंग सेंग में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। जापानी शेयरों में विदेशी निवेशकों की ओर से करीब 5 महीनों की सबसे बड़ी बिकवाली देखने को मिली। यह कुल 1.04 ट्रिलियन येन की निकासी थी। जापानी येन में मजबूती, बढ़ती मंहगाई से जुड़ी चिंताएं और ट्रंप की टैरिफ नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं के चलते एफआईआईएस ने बिकवाली की।

### 3. एआई सेक्टर की ग्रोथ पर संदेह बढ़ना

एआई चिप्स इंडस्ट्री की सबसे बड़ी कंपनी एनवीडिया के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों ने भी बाजार में भूचाल लाने में अहम भूमिका निभाई। एनवीडिया के शेयर रातों रात 8.5 फीसदी तक गिर गए। कंपनी ने ग्रॉस मार्जिन के मोर्चे पर खासतौर से उम्मीद से कमजोर प्रदर्शन किया। हालांकि एनवीडिया ने अपनी ग्रोथ को लेकर मजबूत अनुमान जताए हैं, लेकिन यह निवेशकों के मनोबल को उठा पाने में नाकाम रहा।

### 4. अमेरिकी इकोनॉमी में मंदी की आशंका

अमेरिका में सासाहिक बेरोजगारी दावों में उम्मीद से अधिक बढ़ोतरी हुई है। इस आंकड़े से दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी में सुस्ती की चिंता को बढ़ दिया है। ट्रंप के टैरिफ ऐलानों के चलते पहले ही वह महंगाई दर में बढ़ोतरी का अनुमान जताया चा चुका है। इसकारण आईटी शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली, जिनकी कमाई का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका से आता है।



## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली** । अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं जिससे घरेलू बाजार में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फरवरी के अंतिम दिन शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं हुआ और इसकी कीमतें पहले की तरह ही बनी हुई हैं। देश के सभी चार महानगरों की बात करें तो उसमें कीमतें पहले की तरह ही हैं। दिल्ली में प्रैट्रोल 94.72 वहीं डीजल 87.62 रुपये पर बना हुआ है। वहीं मुम्बई में प्रैट्रोल 103.44 और डीजल 89.97 रुपये जबकि कोलकाता में प्रैट्रोल 103.94 और डीजल 90.76 पर है। चेन्नई में प्रैट्रोल 100.85 व डीजल 92.44 वहीं बेंगलुरु में प्रैट्रोल 102.86 और डीजल 88.94 पर है। लखनऊ में प्रैट्रोल 94.65 और डीजल 87.76 पर हैं। वहीं लखनऊ में प्रैट्रोल 94.65 और डीजल 87.76 जबकि नोएडा में ये 94.87 व 88.01 पर हैं। गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 और डीज 88.05 पर है। चंडीगढ़ में इसकी कीमत 94.24 व 82.40 रुपये हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तकरीबन एक साल मार्च 2024 के बाद से ही बदलाव नहीं हुआ है। बाजार जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में अभी कच्चे तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें पहले की तरह ही बनी हुई हैं।

## भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सहमत

**नई दिल्ली**। भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर सहमति बन गई है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे। वहीं, फिनटेक कंपनी पेटीएम ने एआई स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के साथ हिस्सेदारी करने का ऐलान किया है, जिससे यूजर्स को ऐप पर एआई इंटीग्रेटेड सर्च ऑप्शन की सुविधा मिलेगी। भारत ने एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए अब तक 13 फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स और 6 प्रेफरेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट्स पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कड़ी में यूके के साथ होने वाला नया समझौता भारतीय उद्योगों को वैश्विक बाजारों में ज्यादा पहुंच प्रदान करेगा। इस समझौते से भारतीय वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाले शुल्कों में छूट मिलेगी, जिससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। पेटीएम ने एआई स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के साथ टाइअप किया है, जिससे अब पेटीएम पर एआई इंटीग्रेटेड सर्च उपलब्ध होगा। यह फीचर यूजर्स को लोकल भाषा में जानकारी और फाइनेंशियल इनसाइट्स प्रदान करेगा। पेटीएम का यह कदम डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक क्षेत्र में एक नई तकनीकी क्रांति ला सकता है।

## पॉपुलर रोडस्टर बाइक गुरिल्ला 450 का अपडेटेड मॉडल लॉन्च

**नई दिल्ली** । भारतीय बाजार में रॉयल एनफील्ड ने अपनी पॉपुलर रोडस्टर बाइक गुरिल्ला 450 का अपडेटेड मॉडल लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला 450 में दो नए कलर पिक्स ब्रॉन्ज और स्मोक सिल्वर शामिल किए हैं। बाइक स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, गूगल मैप्स इंटीग्रेशन और मीडिया कंट्रोल के साथ 4-इंच टीएफटी डिस्प्ले जैसे फीचर्स से लैस है। बाइक अब 6 कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल है। रोडस्टर बाइक तीन वैरिएंट- एनालॉग, डैश और फ्लैश में आती है और इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 2.49 लाख रुपए रखी गई है, जो टॉप वैरिएंट में 2.54 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) तक जाती है। नए कलर के साथ बाइक की बुकिंग लॉन्च के साथ ही शुरू हो चुकी है और इनकी डिलीवरी 10 मार्च 2025 से मिलेगी। भारत में इसका मुकाबला ट्रायम्फ 400, हुस्कवर्ना स्वार्टपिलेन 401 और होंडा सीबी300आर से है। नई गुरिल्ला 450 में 452सीसी का लिक्विड-कूल्ड सिंगल-सिलेंडर शेरपा इंजन दिया गया है, जो 8,000आरपीएम पर 40 एचपी की पावर और 5,500आरपीएम पर 40एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इंजन को असिस्ट और स्लिप क्लच के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है। बाइक में दो राइड मोड- परफॉरमेंस और इको मिलते हैं। रॉयल एनफील्ड ने बेहतर लो-एंड टॉर्क देने के लिए इंजन को फिर से ट्यून किया है। कंपनी का दावा है कि 3000आपीएम से शुरू होने वाले टॉर्क का 85 प्रतिशत से अधिक अवेलेबल है।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट, मचा हाहाकर

## - बैंकों के डिपॉजिट को लेकर लोगों की चिंता बढ़ी

**मुंबई** । शेयर बाजार आज सुबह भारी गिरावट के साथ खुले। देखते ही देखते बाजार में बिकवाली के कारण मुंबई स्टॉक एक्सचेंज सुबह 11 बजे 973 अंकों की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज मे 330 अंकों से ज्यादा की गिरावट के साथ कारोबार हो रहा था। शेयर बाजार मे निफ्टी 50 में 291 अंकों की गिरावट देखने को मिली। जिसके कारण शेयर बाजार में हाहाकार मच गया है। देसी और विदेशी निवेशक भारी बिकवाली कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर जिस तरह के समाचार प्राप्त हो रहे हैं। उसको लेकर सबसे ज्यादा गिरावट भारतीय बाजार में देखने को मिल रही है। डॉलर के मुकाबले रुपए में लगातार गिरावट तथा सरकार द्वारा आर्थिक नीतियों को लेकर मौन साध रखा है। उसके कारण शेयर बाजार में भारी घबराहट देखने को मिल रही है। मुंबई स्टॉक एक्सचेंज 73000 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। पिछले 5 माह में लगभग 14000 अंकों की गिरावट देखने को मिली है। पिछले 5 महीने से शेयर बाजार में लगातार गिरावट होने से देसी निवेशकों का हौसला भी टूट गया है। कर्ज के कारण अमेरिका ने अपने खर्चों में भारी कटौती करना शुरू कर दी है। यह माना जा रहा है, भारत सरकार भी आने वाले महीनो में अपने खर्चों में भारी कटौती करेगी। भारत की लोक लुभावन योजनाएं जल्द ही बंद या काम हो सकती हैं। इसका असर शेयर बाजार पर देखने को मिलेगा। जिस तरह के हालात भारतीय अर्थव्यवस्था मे देखने को मिल रहे हैं। उससे बाजार में घबराहट मची हुई है। भारत में केंद्र सरकार राज्य सरकारों और स्थानीय संस्थाओं के ऊपर भारी कर्ज है। इस स्थिति को देखते हुए निवेशक अपनी पूंजी निकाल कर शेयर बाजार से बाहर निकलना चाहते हैं। भारत के वित्तीय संस्थान भी इस समय शेयर बाजार से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं। बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, म्युचुअल फंड एवं अन्य सरकारी वित्तीय संस्थान शेयर बाजार की गिरावट से निवेश करने से बच रहे हैं। शेयर बाजार की बिकवाली को देखते हुए वित्तीय संस्थाओं का मानना है। इस समय जो भी पैसा शेयर बाजार में निवेश किया जाएगा। वह बाजार से बाहर चला जाएगा। वित्तीय संस्थाओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। जिसके कारण भारतीय शेयर बाजार की हालत इन दोनों सबसे ज्यादा पतली है। शेयर बाजार के अर्थ विशेषज्ञों का कहना है। पिछले कुछ वर्षों में शेयर बाजार को हवा भर के (जिस तरह से फुग्गा फुलाया जाता है) भारतीय शेयर बाजार को फुलाया गया था। शेयर बाजार का यह फुग्गा अब फूट रहा है। तेजी के साथ हवा निकल रही है। ऐसी स्थिति में छोटे बड़े सभी देशी विदेशी निवेशक शेयर बाजार से भाग रहे हैं। जिसके हाथ में जो लग रहा है। उसको लेकर शेयर बाजार से निकलना चाहता है। यह स्थिति भारतीय शेयर बाजार के अस्तित्व को बनाए रखने मे सबसे बड़ी चुनौती है।

# मारुति सुजुकी ने खरखौदा प्लांट में शुरु किया उत्पादन

नई दिल्ली ।

हरियाणा के खरखौदा स्थित अपने नए प्लांट में मारुति सुजुकी इंडिया ने उत्पादन शुरू कर दिया है। हरियाणा के इस प्लांट में ब्रेजा एसयूवी बनाई जाएगी। बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2022 में इस प्लांट की नींव रखी थी। कंपनी भारत में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना चाहती है और इलेक्ट्रिक वाहनों पर भी ध्यान दे रही है। वह भारत से ज्यादा गाड़ियां निर्यात भी करना चाहती है। मारुति सुजुकी इंडिया का खरखौदा प्लांट काफी अहम है, क्योंकि इससे घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इस प्लांट की आधारशिला अगस्त 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली रखी थी। इस प्लांट से शुरुआत में 2.5 लाख गाड़ियां हर साल बनाई जाएंगी। इस नए प्लांट के शुरू होने से मारुति सुजुकी कारों की कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 26 लाख यूनिट सालाना हो गई है। इसमें सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड का उत्पादन भी शामिल है, जो मारुति सुजुकी की ही एक सहायक कंपनी है। यह कदम कंपनी की भारत केंद्रित रणनीति का हिस्सा है। बता दें कि मारुति सुजुकी की मूल कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन जापान ने हाल ही में अपनी नई रणनीति की घोषणा की है।

इसका मुख्य कारण भारत में कंपनी का घटता मार्केट शेयर और बढ़ता हुआ ईवी सेगमेंट है। कंपनी भारत में 50 फीसदी मार्केट शेयर हासिल करना चाहती है। इसके लिए वह सालाना 40 लाख गाड़ियां बनाने की क्षमता तैयार करना चाहती है। कंपनी भारत को ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में भी इस्तेमाल करना चाहती है। 2025-30 के लिए अपनी नई योजना में सुजुकी मोटर ने भारत को अपना सबसे महत्वपूर्ण बाजार बताया है।

कंपनी ई-विटारा के साथ अपने ईवी पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी। बता दें कि मारुति सुजुकी फिलहाल भारत से हर साल 3 लाख गाड़ियां निर्यात करती है। कंपनी का लक्ष्य है कि इस दशक के अंत तक यह संख्या बढ़कर 7.5 से 8 लाख यूनिट हो जाए। इसके लिए सुजुकी मोटर ने उत्पादन, नए मॉडल और क्वॉलिटी इम्प्रूवमेंट के लिए लगभग 7,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है।

# मेटा ने गोपनीय जानकारी लीक करने वाले 20 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

वाशिंगटन।

फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने गोपनीय जानकारी लीक करने के आरोप में करीब 20 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। यह कदम कंपनी की आंतरिक जांच के बाद उठाया गया, जिसमें पाया गया कि कुछ कर्मचारियों ने घोषित न किए गए प्रोडक्ट प्लान और इंटरनल बैठकों की जानकारी बाहर साझा की थी। मेटा लंबे समय से कंपनी की आंतरिक जानकारी लीक करने के खिलाफ सख्त नीति अपना रही है।

सीईटो मार्क जुकरबर्ग और सीटीओ एंड्रयू बोसवर्थ ने भी नाराजगी जताई है। बोसवर्थ ने कहा कि जानकारी लीक करने वालों को पकड़ने की क्षमताएं लगातार बेहतर हो रही हैं।

मेटा के प्रवक्ता ने बताया कि हाल ही में एक जांच की है जिसके बाद करीब 20 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। आने वाले समय में और भी कार्रवाई हो सकती है। पिछले कुछ महीनों में मेटा की इंटरनल जानकारी लीक होने की घटनाएं बढ़ीं। सीईओ मार्क जुकरबर्ग की इंटरनल बैठकों से जुड़ी डिटेल्स मीडिया में लीक हो गई। ऑल-हैंड्स बैठक की जानकारी सार्वजनिक हो गई, जिससे कंपनी नाराज थी। कई अनाउंस न किए गए प्रोडक्ट और अपकमिंग फीचर्स की जानकारी बाहर आ चुकी थी।

मेटा ने साफ कर दिया है कि वह कंपनी की गोपनीयता बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाएगा और जो भी कर्मचारी नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ बर्खास्तगी जैसी कड़ी कार्रवाई होगी।

## अब एनएफओ से जुटाई रकम 30 दिन में करनी होगी निवेश

### एएमसी के लिए सेबी ने बनाए नए नियम, 1 अप्रैल से होंगे लागू

मुंबई। सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के लिए नए नियम जारी किए हैं। अब न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के जरिए जुटाई गई रकम को 30 दिनों में निवेश करना अनिवार्य होगा। एएमसी को नए फंड ऑफर से जुटाए गए पैसे को 30 दिनों में निवेश करना होगा। यदि एएमसी तय समय में निवेश नहीं कर पाती है, तो उसे अपनी इन्वेस्टमेंट कमेटी को लिखित में कारण देना होगा। इन्वेस्टमेंट कमेटी कारणों की जांच कर सकती है और अतिरिक्त 30 दिन का समय दे सकती है। सेबी ने 27 फरवरी यानी गुरुवार को इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया है। नया नियम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगा। अगर 60 दिनों में फंड निवेश नहीं किया जाता, तो उस एनएफओ में नए निवेश पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। निवेशकों को बिना किसी चार्ज के पैसा वापस लेने की अनुमति होगी। निवेशकों का पैसा फंसेगा नहीं और फंड हाउस पर दबाव बढ़ेगा। निवेशकों को पारदर्शिता मिलेगी। एएमसी को अपनी निवेश रणनीति को सटीक बनाना होगा।

# काशी में 150 करोड़ के रुद्राक्ष-कुबेर बिके

## 30 करोड़ के चंदन के टीके लगे





**बिहार।** 100 करोड़ के रुद्राक्ष बिके। 30 करोड़ के चंदन के टीके लगे। ऐसा महाकुंभ मेले में नहीं, बल्कि काशी में हुआ। 45 दिन में कुल 4.32 करोड़ श्रद्धालु काशी पहुंचे। महाकुंभ के दौरान हर रोज करीब 5 लाख लोगों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। शहर नो-व्हीकल जोन था। 5-स्टार और 3-स्टार होटलों ने कस्टमर्स को बाइक पर लाने-ले जाने की सुविधा दी। जनरल स्टोर चलाने वाले ढाबा चलाने लग गए थे। पहली बार महाशिवरात्रि पर 43 घंटे तक बाबा विश्वनाथ के दर्शन हुए। 14 देशों से 1 लाख विदेशी श्रद्धालु काशी आए। इनमें मलेशिया, ब्रिटेन, रूस, यूक्रेन, इंग्लैंड, नेपाल, बांग्लादेश के लोग सबसे ज्यादा आए। भारत के 24 राज्यों के श्रद्धालु काशी पहुंचे। सबसे ज्यादा मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से लोग पहुंचे पिछली शिवरात्रि यानी 8 मार्च, 2024 को 11.55 लाख श्रद्धालु काशी आए थे। 2025 में दोगुने से ज्यादा श्रद्धालु (करीब 25 लाख) पहुंचे। परेड कोठी के 3-स्टार होटल गौतम ग्रांड के ऋ विपिन सिंह ने बताया- हमारे पास टूरिस्ट और कॉर्पोरेट गेस्ट ज्यादा रहे। 14 से 15 स्टेट से गेस्ट आए। ऑनलाइन बुकिंग ज्यादा हुई। हमने कस्टमर को सुविधाएं दीं। उनकी गाड़ियां शहर के बाहर ही रोक दी गई थीं, इसलिए अपने स्टाफ को बाइक से भेजकर कस्टमर को होटल तक लाए। उन्होंने कहा- महाकुंभ की जितनी भीड़ थी, आप समझिए कि उसकी आधी भीड़ काशी में भी थी। बड़ा होटल हो या छोटा, सब 100% बुक रहे। किसी ने नहीं सोचा था कि इतने लोग काशी आएंगे। आरती माहेश्वरी कहती हैं- हम पहले जनरल स्टोर चलाते थे, टॉफी-बिस्कुट वगैरह बेचते थे। हमारी दुकान पर लोग घर जैसा खाना ढूंढते हुए पहुंचते थे। हम उन्हें किसी दूसरे भोजनालय में भेज देते थे। फिर हमने जनरल स्टोर बंद कर दिया। अब हम सुबह से लेकर रात 12 बजे तक लोगों को खाना खिलाते हैं। 100 रुपए एक थाली का रेट है। दुकान के बाहर खड़े मुनीश कुमार मिश्रा कहते हैं- महाकुंभ के साथ महाशिवरात्रि की वजह से श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा रही। लोग ज्यादा आएंगे, तो उन्हें अच्छा भोजन चाहिए। काशी में ढेरों लोग ऐसे हैं, जिन्होंने घर के आगे वाले कमरे में शटर लगवा लिया। खाना खिलाया। यहां मैं खाना खाने आया हूं, इन्होंने अपनी दुकान बदल दी है। काशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र में 400 दुकानों पर रुद्राक्ष, स्फटिक, पीतल की मूर्तियां बिकती हैं। मंदिर से 200 मीटर की दूरी पर कारोबारी सदन यादव ने बताया- कस्टमर तो पहले भी आ रहे थे, मगर ऐसा पहली बार हुआ कि स्टॉक ही कम पड़ गया। रात में भी दुकान खोल रहे थे। दक्षिण भारत के कस्टमर ज्यादा आए। काउंटर पर 60% कस्टमर बढ़ गए थे। उन्होंने बताया- सबसे ज्यादा रुद्राक्ष की जीरो नंबर माला बिकी। इसकी कीमत 400 रुपए है। आम दिनों में 50 लोग खरीद रहे थे। लेकिन इन 45 दिनों में रोजाना 100 से 150 लोगों ने हमारी दुकान से मालाएं खरीदीं।

# लखीसराय की टीम ने छह विकेट से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**बिहार।** शकुनी चौधरी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन पार्वती नगर में राज्य स्तरीय मां पार्वती देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन थ्री का प्री-क्वार्टर मुकाबला खेसर और लखीसराय के बीच खेला गया। मैच 15-15 ओवरों का था। खेसर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बिक्रम कुमार सिंह ने 36 और टीटू ने 38 रन बनाए। बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। पूरी टीम 11.3 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखीसराय की टीम ने 8 ओवर में 4 विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। इस तरह लखीसराय ने 6 विकेट से जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैन ऑफ द मैच रास बिहारी को मुख्य अतिथि धर्मेंद्र चौधरी ने ट्रॉफी और 2 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। रास बिहारी ने 1.3 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट झटके। दूसरे हाफ का मुकाबला चंदन 11 खाजपुरा और एसके 11 बांका के बीच हुआ। खाजपुरा के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बिट्टू मैक्सी ने 18 गेंदों में 52 और अमन ने 26 गेंदों में 66 रन बनाए। टीम ने 15 ओवर में 8 विकेट पर 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। बांका की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 94 रन पर ही सिमट गई। खाजपुरा ने 156 रनों से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच हैप्पी यादव को मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद आमोद चौधरी ने ट्रॉफी और 2 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। हैप्पी यादव ने 10 गेंदों में 35 रन बनाए और 3 ओवर में 4 विकेट झटके। मैच में अंपायर की भूमिका विनोद माजी और अरशद अली ने निभाई। तीसरे अंपायर दीपक सेंगर थे। कमेंट्री पीएन शेखर और अमित चौबे ने की। लाइव स्कोरिंग अमित सिंह और रोहित कुमार ने संभाली। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में शकुनी चौधरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के निदेशक ई. रोहित चौधरी, सचिव धर्मेंद्र चौधरी, सौरव सिंह, कृष्णानंद चौधरी, कुणाल चौधरी, निर्मल सिंह, करण चौधरी, टूर्नामेंट कन्वेनर अमिताभ राजगुरु, विकास चौधरी, मो. तारिक, साहिल कुमार और राकेश कुमार की अहम भूमिका रही।

# डोर स्टेप डिलीवरी में देरी पर विभाग को लिखा पत्र



**हवेली खड़गपुर।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रोशन ने की। बैठक में समिति के सदस्यों ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। सुधार की जरूरत पर पदाधिकारी से आग्रह किया। डोर स्टेप डिलीवरी के वाहन समय पर उपलब्ध नहीं होने पर विभाग को पत्र लिखा गया। एसडीओ राजीव रोशन ने गैस सिलेंडर विक्रेताओं को जरूरतमंदों को समय पर होम डिलीवरी करने का निर्देश दिया। बीपीएल लाभुकों को नया कनेक्शन देने और कालाबाजारी पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। एफसीआई गोदाम सहायक प्रबंधक को रोस्टर के अनुसार डीलरों को तय समय सीमा में डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसी भी लाभुक को कम अनाज देने पर पीडीएस विक्रेता पर कार्रवाई की बात कही। बैठक में इनामुल हक, पीजीआरओ शशि भूषण शशि, एएमओ जुली कुमारी, गोदाम प्रबंधन और गैस एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जेल से छूटकर आया महिला को मारी गोली




**मुंगेर।** के तारापुर थाना क्षेत्र के नवटोलिया गांव में घर में घुसकर एक महिला को गोली मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसकी पहचान स्थानीय निवासी पटुकी यादव की 42 र्षीय पत्नी बेबी देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि गोली उसके दाईं आंख के पास लगी, जो उसके सिर में फंसी रह गई। घटना के बाद परिजनों ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर पहुंचाया। जहां से उसे मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी पर तारापुर पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर पहुंचकर पीड़िता के परिजनों से संपर्क स्थापित कर घटना की जानकारी एकत्र कर रही है। साथ ही गोली चलाने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पिता के अवैध-संबंध को लेकर हुआ था विवाद तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर ने बताया कि नवटोलिया गांव में पप्पू यादव के पुत्र अभिनंदन यादव ने 42 वर्षीय महिला रूबी देवी को दांये आंख में गोली मारकर घायल कर दिया। जहां से महिला को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया की आरोपी के पिता पप्पू यादव का घायल महिला के साथ अवैध-संबंध था, जिसको लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद होते रहता था। वही एक मामले में आरोपी अभिनंदन कुमार जेल गया था और जेल से छूट कर घर आने के बाद महिला को गोली मारी है।

# एडीजी सीबीआई का मुंगेर दौरा अपराध समीक्षा और कानून व्यवस्था पर पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक





**बिहार।** के एडीजी सीबीआई और मुंगेर जिले के नोडल अधिकारी पारसनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर मुंगेर पहुंचे। जहां सर्किट हाउस में मुंगेर रेंज के डीआईजी राकेश कुमार और एसपी सैयद इमरान मसूद ने बुके देकर उनका स्वागत किया। डीआईजी कार्यालय के सभागार में एडीजी पारसनाथ पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा और कानून व्यवस्था पर बैठक की। बता दें कि यह उनका मुंगेर का पहला दौरा है। इस बैठक की तैयारियां पिछले एक महीने से चल रही थीं। बैठक में मुंगेर रेंज के डीआईजी राकेश कुमार, एसपी सैयद इमरान मसूद समेत विभिन्न क्षेत्रों के डीएसपी मौजूद हैं। सदर डीएसपी राजेश कुमार, हवेली खड़गपुर डीएसपी चंदन कुमार और तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर सिंह भी बैठक में शामिल हैं। साथ ही सभी प्रशिक्षक डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर और जिले के थाना अध्यक्ष भी उपस्थित हैं। एडीजी बिहार पुलिस सप्ताह 2025 के दौरान चलाए गए जागरूकता कार्यक्रमों की भी समीक्षा कर रहे हैं। यह कार्यक्रम 22 से 27 फरवरी तक आयोजित किया गया था। वे सभी पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दे रहे हैं। बैठक से पूर्व एडीजी ने मीडिया को बताया कि अभी हम लोग पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक करने आए हैं और इसमें विभिन्न बातों पर चर्चा की जाएगी और चर्चा के बाद ही किन बातों को लेकर विशेष फोकस किया गया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए कई पुलिस कर्मियों को मिले पदक

## पुलिस सप्ताह का समापन, CM नीतीश रहे मौजूद







**बिहार।** पुलिस सप्ताह 22 फरवरी से शुरू हुआ था जिसका समापन आज 27 फरवरी को हो गया। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद रहे। साथ ही बिहार के कई बड़े अधिकारी और पुलिस के कई बड़े अधिकारी भी मौजूद रहे। यह सप्ताह आज के समय की सबसे बड़ी समस्या साइबर अपराध और इससे सुरक्षा पर रखा गया था। समारोह का कार्यक्रम बीएमपी 5 के मिथिला स्टेडियम में मनाया गया। यहां परेड का भी आयोजन हुआ। आखिरी दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सम्मिलित हुए। बिहार में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा भी इस कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंच पर आते ही, उन्हें सलामी दी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के साथ डीजीपी विनय कुमार और परेड की अगुआई कर रही एसडीपीओ पटना सदर 1 दीक्षा मौजूद रही। परेड का सह नेतृत्व ट्रेनी डीएसपी पल्लवी कुमारी कर रही थी। कुछ पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। इस परेड में बिहार के अलग-अलग विंग के 8 टुकड़ियों ने परेड में हिस्सा लिया। इसमें महिला कमांडो की भी एक टुकड़ी ने हिस्सा लिया। इसी परिसर में बने इंडोर स्टेडियम और जिम का उद्घाटन भी किया गया। 22 फरवरी को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन में इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा था कि सरदार पटेल भवन पुलिस मुख्यालय की तारीफ किए बिना नहीं जाता है। यह भवन पटना में बनने वाला सबसे पहला भूकंप रोधी बिल्डिंग है। इस मौके पर बिहार मुख्य सचिव समेत बिहार डीजीपी समेत पुलिस के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। बिहार पुलिस फोर्स की बढ़ी संख्या मुख्य सचिव ने बताया था कि 2005 में बिहार के पास कुल 40 से 45 हजार फोर्स थी, वहीं आज की स्थित काफी अलग है। आज के समय में बिहार में पुलिस के 2.29 लाख पद सृजित हैं। 2005 की बात करें तो बिहार पुलिस के पास मात्र 1000 गाड़ियां थी, लेकिन आज के समय में बिहार पुलिस के पास 11000 हजार गाड़ियां है।

# महाशिवरात्रि पर लखनपुर में भव्य जागरण, भक्ति में डूबे श्रद्धालु




**बिहार।** महाशिवरात्रि की रात लखनपुर गांव में भव्य जागरण हुआ। ग्रामीणों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ इसमें भाग लिया। आयोजन गांव वासियों ने समारोह पूर्वक किया। इसमें सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी और राजनीतिक कार्यकर्ता ई. रोहित चौधरी ने फीता काटकर किया। उनके नेतृत्व में श्रद्धालु शिवभक्तों ने भक्ति भाव से जागरण में हिस्सा लिया। भगवान शिव की आराधना की। संगीत ने जागरण में विशेष भूमिका निभाई। स्थानीय कलाकारों ने अपने सुरों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। गायक सुमन जी और रमेश कुमार ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शिव भजनों की गूंज से समूचा गांव गूंज उठा। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे। इस मौके पर सुमन चौधरी, पवन चौधरी, समाजसेवी कुणाल चौधरी, जुगल मंडल, राजधानी मंडल, आनंदी चौधरी, कपिल सिंह, सुभाष सिंह, बलराम चौधरी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### वाहन मालिक कल तक अपडेट करें अपना मोबाइल नंबर, नहीं तो अब लगेगा जुमार्ना

**बिहार।** वाहन मालिक और चालक अपने वाहन से लिंक मोबाइल नंबर और पता एक मार्च तक अपडेट कर लें। ऐसा नहीं करने पर 2500 रुपए जुमार्ना लगेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार अलबेला ने बताया कि वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर और ड्राइविंग लाइसेंस के साथ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पता अपडेट रखना अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिला परिवहन पदाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। डीटीओ ने बताया कि कई वाहन मालिकों और चालकों के रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस से लिंक मोबाइल नंबर उपयोग में नहीं हैं। इससे दुर्घटना या अन्य घटनाओं में वाहन मालिक और चालक की पहचान में परेशानी होती है। यातायात उल्लंघन की स्थिति में ई-चालान भी संबंधित व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाता है। डीटीओ ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 49 के तहत, यदि वाहन मालिक अपने रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र में दर्ज पता बदलते हैं, तो 30 दिनों के अंदर नए पते की सूचना सक्षम प्राधिकार को देनी होगी। ऐसा नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए आधार से लिंक नंबर देना अनिवार्य होगा। एमवीआई मो. जमीर आलम ने बताया कि वाहन मालिकों और चालकों को जल्द से जल्द मोबाइल नंबर अपडेट कर लेना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई होगी। संबंधित वाहन का रजिस्ट्रेशन और चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है। परिवहन विभाग ने हेल्प डेस्क नंबर 06122547212 जारी किया है। वाहन मालिक इस नंबर पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मोबाइल नंबर और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पर अपडेट किया जा सकता है।

### 96 पंचायतों में डंपिंग यार्ड, फिर भी सड़क के किनारे फेंक रहे हैं



**बिहार।** जिले में स्वच्छता अभियान के तहत 96 पंचायतों में कचरा डंपिंग यार्ड बनाए गए हैं। इसके बावजूद खुले में कचरा फेंका जा रहा है। कई जगहों पर कचरे में आग लगा दी जाती है। इससे निकलने वाला जहरीला धुआं लोगों की सेहत पर असर डाल रहा है। सफाई कर्मी घरों से कचरा उठाकर एनएच किनारे या गांव की सड़कों पर फेंक देते हैं। इससे मवेशी कचरे को इधर-उधर फैला देते हैं। जब यह कचरा सड़ता है तो बदबू फैलती है। लोग नाक पर कपड़ा रखकर गुजरने को मजबूर हैं। खुले में कचरा फेंकना और जलाना दंडनीय अपराध है। फिर भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। एनएच-80 किनारे जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। गुरुवार को तेलिया तालाब से पूरबसराय की ओर जाने वाले मार्ग में बनौधा के समीप एनएच किनारे कूड़े के ढेर में आग लगा हुआ है और उसका दुर्गंध आस-पास में फैलते जा रहा है। वहीं वहां से कुछ दूर आगे बढ़ने पर पांच नंबर गुमटी तिनबटिया के समीप भी उसी तरह से कूड़े के ढेर में आग लगा कर छोड़ दिया गया था। ऐसी स्थिति अब जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी दिखने लगी है। मुंगेर, जमालपुर, हवेली खड़गपुर, तारापुर, संग्रामपुर, टेटिया बंबर और धरहरा समेत कई इलाकों में सफाई कर्मी घर-घर से कचरा उठाते हैं। लेकिन इसे डंपिंग यार्ड तक नहीं ले जाते। सड़क किनारे ही फेंक देते हैं। कई जगहों पर कचरे के ढेर में आग लगा दी जाती है। इससे निकलने वाला जहरीला धुआं लोगों को बीमार कर रहा है। जिले के कई प्रखंडों में यह समस्या लगातार बनी हुई है।

### अपहरण की साजिश में आरटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**बिहार।** तारापुर थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मो. नदीम अहमद को पुलिस ने बरामद कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। नदीम अहमद के लापता होने की शिकायत उसके बेटे शाहीम अहमद ने हेमजापुर थाना में दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि 25 मई 2024 को उसके पिता सीसीए के तहत हाजिरी लगाने हेमजापुर थाना गए थे, जहां से उनका अपहरण कर लिया गया। इस शिकायत पर तारापुर पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर आवेदन हेमजापुर थाना भेज दिया था। जांच में पता चला कि नदीम अहमद का अपहरण नहीं हुआ था। वह खुद कुछ लोगों को फंसाने के इरादे से फरार हुआ था। पुलिस ने जब उसके बेटे शाहीम अहमद से पूछताछ की तो उसने बताया कि पिता ने ही उसे आवेदन देने को कहा था। पुलिस ने कॉल डिटेल्स खंगाली तो मामला झूठा निकला। नदीम अहमद का गांव की एक युवती से अवैध संबंध था। युवती की शादी हो जाने से वह नाराज था। वह छिपकर लखनपुर पहुंचता और उसके दरवाजे पर निकाहनामा का पोस्टर चिपका कर भाग जाता। पोस्टर में खुद को उसका पति बताते हुए लिखा था कि अगर कोई उससे शादी करता है तो पहले तलाक लेना होगा। बीते मंगलवार की रात जब वह फिर से पोस्टर चिपका रहा था, तो युवती के घरवालों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची तारापुर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर हेमजापुर थाना पुलिस को सौंप दिया। अस्पताल से पकड़ा गया ^नदीम अहमद को पुलिस ने सदर अस्पताल से पकड़ा गया। सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और न्यायालय में पेश किया। आगे की कार्रवाई जारी है।

### बिटुमिन रोड तोड़कर निगम बना रहा पीसीसी सड़क, लोगों ने जताया विरोध

**बिहार।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर में समर्पण हॉस्पिटल के नजदीक से लेकर राजकीय कन्या मध्य विद्यालय तक की कालीकरण सड़क को तोड़कर पीसीसी बनाया जा रहा है। माधोपुर मोहल्लेवासियों ने इस बात का आवेदन गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह व नगर आयुक्त कुमार अभिषेक को दिया है। आवेदन में कहा गया है कि वार्ड संख्या-16 व वार्ड-17 अंतर्गत आने वाले मुख्य सड़क दशकों से कालीकरण है। इस मुख्य सड़क से बड़ी-बड़ी गाड़ियां पूरबसराय होते हुए मुंगेर बस अड्डे और मुख्य बाजार तक जाती है। रोजाना इस सड़क पर सैकड़ों की संख्या में आईटीसी फैक्ट्री व कारोबारियों के ट्रक व आमजन की छोटी-बड़ी गाड़ियां चलती है। नगर निगम प्रशासन जान बूझकर करीब 1 किलोमीटर की कालीकरण सड़क को 67 लाख की लागत से पीसीसी कार्य करा रही है। पीसीसी सड़क निर्माण कार्य के जरिए संवेदक लाखों रुपए का न्यारा-वारा करते हैं और पहले से अच्छी सड़क को पीसीसी के नाम पर घटिया सामाग्री का उपयोग कर सड़क को बर्बाद कर दी जाती है। इसलिए कालीकरण सड़क को कालीकरण के जरिए ही ठीक किया जाए। मोहल्लावासी उल्लास कुमार सिंह, मुकूल कुमार सिन्हा, कुमारी मीना, प्रेमनंदन प्रसाद, अमोल कुमार गुप्ता आदि करीब 50 लोगों ने आवेदन दिया है।

# सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल जीत चुकी हैं उर्वशी रौतेला, मॉडलिंग ने खोला अभिनय का रास्ता



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपने अभिनय से ज्यादा अपने ग्लैमर और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। उर्वशी अपना 31वां जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री अपने बेहतरीन स्टाइल से समय-समय पर फैशन गोल्स भी देती रहती हैं। उनकी हर एक तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई रहती है। हाल ही में अभिनेत्री डाकू महाराज में नजर आई थीं, जिसमें अपने डांस नंबर से अभिनेत्री ने लोगों को दीवाना बना दिया। उर्वशी रौतेला अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में तो बनी ही रहती हैं, लेकिन इसके साथ ही वह अपने फैशन सेंस और पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा बटोरती हैं। अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर जानते हैं उनसे जुड़ी खास बातें।

### बॉलीवुड से साउथ तक छाई उर्वशी

25 फरवरी, 1994 को उत्तराखंड में जन्मीं उर्वशी रौतेला अपने परिवार से पहली शख्सियत हैं, जिन्होंने अभिनय की दुनिया और मॉडलिंग के ग्लैमर वर्ल्ड में किस्मत आजमाई। अपनी खूबसूरती और काबिलियत के बल पर देश से लेकर विदेशों तक में अपनी पहचान बनाने वाली उर्वशी रौतेला का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है। उर्वशी के पिता मानव सिंह बिजनेसमैन हैं। उनकी मां मीरा संस्कृति से कुमाऊंनी और एक सफल उद्यमी हैं। वह एक लग्जरी ब्यूटी सैलून की मालिक हैं।

### नेशनल लेवल की बास्केटबॉल प्लेयर रह चुकी हैं उर्वशी

उर्वशी रौतेला अपनी खूबसूरती और कमाल की फिटनेस के लिए तो जानी जाती हैं, लेकिन यह बात कम ही लोग जानते हैं कि असल जिंदगी में वह राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। अभिनेत्री ने बास्केटबॉल के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों पर अपने राज्य उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया है।

### पांच डांस फॉर्म में माहिर हैं उर्वशी रौतेला

उर्वशी रौतेला अभिनय के साथ ही बेहतरीन डांसर भी हैं। उनके कातिलाना डांस मूव्स के पीछे की वजह यह है कि वह एक ट्रेंड डांसर हैं। उर्वशी पांच तरह के डांस फॉर्म्स भरतनाट्यम, कथक, जैज, हिप-हॉप और बेली डांस में माहिर हैं। इसके बाद उर्वशी ने अभिनय में भी अपनी किस्मत आजमाई और उन्होंने अपनी काबिलियत के दम पर बॉलीवुड में अच्छा-खासा मुकाम हासिल किया है। साथ ही अब वह साउथ इंडस्ट्री में भी पैर जमा रही हैं।

### सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल अपने नाम कर चुकी हैं उर्वशी

उर्वशी रौतेला की खूबसूरती के तो सभी कायल हैं। बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने से पहले उर्वशी दो बड़े खिताब को अपने नाम कर चुकी हैं। वह पहली महिला हैं, जिन्होंने 2012 और 2015 में दो मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज जीता। इसके अलावा साल 2018 में भी उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की सरकार और पर्यटन द्वारा ब्रह्मांड में सबसे कम उम्र की सबसे खूबसूरत महिला के रूप में सम्मानित किया गया था। उर्वशी रौतेला सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल अपने नाम करने वाली महिला में शुमार हैं।



## हेराफेरी 3 से भी कटा कार्तिक का पत्ता, प्रियदर्शन पहली बार करेंगे किसी सीक्वल का निर्देशन

हिंदी सिनेमा की कॉमेडी फिल्मों में 'हेराफेरी' का अलग ही फैन बेस है। इसमें परेश रावल के निभाए किरदार बाबूराव गणपतराव आप्टे पर जितने मीम्स बने हैं, उतने शायद ही हिंदी सिनेमा के किसी दूसरे किरदार पर बने हों। अगले महीने इस फिल्म की रिलीज के 25 साल पूरे होने जा रहे हैं और इस दिन फिल्म 'हेराफेरी 3' को लेकर भी एक बड़ा एलान होने जा रहा है। इस फेंचाइजी की साल 2006 में रिलीज सीक्वल 'फिर हेराफेरी' को नीरज वोरा ने निर्देशित किया था। अब प्रियदर्शन इसकी तीसरी कड़ी निर्देशित करने जा रहे हैं और ये पहली बार होगा जब प्रियदर्शन अपनी ही किसी फिल्म की कोई सीक्वल निर्देशित करेंगे। फिल्म में एक अहम किरदार कार्तिक आर्यन का भी था, और फिल्म में बाबूराव का किरदार करने वाले परेश रावल ने बाकायदा इसकी सोशल मीडिया पर पुष्टि भी की थी, लेकिन अब कार्तिक आर्यन इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। परेश के मुताबिक, फिल्म 'हेराफेरी 3' जब निर्देशक फरहाद सामजी के साथ बन रही थी तो उसमें कार्तिक आर्यन को एक नए किरदार के रूप मे लाया जाना था। किस्सा कुछ यूं बना था कि कुछ लोग उसे राजू समझकर पकड़ लाते हैं। फिर फरहाद सामजी की फिल्म से छुट्टी हुई और प्रियदर्शन आ गए तो फिल्म की कहानी भी बदल गई। फिल्म 'हेराफेरी 3' पहले नीरज वोरा ही निर्देशित कर रहे थे तब फिल्म में अक्षय, परेश रावल और सुनील शेट्टी तीनों थे। लेकिन, जब अक्षय और परेश ने ये फिल्म करने से मना किया तो नीरज वोरा फिल्म में जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन और नाना पाटेकर को ले आए थे, लेकिन नीरज के आकस्मिक निधन के बाद से फिल्म लटकी रही।

निर्देशक इंद्र कुमार व अनीस बज्मी के नाम भी फिल्म से जुड़े पर इस साल जाकर ये तय हुआ है कि फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ही करेंगे और फिल्म अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ ही बनेगी। फिल्म 'हेराफेरी' 25 साल पहले रिलीज हुई थी और इसकी सिल्वर जुबली अगले महीने होली के ठीक बाद मनाने की तैयारी है, उसी दिन फिल्म 'हेराफेरी 3' को लेकर एक बड़ा एलान भी होने वाला है।






## सिनेमाघरों में मलयालम थ्रिलर 'फुटेज' की हिंदी रीमेक रिलीज होगी



फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप मलयालम थ्रिलर फुटेज का हिंदी वर्जन पेश करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में मंजू वारियर मुख्य भूमिका में हैं। कश्यप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर प्रशंसकों को जानकारी दी। अनुराग कश्यप ने कहा, मैंने 'फुटेज' का मलयालम संस्करण देखा और यह मेरे दिमाग में बस गया। यह फिल्म पिछले साल केरल में रिलीज हुई थी और इसे काफी सराहना मिली थी। अब इसे पूरे देश के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सैजू श्रीधरन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। श्रीधरन को महेशिंते प्रतिकारम और कुंबलंगी नाइट्स जैसी सफल फिल्मों के लिए जाना जाता है। अनुराग कश्यप ने कहा, मलयालम सिनेमा के युवा फिल्म निर्माताओं को नए अंदाज और तकनीक से कहानियां कहते हुए देखना रोमांचक है। वे रूढ़ियों को तोड़ रहे हैं और नई चीजों को करने की कोशिश कर रहे हैं। इस फिल्म में मंजू वारियर के अलावा विशाक नायर और गायत्री अशोक भी नजर आएंगी। कहानी एक यूट्यूब व्लॉगिंग कपल की है, जो कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अपने एक हेल्पर की खोज के लिए निकलते हैं। उनकी खोज उन्हें एक अलग द्वीप और एक रोमांचक सफर पर ले जाती है। मंजू वारियर ने कहा, फाउंड-फुटेज फॉर्मेट ने इस फिल्म को खास बना दिया। पूरी कहानी पात्रों को वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए बताई गई, जिससे यह बेहद रोमांचक अनुभव बन गया। फिल्म के हिंदी संस्करण को पिलप फिल्म्स, सिनेपॉलिस के साथ साझेदारी में रिलीज करेगी। अनुराग कश्यप हाल ही में टाइगर्स पॉन्ड फिल्म से भी जुड़े, जो इस साल बर्लिनले फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने वाली पहली कन्नड़ फिल्म बनी। निर्देशक सैजू श्रीधरन ने कहा, हम बहुत खुश हैं कि अनुराग कश्यप और सिनेपॉलिस हमारी फिल्म को हिंदी दर्शकों तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। गायत्री अशोक ने कहा कि अनुराग कश्यप के समर्थन से यह फिल्म तकनीकी और सौंदर्य की दृष्टि से शानदार साबित होगी, जबकि विशाक नायर ने इसे पूरी टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## कभी जान्हवी ने उड़ाया था हिमेश रेशमिया का मजाक, सिंगर ने अब किया रिएक्ट



हिमेश रेशमिया की किस्मत के सितारे इन दिनों बुलंदी पर हैं। फिल्म बैडएस रवि कुमार की सफलता को एंजॉय कर रहे हिमेश ने ऐसा भी वक्त देखा है, जब उन्हें खूब ट्रोल किया गया। उनकी आलोचनाएं हुईं और मजाक उड़ाया गया। खुद के बारे में कही गई बातों पर हाल ही में हिमेश ने प्रतिक्रिया दी और बताया कि वे इनसे कैसे निपटते हैं? कुछ वक्त पहले अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सारा अली खान के साथ कॉफी विद करण में शिरकत की थी। इस दौरान जान्हवी ने कहा था कि उन्हें हिमेश के फीड पर जाना और बैकग्राउंड में तंदूरी नाइट्स के साथ उन्हें वर्कआउट करते देखना अच्छा लगता है। उन्होंने उनकी नकल भी की थी। जान्हवी ने हंसते हुए कहा था, यह दुनिया की सबसे अच्छी चीज है। मुझे यह पसंद है।

### बहुत पहले छोड़ देता काम करना

हिमेश रेशमिया ने कहा, अगर मुझ पर लोगों की बातों का असर पड़ा होता तो मैं बहुत पहले ही यहां काम करना बंद कर देता। अगर मुझे खुद पर जरा भी शक होता, तो मैं यहां नहीं होता। आपको वही करना चाहिए जो आप कर सकते हैं। भगवान से प्रार्थना करें और अपने रास्ते में आने वाले प्यार को स्वीकार करें। उन्होंने आगे कहा, अक्षय कुमार हमेशा कहते हैं कि हमारे पास ये सभी फॉर्मूले हैं, किसी और की बात सुनो और फिर उसमें सुधार करो। अगर उनके पास एक निश्चित नजरिया है, तो उस पर काम करो और साबित करो।

### नजरिए का फर्क है

हिमेश ने आगे कहा, आज मैंने बैडएस रवि कुमार के साथ अपनी मेहनत का फल देखा है। मुझे जो 6 दिखता है, आपको 9 दिखता है, यह नजरिए का फर्क है। किसी की आलोचना का बुरा नहीं मानना चाहिए। जब आशिक बनाया आया, तो बहुत ट्रोलिंग हुई, लेकिन वही लोग क्लबों में नाच रहे थे।



## पुष्पा 2 के बाद एक नई फिल्म शुरू कर रहे अल्लू



साउथ सुपरस्टार अल्लू कलाकारों की कास्टिंग शुरू कर अर्जुन पुष्पा दे दी है। उन्होंने फिल्म में अहम रूल की सफलता के बाद अब अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। हैदराबाद में फिल्म का प्री-प्रोडक्शन जोरों पर है और फिल्म को लेकर एक नया और दिलचस्प अपडेट सामने आया है। निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने फिल्म के लिए भूमिकाओं के लिए कई एक्टर्स से संपर्क किया है। हालांकि, अभी तक इन कलाकारों के नाम या उनके किरदारों का खुलासा नहीं किया गया है। इसकी आधिकारिक पुष्टि निर्देशक की ओर से आनी बाकी है। पुष्पा 2 की तरह, यह भी एक पैन इंडिया फिल्म होगी। निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने फिल्म के लिए कलाकारों की कास्टिंग शुरू कर दी है।

## गो गोवा गॉन के सीक्वल का निर्देशन करेंगे कुणाल खेमू



**बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कई चीजों पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने फिल्म के निर्देशन को लेकर भी अपनी इच्छा जाहिर की। एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह फिल्म गो गोआ गॉन का सीक्वल जरूर निर्देशित करना चाहेंगे।**

इस फिल्म में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में थे। कुणाल खेमू ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। हम हैं राही प्यार के और राजा हिंदुस्तानी जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम करने के बाद वह बतौर लीड एक्टर कलयुग में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने गो गोआ गॉन, ढोल, गोलमाल 3 और गोलमाल अगेन जैसी कॉमेडी फिल्मों से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई।

### गो गोवा गॉन के सीक्वल का करना चाहते हैं निर्देशन

पिछले साल कुणाल ने डायरेक्टर के रूप में अपनी शुरुआत मडगांव एक्सप्रेस नाम की फिल्म से की थी। इस फिल्म में प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु मुख्य भूमिका में थे। बातचीत के दौरान कुणाल ने कहा, मैंने गो गोआ गॉन में सैफ अली खान के साथ काम किया था और मुझे वह अनुभव बहुत पसंद आया था। अगर मुझे मौका मिला तो मैं इसका सीक्वल जरूर बनाऊंगा। साथ ही, मैं अपनी सास शर्मिला टैगोर के साथ भी फिल्म में काम करना चाहूंगा।

### फिल्म के दूसरे भाग को लेकर कही ये बात

गो गोआ गॉन के सीक्वल के बारे में बात करते हुए कुणाल ने कहा, सीक्वल बनाना बहुत डरावना होता है, क्योंकि पहले लोग बिना किसी उम्मीद के आते हैं, लेकिन जब उन्हें फिल्म पसंद आती है तो वे सीक्वल के लिए उम्मीदें लेकर आते हैं। इसलिए हम पहले से ही यह सोचते हैं कि दर्शक क्या सोचेंगे। हालांकि, यह भी बहुत रोमांचक भी होता है, क्योंकि अब हमें दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना होता है। गो गोआ गॉन 2 की घोषणा साल 2018 में की गई थी, लेकिन कुछ वजहों से यह फिल्म अब तक नहीं बन सकी है।

## नेहा मलिक ने फैंस को दिया सरप्राइज

## लॉन्च कर रही हैं पर्सनल एप

अभिनेत्री और मॉडल नेहा मलिक अपना पर्सनल एप लॉन्च करने जा रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। नेहा ने लिखा है, मेरे उन सभी फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज, जो मुझसे सीधे कनेक्ट होना चाहते हैं। नेहा ने लिखा है, मैं अपना पर्सनल एप लॉन्च कर रही हूं। इसके अलावा नेहा ने ईशा गुप्ता के साथ भी तस्वीरें शेयर की हैं और बताया है कि नए वीडियो में दोनों साथ नजर आएंगी। फैंस दोनों को साथ देखने के लिए उत्साहित हैं, फिलहाल ईशा, हनी सिंह के गाने मैनियक में नजर आ रही हैं।



# इंग्लैंड को हराकर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी दक्षिण अफ्रीका

**कराची (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका की टीम शनिवार को यहां होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच मुकाबले में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका टीम का पलड़ा भारी है क्योंकि इंग्लैंड की टीम का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और वह अपने दोनो ही मैच हारी है। पहले मैच में उसे ऑस्ट्रेलिया जबकि दूसरे मैच में अफगानिस्तान ने हराया। दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके अधिकतर खिलाड़ी भी लय में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। वहीं दूसरी और इंग्लैंड की बल्लेबाज जो रुट पर ही टिक है। अन्य बल्लेबाज अब तक असफल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक केवल एक मैच ही खेला है जिसमें उसने अफगानिस्तान को 107 रन के बड़े अंतर से हराया था। इस मैच में उसके बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने शतक लगाया, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा, रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्क्रम ने अर्धशतक लगाये, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 315 रन बनाए और इसके बाद अफगानिस्तान को 208 रन पर ही समेट दिया। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया। दक्षिण अफ्रीका की टीम के खिलाफ जो बात जा रही है वह ये है कि वह बड़े मुकाबलों में दबाव का सामना करते हुए बिखर जाती है हालांकि आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसका प्रदर्शन अच्छा रहा है पर पिछले एक साल में वह उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायी है। दक्षिण अफ्रीका को पिछले 12 एकदिवीसयय मैच में से आठ में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले पाकिस्तान में खेली गई त्रिकोणीय सीरीज में भी दक्षिण अफ्रीका फाइनल में जगह नहीं बना पायी थी। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में उसको अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी क्योंकि इंग्लैंड की टीम जीत के साथ ही अपने अभियान का समापन करना चाहेगी। पहले ही सेमीफाइनल से बाहर होने के कारण उस पर किसी भी प्रकार का मनोवैज्ञानिक दबाव भी नहीं रहेगा। उसकी कमजोर कड़ी ये है कि रूट को छोड़कर कोई भी खिलाडी आत्मविश्वास से भरा हुआ नहीं दिखता है। चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज में उसे सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम को हार के इस क्रम को तोड़ने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में रूट ने 120 रन की शानदार पारी खेली थी पर उसके बाद भी अन्य बल्लेबाज लक्ष्य हासिल नहीं कर पाये। वहीं पहले मैच में उसके गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 300 से अधिक बड़े लक्ष्य का बचाव भी नहीं कर पाये।





**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**इंग्लैंड** = जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक, रेहान अहमद, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

**दक्षिण अफ्रीका** = टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्क्रम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रेयान रिकेलटन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

# चैम्पियंस ट्रॉफी मेरे करियर का अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट होगा: डुसेन



**कराची (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने कहा कि कहा है कि चैम्पियंस ट्रॉफी उनके करियर का अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट होगा। डूसने ने ये बात शनिवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाल आखिरी ग्रुप स्टेज मैच से पहले कही है। डुसेन ने कहा, यह निश्चित रूप से एक संभावना है कि यह मेरा आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट हो। मैं यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि या तो में नहीं खेलूंगा या प्रबंधन मुझे नहीं शामिल करेगा। इस क्रिकेटर ने कहा कि उनके लिए अपने देश के लिए खेलना हमेशा उनका सबसे बड़ा लक्ष्य रहा है।

डूसन ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य हमेशा अपनी टीम के लिए खेलना रहा है। लोग मुझसे पूछ रहे हैं, क्या आप इसके बाद लीग खेलेंगे? मुझे नहीं पता। मुझे नहीं पता कि टीम के लिए नहीं खेलने की संभावना समाप्त हो जाएगी या नहीं हालांकि, मुझमें लीग में खेलने की भूख बनी रहेगी। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र लक्ष्य रहा है, इसलिए अगर यह लक्ष्य पूरा नहीं होता है, तो मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूंगा। अगर मुझे दूसरा अनुबंध दिया जाता है, तो मैं निश्चित रूप से इसे स्वीकार करूंगा और उस अवधि के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। इस खिलाड़ी ने टीम के युवा बल्लेबाजों ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी ज़ोरज़ी और मैथ्यू ब्रीट्ज़के की जमकर प्रशंसा की । उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छी बात है कि इतने सारे युवा खिलाड़ी सामने आ रहे हैं, जो वाकई अच्छा खेल रहे हैं। ट्रिस्टन स्टब्स या टोनी डी जोरजी जैसे खिलाड़ी किनारे पर बैठे हैं।

# रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में बना सकते हैं एक रिकार्ड




**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले अंतिम लीग मैच में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। अभी ये रिकार्ड पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के नाम है।

रोहित अगर आने वाले मैच में 11 छक्के लगाने में कामयाब होते हैं तो वह एकदिवसीय में सबसे तेज 350 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। रोहित ने अब तक एकदिवसीय में 339 छक्के लगाए हैं। अगर वह आने वाले मैच में 11 छक्के लगाने में सफल होते हैं तो वह वनडे में सबसे तेज 350 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। वहीं 13 छक्के लगाने से वह शाहिद अफरीदी (351) को पीछे छोड़कर एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 632 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

# हर्ष दुबे ने रचा इतिहास, रणजी ट्रॉफी के एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया

**नागपुर (एजेंसी)।** हर्ष दुबे (88 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन ने विदर्भ ने शुक्रवार को केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में तीसरे दिन पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल कर ली। हर्ष इसके साथ ही रणजी इतिहास में किसी भी गेंदबाज द्वारा एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रहे।

इस युवा वामहस्त स्पिनर ने इस सत्र में अब तक 69 विकेट चटका कर 2018-19 में बिहार के आशुतोष अमन के 68 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। केरल के कप्तान सचिन बेबी (98) दो रन से शतक से चूक गये जबकि अनुभवी आदित्य सरवटे ने 185 गेंद में 79 रन की शानदार पारी खेली लेकिन विदर्भ के गेंदबाजों ने धैर्य बनाये रखते हुए केरल की पहली पारी को 342 रन पर समेट दिया।

विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। सरवटे दिन के पहले सत्र में आउट हुए जबकि सलमान निजार (21) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (34) अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। दुबे के साथ दर्शन नालकंडे (52 रन पर तीन विकेट) और पार्थ रेखाडे (65 रन पर तीन विकेट) ने भी तीन-तीन विकेट लिए। हर्ष ने सरवटे को पहली स्लिप में कैच करा कर रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में अपना 67वां विकेट हासिल किया।




इसके बाद उन्होंने लंच से ठीक पहले निजार को पगबाधा आउट करके बिहार के आशुतोष अमन के एक सत्र में सर्वाधिक 68 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्हें हालांकि अपने तीसरे विकेट के लिए काफी पसीना बहना पड़ा। उन्होंने एमडी निधीश (एक) को पगबाधा कर रणजी सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। सरवटे ने अपना बल्ला फ्रंटफुट के पास रख रक्षात्मक रवैया अपनाया लेकिन हर्ष की गेंद अतिरिक्त उछाल ली और स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक अमन मोखड़े ने आसान कैच पकड़ लिया।

सरवटे ने 185 गेंद की पारी में चौथे विकेट के लिए कप्तान के साथ 63 रन जोड़े। सचिन बेबी ने इसके बाद निजार के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 रन और अजहरुद्दीन के साथ छठे विकेट के लिए 59 रन साझेदारी की लेकिन उनका प्रयास टीम को पहली पारी में बढ़त दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था। निजार ने अपनी 42 गेंद की पारी में तीन चौके लगाये। उन्हें हर्ष की गेंद पर पगबाधा दिया गया। केरल के खिलाड़ियों ने हालांकि इस फैसले पर निराशा जताई।

निजार ने हर्ष की ऑफस्टंप की बाहर टप्पा खाने वाली गेंद को छोड़ने के लिए बल्ला ऊपर उठा दिया लेकिन गेंद अधिक घुमाव के साथ उनके पैर से टकरा गया। मैदानी अंपायर अनिल चौधरी ने शॉट न खेलने के कारण बल्लेबाज को पगबाधा घोषित कर दिया। निजार ने डीआरसएस लिया लेकिन रीप्ले में भी गेंद विकेटों से टकरते दिखी। अजहरुद्दीन फ्लिक करने का प्रयास किया नलकंडे की गेंद पर पगबाधा हुए।

# बून अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड के सदस्य बनेंगे : बेयर्ड

सिडनी ।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड बून अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के बोर्ड में शामिल होंगे ।बून अभी आईसीसी मैच रेफरी हैं पर वह अपना पद चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद छोड़ देंगे ।एक रिपोर्ट के अनुसार बून मार्च के अंत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के बोर्ड में शामिल होंगे। बून अभी तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और उन्हें सीए के निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह शामिल किया जाएगा। इसी को लेकर सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड कहा, ''बून एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने लंबे अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे जिससे उसे आगे ले जाने में सहायता मिलेग ऽ उन्होंने कहा, ''बून ने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में अपनी भूमिका से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बारे में काफी जानकारी हासिल की है और ये ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। ऽ गौरतलब है कि बून साल 2011 से ह ही आईसीसी मैच रेफरी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 107 टेस्ट और 181 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें उन्होंने कुल 13,386 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। वह 1987 में विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य थे ।बून चयनसमिति में भी शामिल रहे हैं।



# रिजवान बोले, फखर और अयूब के नहीं होने से हारे



रावलपिंडी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम के खराब प्रदर्शन की बात स्वीकार करते हुए कहा कि दो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा है ।पाक टीम टूर्नामेंट में अपने दोनो मैच हारकर शुरुआत में ही सेमीफाइल की दौड़ से बाहर हो गयी जिससे कारण टीम की जमकर आलोचना हो रही है ।इसी को लेकर अब रिजवान ने सफाई दी है ।उन्होंने कहा कि सैम अयूब और फखर जमान जैसे स्टार खिलाड़ियों के नहीं होने से टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी ।अयूब और फखर चोटिल होने के कारण पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गये थे ।अयूब टखने में चोट की वजह से बाहर हो गए थे। वहीं फखर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में चोटिल हुए थे। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी में लीग के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से और दूसरे मैच में भारत से हार का सामना करना पड़ा जबकि उसका बांग्लादेश के खिलाफ तीसरा लीग मुकाबल बारिश के हो रद्द हो गया। रिजवान ने कहा कि हम अपने खराब प्रदर्शन से दुखी हैं क्योंकि हमने अपने प्रशंसकों की उम्मीदें तोड़ी हैं। हम मानते हैं कि हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया पर वादा करते हैं कि हम और कड़ी मेहनत कर विश्वस्तर पर वापसी करेंगे ।उन्होंने कहा अयूब और फखर के नहीं होने से टीम का संतुलन खराब हो गया। दोनों खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे जिससे टीम संतुलित थी पर इनके बाहर होने से हालात विपरीत हो गये।

# बदतमीजी मेरे से... वसीम अकरम ने माना- पाक टीम का कोच बनने पर झेलनी पड़ती है जिल्लत

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज और पूर्व कप्तान वसीम अकरम का मानना है पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कोच बनना किसी चुनौती से कम नहीं है। अकरम को अक्सर क्रिकेट शो के दौरान पाकिस्तानी टीम की खामियों पर बात करते हुए देखा जाता रहा है। सोशल मीडिया पर कई फैंस उन्हें कोच बनने का ऑफर भी करते रहे हैं, लेकिन वसीम हर बार गोलमोल जवाब देकर बात को टाल जाते थे। लेकिन इस बार वसीम अकरम ने इस पर खुलकर बात की। उन्होंने ड्रेसिंग रूम शो में एक प्रशंसक के सवाल का जवाब देते हुए साफ तौर पर कहा कि वह प्रशंसकों द्वारा किए गए खराब व्यवहार को बर्दाश्त नहीं कर सकते, जिसका सामना वकार यूनिस सहित उनके पूर्व साथियों ने अपने मुख्य कोच रहने के दौरान किया था। इसी कारण वह कभी पाकिस्तान का कोच बनने की नहीं सोचते।




वसीम अकरम ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो ऐसे बहुत सारे लोग है जो अभी भी बातों बातों में मेरी आलोचना करते हैं। कहते हैं कि इससे जितनी मर्जी बात करा लो खुद कुछ करता नहीं है। जब मैं वकार (यूनिस) सहित पाकिस्तानी कोचों को देखता हूं, जो कई बार कोच रह चुके हैं। और मैं उनके साथ हुआ हाल देखता हूं कि आप (क्रिकेटर) लोग किस तरह बदतमीजी करते हैं अपने कोचों से। यह बदतमीजी मेरे से बर्दाश्त नहीं होगी। वनडे में 500 विकेट लेने वाले अकरम ने कहा कि वह टीम के लिए जरूरत पड़ने पर मुफ्त में भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान क्रिकेट की मदद करना चाहता हूं। आपको मुझे भुगतान क्यों करना होगा? मैं निःशुल्क उपलब्ध हूं। जब भी आप मुझे शिविर के लिए बुलाओगे, मैं आऊंगा। अगर आप मुझे किसी टूर्नामेंट में शामिल करेंगे तो मैं खिलाड़ियों के साथ समय बिताऊंगा। लेकिन मैं 58 साल का हूं। मेरा एक परिवार है, एक 10 साल की बेटी। मेरे दो लड़के हैं। मैं उनके साथ समय बिताना चाहता हूं। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, जब भी मेरे पास समय होता है, मैं बच्चों के लिए शिविर आयोजित करने के लिए हमेशा उपलब्ध रहता हूं, यहां तक निःशुल्क भी। मैं चला जाऊंगा, पाकिस्तान टीम का कोई टूर्नामेंट आ रहा है, उनका कैंप लगता है, मैं आ जाऊंगा। ये मैं कर सकता हूं लेकिन ऐसी बेइज्जती नहीं करा सकता इस उमर में।

# डब्ल्यूपीएल : गार्डनर के अर्धशतक से गुजरात जायंट्स ने आरसीबी को हराया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कप्तान एश्ले गार्डनर के शानदार अर्धशतक से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीतकर गुजरात ने आरसीबी को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। आरसीबी ने 7 विकेट पर 125 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले इस लक्ष्य को गुजरात ने 17 ओवरों में ही 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

गुजरात की ओर से गार्डनर ने 58 जबकि लिचफील्ड ने 30 रन बनाए। आरसीबी की ओर से रेणुका ठाकुर और जॉर्जिया वेयरहम ने दो-दो विकेट लिए। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 25 रनों पर ही 3 विकेट खो दिए। कप्तान स्मृति मंधाना भी 10 रन ही बना पायीं। वहीं डैनी व्याट केवल 4 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयीं। एलिस पेरी भी शून्य पर ही आउट हो गयीं। इसके बाद राघवी बिष्ट ने 22 और कनिका अहुजा ने 33 रन बनाकर स्कोर 70 रनों के ऊपर पहुंचाया। ऋचा घोष ने 9 रन बनाये। जॉर्जिया वेयरहम ने 20 और किम गार्थ ने 14 रन बनाकर स्कोर किसी प्रकार 125 रनों तक पहुंचाया। वहीं गुजरात की ओर से डिएंड्रा डॉटिन और तनुजा कंवर ने 2-2 खिलाड़ियों को आउट किया। एश्ले गार्डनर और काशवी गौतम को 1-1 विकेट मिला।




इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजराज ने 17वें ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। उसने 66 रनों पर ही तीन विकेट हो दिये। बेथ मूनी 17, दयालन हेमलता 11 और हरलीन देओल 5 रन बनाकर पेवेलियन लौटीं। इसके बाद गार्डनर ने फिर फीब लिचफील्ड के साथ पारी संभाली और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाय। गार्डनर और लिचफील्ड के बीच 51 रन की साझेदारी हुई। गुजरात को इस सत्र में अपनी दूसरी जीत मिली है। इस प्रकार टीम चार अंक लेकर तालिका में 5वें नंबर पर है।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले खिलाड़ियों को अभ्यास का अवसर देगा बीसीसीआई !

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम को इस दौर पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है ।इस सीरीज की तैयारी का अवसर भारतीय बोर्ड बीसीसीआई आईपीएल के दौरान देगा। अभी भारतीय टीम दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 खेल रही है। इसके बाद वह आईपीएल खेलेगी। इस साल की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने सफेद गेंद वाली क्रिकेट खेली है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई आईपीएल सत्र के दौरान खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट, लाल गेंद के प्रारूप से जुड़े रहने के लिए एक योजना पर काम कर रहा है ।ऐसी संभावना है कि खिलाड़ियों को लाल गेंद के अभ्यास सत्र में भाग लेने के लिए भी कहा जा सकता है, क्योंकि इंग्लैंड का दौरा अहम है। वहीं जो टीमें आईपीएल में आगे नहीं जाएंगी उनमें शामिल टेस्ट खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए कहा जाएगा ।आईपीएल 22 मार्च से 25 मई तक चलेगा ।इसके करीब 25 दिन बाद से भारतीय टीम को इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

# पाक सरकार टीम की हार के कारण पता लगाएगी : सनाउल्लाह



लाहौर ।आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम के बाहर होने से देश भर में निराशा और गुस्से का माहौल है । इसी को देखते हुए प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार, राणा सनाउल्लाह ने सरकार इस बार का पता लगायेगी कि टीम शुरुआत में ही कैसे बाहर हो गयी । सनाउल्लाह ने बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर ध्यान देंगे । इस मामले को संसद में भी उठाया जाएगा । सनाउल्लाह ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) एक स्वतंत्र निकाय है और अपने फैसले स्वयं ले सकता है, वह व्यक्तिगत रूप से प्रधान मंत्री शहबाज से इस मुद्दे को कैबिनेट और संसद में उठाने का आग्रह करेंगे । उन्होंने कहा कि यह मामला केवल चेयरमैन की नियुक्ति तक ही सीमित नही है । वही पीसीबी अधिकारियों के वेतन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उच्च पदस्थ अधिकारियों को प्रति माह 5 मिलियन रुपये तक दिये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से अनजान हैं और उन्हें अपने कर्तव्यों को पूरा किए बिना ही पैसे दिये जा रहे हैं । सनाउल्लाह ने कहा कि इस टूर्नामेंट के लिए हमने 12 से 14 अरब रुपए खर्च किए पर टीम अपमानजनक तरीके से बाहर हो गयी । मुझे इस बात का बहुत दुख है । हमारे देश में ही दुनिया क्रिकेट खेलेगी और हम केवल देखेंगे । साथ ही कहा कि जितना ध्यान स्टेडियम बनाने में लगाया उतना टीम पर लगाया होता तो ये हालत नहीं होती ।

# शुभमन गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है : शिखर धवन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को लगता है कि शानदार फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है। यह युवा खिलाड़ी मौजूदा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में है। गिल ने शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद शतक के साथ की जबकि कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 46 रनों की पारी खेली। दो मैचों में 147 रन के साथ वह विराट कोहली (122 रन) से आगे हैं और भारत के शीर्ष स्कोरर हैं।

धवन ने कहा, 'मुझे शुभमन गिल की बल्लेबाजी बहुत पसंद है, यह बहुत ही उत्तम दर्जे की है और उनकी बल्लेबाजी में लालित्य है। और उनमें निरंतरता है; यह देखकर अच्छा लगता है कि उनमें इतना पेशेवरपन है। युवा लड़के हैं, वे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाना जानते हैं और लगातार रन बना रहे हैं। रोहित को युवाओं के साथ खेलना अच्छा लगता है और वह अपने कई सालों के अनुभव को उनके साथ साझा करते होंगे। मुझे यकीन है कि वह उनकी पीठ थपथपाते होंगे और उन्हें बताते होंगे कि किसी भी परिस्थिति में कैसे खेलना है। ये छोटी-छोटी बातें बहुत महत्वपूर्ण हैं।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी के बावजूद धवन ने कहा कि उनकी कमी खलेगी, लेकिन उन्होंने कहा कि हर्षित राणा के लिए वनडे टीम में अपनी जगह पक्की करने का यह एक बड़ा मौका है। राणा ने टूर्नामेंट में अब तक चार विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा, 'जसप्रीत बुमराह एक बहुत बड़ा नाम है, एक बहुत बड़ा गेंदबाज है। वह वहां लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बेशक, उसकी मौजूदगी की बहुत कमी खल रही थी। कोई कुछ कहे या न कहे, मुझे 100ब लगता है कि उसकी मौजूदगी बहुत महत्वपूर्ण है। हर्षित राणा के लिए यह एक बहुत अच्छा मंच है। उसके पास जुनून और आक्रामकता है, और मुझे उसका विकेट लेने का तरीका पसंद है। उसके लिए यह एक शानदार मौका है, रोहित और विराट का मार्गदर्शन भी है। उसे उनसे सीखना चाहिए और इस मौके का फायदा उठाना चाहिए।'



# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्या नीतीश कुमार डरे?

## अपने काम गिनाने के साथ बार-बार याद दिला रहे लालू का जंगल राज

**पटना (एजेंसी)।** इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी बिसात बिछ चुकी है। सत्तारूढ़ गठबंधन को एक बार फिर अपने किए गए के कामों पर ही ज्यादा भरोसा है। लालू यादव के राज को जिस तरह जंगल राज का नाम दिया गया है उसे निशाने पर रखकर पिछले कई चुनाव एनडीए जीत चुका है। एक बार फिर उसी को भुनाने की तैयारी है। अब देखना है कि ये कहां तक सही साबित होती है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी हफ्ते भागलपुर में एक सभा में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के शासनकाल को 'जंगल राज' बताते हुए हमला किया था। नीतीश कुमार तो हर मंच पर जंगल राज को याद कराते रहते हैं। पीएम मोदी के साथ सभा में उपस्थित नीतीश कुमार ने कहा था कि मुझे उम्मीद है कि आपको याद होगा कि जब हम बिहार 2005 में सत्ता में आए थे, तब क्या स्थिति थी। सूर्यास्त के बाद कोई भी घर से बाहर नहीं निकलता था। जाहिर है कि एनडीए एक बार फिर जंगल राज को फिर से मुद्दा बनाकर जनता के डर को भुनाना चाहती है लेकिन क्या 20 साल बाद भी आम लोग लालू के कार्यकाल की गलतियों को आधार बनाकर वोटिंग करेंगे?

क्या एनडीए सरकार के पास अपनी उपलब्धियां कम हैं जो उसे एक बार फिर नकारात्मक कैंपेन जो 20 साल पहले की बात है उस पर भरोसा करना पड़ रहा है? आखिर 20 सालों से प्रदेश के सीएम नीतीश कुमार सत्ता में हैं। क्या इतना समय जनता के बीच बताने के लिए काफी नहीं होता है? फिर अब तो बीजेपी भी साथ में हैं। केंद्र सरकार के साथ मिलकर बिहार में डबल इंजन की सरकार चल रही है। राज्य सरकार में दो-डिप्टी सीएम बीजेपी के ही हैं, फिर आखिरकार लालू राज का नाम क्यों लिया जा रहा है? आखिर बीजेपी ने ये देख लिया है कि अब नेगेटिव कैंपेन का असर जनता पर नहीं हो रहा है।

दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीतने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही रहा है। बीजेपी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में ध्रुवीकरण की राजनीति के बजाय एक सूत्रीय विकास की बातें की थी, जिसका असर हुआ और लोगों ने बीजेपी को आम आदमी पार्टी के मुकाबले तरजीह दी और बीजेपी को जीत हासिल हुई। ऐसा भी नहीं है कि नीतीश के नाम उपलब्धियां नहीं हैं। नीतीश सरकार के नेतृत्व में कानून व्यवस्था आज भी पहले की तुलना में बेहतर है। यही कारण है कि कभी बिहार से बड़े डॉक्टर्स ने पलायन कर दिया था। आज मेदान्ता और पारस जैसे बड़े हॉस्पिटल ग्रुप बिहार पहुंच रहे हैं। बिहार में विदेशी सैलानियों की बढ़ती संख्या बताती है कि बिहार में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। 2023 की तुलना में 2024 में करीब 2 लाख विदेशी पर्यटक बिहार पहुंचे। बिहार में विदेश निवेश में भी



लगातार बढ़ रहा है। पावर सप्लाई भी पिछले कुछ सालों में बहुत बेहतर हुई है।

सात महीनों के अंतराल में आए दो केंद्रीय बजटों में बिहार के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश की झड़ी लगा दी है, जिसमें राजमार्ग, हवाई अड्डे, बाढ़ नियंत्रण और पर्यटन विकास जैसी योजनाएं शामिल हैं। हालांकि विपक्ष बार-बार नीतीश सरकार पर विशेष राज्य की मांग पूरी न करा पाने के लिए दबाव डालता रहता है।

## जेपी नड्डा ओडिशा दौरे पर, एनएचएम कार्यक्रम में करेंगे शिरकत



भुवनेश्वर। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा अपने दो दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचे हैं। इस दौरान वह पुरी में आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एक विशेष कार्यक्रम में आज शामिल होंगे। जेपी नड्डा जब भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, तो मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

**पुरी में होगा राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन**

भाजपा प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष बिरंची नारायण त्रिपाठी ने बताया कि नड्डा पहले कोणार्क रवाना हुए, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। कार्यक्रम के अनुसार, वह शुक्रवार को पुरी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित नौवें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वह 16वें 'कॉमन रिव्यू मिशन' की रिपोर्ट का भी अनावरण करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और बेहतर बनाना है।

## पत्थरबाजी के झूठे आरोप में फंसी फरहाना, 87 दिन बाद जेल से रिहा

संभल। 26 नवंबर को संभल हिंसा के दौरान पत्थरबाजी के आरोप में गिरफ्तार की गई 48 वर्षीय फरहाना को 87 दिनों बाद जेल से रिहा कर दिया गया। जांच में पाया गया कि फरहाना का वजन 120 किलोग्राम है, जिससे वह छत पर चढ़कर पत्थर फेंकने में सक्षम नहीं थी। पुलिस ने फरहाना पर दंगा, हत्या के प्रयास, सार्वजनिक सेवक पर हमले जैसी कई गंभीर धाराएं लगाई थीं। लेकिन स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की जांच में सामने आया कि सोशल मीडिया पर दिखी महिला की बनावट फरहाना से मेल नहीं खाती थी। जांच के दौरान यह भी पता चला कि फरहाना की पड़ोसी जिकरा से पुरानी दुश्मनी थी, जिसने उसे झूठे आरोप में फंसाया। जिकरा ने अपनी बहन को बचाने के लिए फरहाना का नाम लिया था। फरहाना की रिहाई के बाद उसके परिवार ने राहत की सांस ली, लेकिन जेल में बिताए गए समय की यादें उसे अब भी परेशान कर रही हैं। इस मामले में एसआईटी ने निष्पक्ष जांच का दावा किया है और झूठे बयान देने वाली जिकरा के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। यहां बताते चलें कि संभल हिंसा में कुल 26 गिरफ्तारियां हुई थीं, जिनमें से 25 पर आरोप तय हुए, लेकिन फरहाना के खिलाफ कोई सबूत न मिलने पर उसे रिहा कर दिया गया।

## माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए खुशखबरी : वंदे भारत चलेगी 7 मार्च से

जम्मू। दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, जो जम्मू रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण कार्यों के चलते अस्थायी रूप से बंद थी, अब 7 मार्च से फिर से शुरू होने जा रही है। यह सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन जम्मू रेलवे स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कुछ दिनों के लिए बंद कर दी गई थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, 6 मार्च तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 7 मार्च से वंदे भारत एक्सप्रेस फिर से अपनी सेवाएं बहाल करेगी।

**रेलवे ने दी यात्रियों को सलाह-** रेलवे प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इस सूचना का ध्यान रखना चाहिए। यदि किसी यात्री को अधिक जानकारी चाहिए या अन्य ट्रेनों के शेड्यूल के बारे में जानना हो, तो वे रेलवे स्टेशन या रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

**अब यात्रा होगी आसान-** वंदे भारत एक्सप्रेस के फिर से शुरू होने से माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे दिल्ली और कटरा के बीच यात्रा पहले की तरह तेज और सुविधाजनक हो जाएगी।

## संभल में शाही जामा मस्जिद में नहीं होगी रंगाई-पुताई

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में विवादित धर्मस्थल शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई नहीं होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला दिया है। एएसआई की टीम को केवल सर्वेक्षण और सफाई करने की अनुमति दी गई है। कोर्ट के निर्देश पर 3 सदस्यीय टीम मस्जिद के सर्वे के लिए पहुंची थी, सर्वे टीम ने यहां अपनी रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट के आधार पर हाई कोर्ट ने रंगाई-पुताई नहीं करने का फैसला दिया है। दरअसल, संभल मस्जिद समिति की ओर से इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक सिविल रिवीजन याचिका दाखिल हुई थी। इसमें मस्जिद में रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी गई थी। इस पर अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था। मस्जिद कमेटी से साफ तौर पर कहा कि वे इस समय केवल सफाई कार्य करवा सकते हैं। एएसआई ने कोर्ट को अपनी जॉइंट इंस्ट्रक्शन रिपोर्ट सौंप कर बताया कि मस्जिद की वर्तमान स्थिति में किसी भी तरह की रंगाई-पुताई की जरूरत नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार मस्जिद में कोई ऐसी संरचनात्मक समस्या नहीं है, जिसके लिए मरम्मत या फिर रंगाई करने की आवश्यकता हो।

## दिल्ली पुलिस ने निजामुद्दीन इलाके से एक संदिग्ध आतंकवादी परवेज को उठाया

नई दिल्ली। कश्मीर और दिल्ली पुलिस ने निजामुद्दीन इलाके में स्थित फजार रेजीडेंसी और गेस्ट हाउस से एक संदिग्ध आतंकवादी परवेज अहमद खान को गिरफ्तार किया। फजर रेजीडेंसी के मैनेजर मोहम्मद शमी ने बताया कि एक रात पहले कश्मीर और दिल्ली पुलिस आई थी। हमारे एक कमरे में दो मेहमान ठहरे थे, एक का नाम परवेज और दूसरे का नाम फारुक था। पुलिस ने परवेज को होटल के बाहर से उठाया। फजर रेजीडेंसी के मैनेजर ने दावा किया कि ये दोनों कश्मीर से हैं। परवेज ने बताया था कि वह घूमने के लिए दिल्ली आये थे। 12 फरवरी की रात करीब 11 बजे परवेज आया। उसका दोस्त फारुक अभी भी हमारे कमरे में रहता है। हमें नहीं पता कि वह 12वीं से 26वीं तारीख तक कहां गए। हमें नहीं पता कि वह कहां जाता था और क्या करता था। हमारे गेस्ट हाउस में भी कोई उनसे मिलने नहीं आया। अगर कोई आता है तब उसके लिए हमारे पास विजिटर एंट्री होती है। परवेज़ के एक कारोबारी दोस्त मोहम्मद फारुक ने कहा कि मैं परवेज को 5-6 साल से जानता हूँ, मेरा उससे आर्थिक लेन-देन है। हमारा शॉल का कारोबार है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस आई तब मुझे और परवेज़ को थाने ले गई, हम दोनों से पूछताछ की गई, पूछताछ के बाद कश्मीर पुलिस परवेज को ले गई और मुझे छोड़ दिया। मुझे कभी नहीं लगा कि वह किसी आतंकवादी गतिविधि में शामिल था।

## गडचिरौली में 18 लाख के इनामी दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

गडचिरौली। महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गडचिरौली जिले में 18 लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। आत्मसमर्पण करने वालों में भामरागढ़ स्थानीय संगठन दस्ते (एलओएस) की डिवीजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम) कांता उर्फ कंटक्का उर्फ मंडी गालू पल्लो (56) और सुरेश उर्फ वारलू इरपा मज्जी (30) शामिल हैं।

## अच्छे लोगों के साथ होना ही संपन्न होना है : ईशा पाठक

**बिहार (एजेंसी)।** सन नियो अपने नए शो ह्यरिश्तों से बंधी गौरीह्ल की घोषणा कर चुका है और इसकी स्टार कास्ट को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। इस शो की मुख्य भूमिका में इशा पाठक नजर आएंगी, जो गौरी का किरदार निभाएंगी। दमदार अदाकारी के लिए पहचानी जाने वाली इशा ने हाल ही में अपने किरदार और इसके प्रति अपने जुड़ाव को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें बताई। अपने किरदार गौरी के बारे में बात करते हुए इशा पाठक ने कहा,ՙगौरी मेरे लिए बहुत खास किरदार है क्योंकि वह प्रेम, धैर्य और आस्था से भरपूर है। वह मानती है कि रिश्ते ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं और परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, अगर सही लोग आपके साथ हैं, तो आप वास्तव में समृद्ध हैं। वह एक साधारण परिवार से आती है, फिर भी कभी शिकायत नहीं करती और न ही उम्मीद खोती है। वह माँ पार्वती की भक्त है और उन्हें अपनी मां मानती है, जिससे उसे हर चुनौती को एक मुस्कान के साथ स्वीकार करने की शक्ति मिलती है। मुझे पसंद है कि वह हर परिस्थिति को सकारात्मक घटना से जोड़ती है और इस विश्वास में जीती है कि माता पार्वती हमें वही देती हैं जिसकी सच में आवश्यकता होती है, न कि केवल वह जो हम चाहते हैं। इशा ने आगे कहा,ՙगौरी का किरदार निभाना मेरे लिए एक भावनात्मक और प्रेरणादायक सफर है। वह हर परिस्थिति में अच्छाई देखती है और दिव्य प्रेम पर विश्वास रखती है। कठिनाइयों से घिरी होने के बावजूद वह अपनी विनम्रता और सकारात्मकता को कभी खोने नहीं देती। मुझे यह बात बहुत पसंद है कि वह हर संघर्ष को एक अवसर की तरह देखती है, यह मानकर कि यह केवल विश्वास की परीक्षा है। गौरी की शक्ति लड़ाई लड़ने में नहीं, बल्कि प्रेम और विश्वास के साथ उन्हें सहने में है। मैं उम्मीद करती हूँ कि दर्शक उसकी मासूमियत, रिश्तों में उसकी अटूट आस्था और उसके जीवन को देखने के सुंदर दृष्टिकोण से खुदको जोड़ पाएंगे। अभिनेत्री ईशा पाठक ह्यरिश्तों से बंधी गौरी शो में गौरी की प्रेरणादायक यात्रा को जीवंत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आस्था, प्रेम और रिश्तों की ताकत से भरपूर इस अनोखी कहानी का साक्षी बनने के लिए तैयार हो जाइए, सिर्फ सन नियो पर!

## 15 मार्च तक बीजेपी को मिल जाएगा जेपी नडडा का उत्तराधिकारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने शानदार जीत हासिल की है। अब हर किसी के मन में बस एक ही सवाल है कि बीजेपी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम को लेकर संशय बना हुआ है। लेकिन इस बीच एक बड़ी खबर आई है कि अध्यक्ष का नाम 15 मार्च से पहले घोषित हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक ऐलान अगले दो हफ्ते के अंदर हो सकता है। पार्टी के संगठनात्मक चुनाव 12 राज्यों में पूरे हो चुके हैं और बताया जा रहा है कि अध्यक्ष का नाम 15 मार्च से पहले घोषित किया जा सकता है। उसके बाद हिन्दू कैलेंडर के अनुसार अशुभ अवधि शुरू होती है।

बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव के लिए करीब आधे राज्यों में संगठनात्मक चुनाव होना जरूरी है। इसके पहले, बूथ, मंडल और जिला स्तर पर चुनाव होते हैं। अभी 36 राज्यों में से सिर्फ 12 में ही चुनाव पूरे हुए हैं। इसलिए करीब 6 और राज्यों में चुनाव कराने की जरूरत है। बीजेपी उन राज्यों में इस प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा रही है जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें तमिलनाडु, बंगाल, असम और गुजरात शामिल है। बिहार में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं।

बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार का चयन कई बातों को ध्यान में रखकर किया जाएगा। सबसे जरूरी है कि उम्मीदवार को सभी का समर्थन हासिल हो, इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी शामिल है। साथ ही उम्मीदवार को संगठनात्मक मूल्यों से ओतप्रोत होना चाहिए। पार्टी जातिगत समीकरण, उत्तर-दक्षिण भाषा विवाद, परिसीमन और सबसे महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में अपने जनाधार को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पार्टी को झटका लगा था, जिससे उसे सदन में पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका था। जेपी नड्डा ने 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पार्टी की जिम्मेदारी संभाली थी। जनवरी 2020 में, उन्हें सर्वसम्मति से बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया और उन्होंने वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पदभार ग्रहण किया। लोकसभा चुनाव को देखकर उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। मोदी सरकार में शामिल होने के साथ, पार्टी उनके उत्तराधिकारी के लिए संभावित उम्मीदवारों की तलाश कर रही है। लेकिन यह प्रक्रिया धीमी रही है, क्योंकि नेता इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। कई नामों पर चर्चा हो रही है, लेकिन पार्टी किसी भी नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रही है।

## असम में कांग्रेस की बैठक, आगामी चुनाव में बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस को अगले साल होने वाले असेंबली चुनावों को लेकर जिन दो राज्यों से उम्मीद हैं, उनमें असम और केरल प्रमुख है। इन राज्यों में सत्ता वापसी की बात हो रही है। असम चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के नए मुख्यालय में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश नेताओं से गुरुवार को बैठक की, जिसमें कई पहलुओं पर चर्चा की गई। असम नेताओं के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद थे।

वहीं दूसरी ओर असम के प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र बोरा, लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, सांसद रकीबुल हुसैन, सीएलपी लीडर देवब्रत सैकिया, प्रदेश के सीनियर लीडर प्रदीप बारदोलोई समेत कई लोग शामिल थे।



बैठक के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा- आज कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के नेतृत्व में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुआ। असम ने भ्रष्टाचार और नफरत की राजनीति को हटाने और कांग्रेस के साथ मोहब्बत और प्रगति की राजनीति को गले लगाने का मन बना लिया है।

वही बैठक खत्म होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार बोरा ने कहा कि असम से जुड़े अहम मुद्दों और रणनीति को लेकर शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की, जहां असम के सीनियर नेता और तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने एकसुर से संकल्प लिया कि हम एकजुट होकर आने वाले चुनाव में असम से बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। बोरा ने सीएम हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरमा देश के सबसे भ्रष्ट सीएम हैं और हमने उनके भ्रष्टाचार से जुड़े तमाम सबूत अपने शीर्ष नेतृत्व के सामने रख दिए हैं।

## हिमाचल, उत्तराखंड और कश्मीर में भारी बर्फबारी, जनजीवन प्रभावित

- **सड़कों पर बर्फ जमा होने के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित**
- **कई ग्रामीण इलाकों का संपर्क कटा**
- **गंगोत्री में 4 फीट तक बर्फ, स्कूलों में छुट्टी**



**नई दिल्ली/ शिमला/ देहरादून/ श्रीनगर (एजेंसी)।** उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी और बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और कश्मीर के कई इलाकों में बीते तीन दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है, जिससे कई सड़कें बंद हो गई हैं और स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा (भरमौर-पांगी) और किन्नौर जिले में भारी बर्फबारी के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़कों पर बर्फ जमा होने के कारण वाहनों की आवाजाही संभव नहीं है, जिससे कई ग्रामीण इलाकों का संपर्क कट गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक ठंड बढ़ने और बर्फबारी जारी रहने की संभावना जताई है। प्रशासन ने जरूरी सेवाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं और लोगों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

उत्तराखंड में भी मौसम का कहर जारी है। खासतौर पर गंगोत्री और यमुनोत्री क्षेत्र में 4 फीट तक बर्फबारी दर्ज की गई है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान माइनस डिग्री तक पहुंच गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पहाड़ों में रहने वाले लोगों को खाद्य सामग्री और ईंधन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम में भी भारी बर्फबारी हो रही है। कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 बंद हो गया है, जिससे जम्मू से श्रीनगर का संपर्क टूट गया है। श्रीनगर और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम और बिजली कटौती जैसी समस्याएं सामने आई हैं।

हालांकि, बर्फबारी के चलते पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है। शिमला, मनाली, मसूरी और गुलमर्ग में पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। प्रशासन ने पर्यटकों से सतर्क रहने और मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर यात्रा करने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों तक हिमाचल, उत्तराखंड और कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी जारी रह सकती है। साथ ही मैदानी इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना भी जताई गई है। प्रशासन ने सभी जरूरी सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा है और बचाव दल तैनात किए गए हैं। जनता से अपील है कि मौसम को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन की सलाह का पालन करें।

## मैं हिंदू हूं, इसलिए शिवरात्रि कार्यक्रम में गया: डीके शिवकुमार

- **अमित शाह की मौजूदगी से शुरू हुआ था विवाद**
- **कर्नाटक कांग्रेस में गहराये मतभेद**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और डिप्टी मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और पार्टी के अन्य नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं। हाल ही में शिवकुमार के ईशा फाउंडेशन के महाशिवरात्रि कार्यक्रम में जाने को लेकर कांग्रेस में अंदरूनी बहस छिड़ गई है।

गौरतलब है की 26 फरवरी को कोयंबटूर में ईशा फाउंडेशन की ओर से महाशिवरात्रि समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए थे। शिवकुमार की इस कार्यक्रम में उपस्थिति पर, ट्रस्ट के सचिव पीवी मोहन ने सवाल उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, शिवकुमार उस व्यक्ति के निमंत्रण पर गए, जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मजाक उड़ाता है। उनका इशारा



ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की ओर था।

इस आलोचना का जवाब देते हुए डीके शिवकुमार ने कहा, मैं एक हिंदू हूं। मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ और हिंदू के रूप में मरूंगा, लेकिन मैं सभी धर्मों से प्यार करता हूं और उनका सम्मान करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि वे महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा करने के लिए इस कार्यक्रम में गए थे, राजनीति करने के लिए नहीं। इस मुद्दे ने कांग्रेस पार्टी के अंदर मौजूद विभाजन को उजागर कर दिया है। कुछ नेता शिवकुमार के इस कदम को निजी आस्था का मामला बता रहे हैं, जबकि कुछ इसे पार्टी लाइन के खिलाफ मान रहे हैं। कांग्रेस की राज्य इकाई पहले भी हिंदुत्व से जुड़े मुद्दों पर दो गुटों में बंटी रही है।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर खींचतान की खबरें आती रही हैं। शिवकुमार के इस बयान के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि वे राज्य में हिंदू वोट बैंक को मजबूत करने की रणनीति बना रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विवाद जल्द थमने वाला नहीं है। कांग्रेस के अंदरूनी मतभेद राज्य में सत्ता संतुलन को प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले दिनों में पार्टी आलाकमान इस मुद्दे पर डीके शिवकुमार और अन्य नेताओं को तलब कर सकता है।

**भाजपा ने साधा निशाना**

शिवकुमार के बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हिंदू आस्था का अपमान करती है और उनके ही नेताओं को कटघरे में खड़ा करती है। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि कांग्रेस के अंदर हिंदू विरोधी मानसिकता हावी है।

## कई कठिनाईयों से जूझने के बाद भारतीय स्किल वर्कर्स को मिलता है अमेरिकी वीजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका में नौकरी करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए अंग्रेजी दक्षता परीक्षा एक बड़ी चुनौती बन रही है। हाल ही में एक नए सर्वे में बताया गया कि कई भारतीय टेस्ट देने वालों को डर लगता है कि उनके स्कोर उनकी स्किल के बजाय एक्सेंट (भाषा बोलने का तरीका), रंग और यहां तक कि कपड़े पहनने के तरीकों जैसे फैक्टर्स से प्रभावित हो सकते हैं।

भारतीय स्किल प्रोफेशनल्स के लिए अमेरिका हमेशा से पसंदीदा देश रहा है। 2023 में एच-1बी वीजा के अकेले 72 प्रतिशत भारतीयों को दिए गए। एच-1बी वीजा मिलन से करियर में ग्रोथ का गोल्डन टिकट तो मिल जाता है, लेकिन इस वीजा को पाना आसान नहीं होता है। भारतीय स्किल वर्कर्स को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं में से एक अंग्रेजी दक्षता परीक्षा है। वैसे यूएससीआईएस की तरफ से एच-1बी वीजा देने के लिए कोई टेस्ट स्कोर नहीं मांगा जाता है। अमेरिका में नौकरी करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए अंग्रेजी दक्षता परीक्षा एक बड़ी चुनौती बन रही है। हाल ही में एक नए सर्वे में बताया गया कि कई भारतीय टेस्ट देने वालों को डर लगता है कि उनके स्कोर उनकी स्किल के बजाय एक्सेंट (भाषा बोलने का तरीका), रंग और यहां तक कि कपड़े पहनने के तरीकों जैसे फैक्टर्स से प्रभावित हो सकते हैं। सर्वे में 1000 भारतीय टेस्ट देने वाले लोगों ने हिस्सा लिया और उन्होंने अपनी चिंताएं बताईं।

दरअसल, भले ही यूएससीआईएस एच-1बी वीजा देने के लिए कोई टेस्ट स्कोर नहीं मांगे, लेकिन कई अमेरिकी कंपनियां अच्छी अंग्रेजी बोलने और समझने वाले लोगों को ही नौकरी देती हैं। खासकर साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स, हेल्थकेयर और कानून जैसे क्षेत्रों में तो यह और भी जरूरी है। सर्वे में बताया गया है कि 62 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को लगता है कि अगर कोई इंसान उनकी परीक्षा ले रहा है, तो उनका एक्सेंट उनके खिलाफ जा सकता है। ये उनकी चिंताओं को उजागर कर रहा है।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातु, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**